भाद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 196, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गाजा में बंधकों के शव बरामद किए गए 14
कपूर खानदान में एक्टिंग के लिए रोक नहीं थी : करिश्मा 13





मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी गणपति बप्पा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बार भी पुराने उत्साह और उमंग के साथ गणेश उत्सव मनाया जाएगा। रविवार को वर्कशॉप से गणपति की मूर्ति पंडाल ले जाते श्रद्धालु।

# अधिक भाषाएं जानने वाले ब्रेन इंजरी के मरीज जल्दी होते हैं ठीक

## जीएसवीएसएस-पीजीआई के न्यूरो साइंस विभाग में शोध से सामने आया महत्वपूर्ण तथ्य

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार:** एक से अधिक भाषा बोलने या लिखने वाले ब्रेन इंजरी के मरीज अन्य मरीजों की तुलना में जल्दी स्वस्थ होते हैं। यह चौंकाने वाला खुलासा जीएसवीएसएस-पीजीआई के न्यूरो साइंस विभाग के शोध में सामने आया है।

ब्रेन इंजरी के गंभीर मरीजों पर किए गए अध्ययन के मुताबिक कई भाषाओं के जानकार मरीज अधिकतम 8 दिनों में दोबारा बोलने लगे और डेढ़ से 2 माह में स्वस्थ हो गए, जबकि सिर्फ एक भाषा का ज्ञान रखने वाले मरीजों को पूर्ण स्वस्थ होने में 3 से 6 माह समय लग गया।



जीएसवीएसएस पीजीआई के न्यूरो साइंस विभाग में ब्रेन की समस्या से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें कई मरीज ऐसे होते हैं, जो एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान रखते हैं। ब्रेन इंजरी से पीड़ित ऐसे 150 मरीजों पर न्यूरो साइंस विभागाध्यक्ष और पीजीआई के नोडल अधिकारी प्रो.मनीष सिंह की देखरेख में शोध किया गया। दो साल तक चले अध्ययन में मरीजों को समूह में बांटकर उनकी रिकवरी स्पीड को गहनता से मॉनीटर किया गया। इस दौरान पाया गया कि एक भाषा जानने वालों की अपेक्षा दो या अधिक भाषाएं जानने वालों का ब्रेन अधिक सक्रिय होता है। ऐसे मरीज ब्रेन इंजरी से डेढ़ से 2 माह में उबर गए, जबकि सिर्फ एक भाषा का ज्ञान रखने वाले मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ होने में 3 से 6 माह तक का समय लग गया।

शोध में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, बांग्ला, पंजाबी, उड़िया, कन्नड़ भाषा जानने वाले मरीजों के साथ भोजपुरी, अवधी, बुंदेली बोली बोलने वाले मरीज भी शामिल रहे। जो मरीज अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा बोलने में सक्षम थे, उनका दिमाग ज्यादा सक्रिय और रिकवरी अपेक्षाकृत तेज दर्ज की गई। ब्रेन इंजरी से उबरते ही उन्होंने मातृभाषा में दोबारा बोलना शुरू कर दिया।

### दिमाग में भाषाएं स्टोर करने का सिस्टम



पीजीआई के नोडल अधिकारी प्रो .मनीष सिंह के अनुसार शोध में पाया गया कि ब्रेन के पास अलग-अलग भाषाएं स्टोर करने का सिस्टम होता है। भाषाओं के साथ दिमाग का स्वभाविक विकास होता है और वह इसे सक्रिय या उत्तेजित करती हैं।

### महिलाओं की तुलना में पुरुषों की रिकवरी रफ्तार तेज

चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक ब्रेन इंजरी से ग्रस्त महिला की तुलना में पुरुष जल्दी ठीक होते हैं। यह भी नया तथ्य शोध में सामने आया है। न्यूरो साइंस विभाग के इस शोध को एशियन जर्नल ऑफ न्यूरो सर्जरी में प्रकाशित करने के लिए चयनित किया गया है।

## एक नजर

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 39 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी से 1 सितंबर 2024 से दिल्ली में 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1691.50 रुपये में उपलब्ध होगा। इससे पहले इस वर्ष जुलाई में तेल विपणन कंपनियों ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की थी।

### त्रिपुरा में बांग्लादेश के सात घुसपैठिए गिरफ्तार

**अगरतला।** बिना वैध दस्तावेजों के त्रिपुरा में घुसे पांच बांग्लादेशियों और रोहिंग्या समुदाय के दो लोगों को राज्य के दो अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश में कॉक्स बाजार रोहिंग्या शिविर में रह रहे थे। अगरतला जीआरपी पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने कहा कि रमजान अली और आजिदा बेगम ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार की। दोनों की ट्रेन से कोलकाता जाने की योजना थी।

### बम की धमकी के बाद नागपुर भेजा इंडिगो विमान

**मुंबई।** बम की धमकी के बाद रविवार को जबलपुर से हैदराबाद जा रही इंडिगो की एक उड़ान को महाराष्ट्र के नागपुर की ओर मोड़ दिया गया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो ने बताया कि फ्लाइट को खाली करा लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि जबलपुर से हैदराबाद जाने वाली उड़ान 6ई 7308 को बम की धमकी के कारण नागपुर की ओर मोड़ दिया था।

# शोरूम में मिर्च स्प्रे कर पांच करोड़ के जेवर लूटे

## हरिद्वार के ज्वैलरी शोरूम में दिनदहाड़े डाला डाका, फायरिंग



हरिद्वार में रानीपुर मोड़ के पास बालाजी ज्वैलर्स के शोरूम को डकैतों ने बनाया निशाना। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून/हरिद्वार

**दुस्साहस**
- भीड़भाड़ वाले रानीपुर मोड़ पर भरी दोपहर वारदात से हड़कंप
- पांच हथियारबंद बदमाशों ने शोरूम में बोला धावा

**अमृत विचार :** धर्मनगरी हरिद्वार में दिनदहाड़े ज्वैलरी शोरूम में हथियारबंद डकैतों ने डाका डाला। फायरिंग करते शोरूम में घुसे बदमाशों ने मिर्च वाला स्प्रे डाला और चंद मिनट में करीब पांच करोड़ रुपये के जेवर लेकर फरार हो गए। दोपहर करीब डेढ़ बजे भीड़-भाड़ वाले इलाके रानीपुर मोड़ पर हुए हादसे से हड़कंप मच गया है।

रानीपुर मोड़ के पास बालाजी ज्वैलर्स है। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब डेढ़ बजे पांच हथियारबंद बदमाशों ने शोरूम में धावा बोल दिया। बदमाशों ने शोरूम के स्टाफ और वहां मौजूद लोगों पर मिर्च वाला स्प्रे उड़ाया और फिर तमंचों से फायरिंग कर दहशत फैला दी। लोग डरकर दुबक गए और इतनी देर में डकैतों ने करीब 5 करोड़ रुपए के जेवर लूट लिए। दिनदहाड़े डकैती की सूचना शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई।

सूचना पाते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पूरी घटना शोरूम के और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने दावा किया कि जल्द बदमाशों को पड़कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि सभी आरोपी हरियाणा नंबर की मोटर साइकिल से आए थे। बदमाशों के पीछे कारोबारी और उनके कर्मचारियों ने मोटर साइकिल भी दौड़ाई। आरोपी रानीपुर मोड़ से होते हुए आर्य नगर चौक की तरफ फरार हो गए। पीछा कर रहे कर्मचारियों को बदमाशों ने हथियार दिखाए। जिसके बाद कर्मचारी रुक गए और बदमाश फरार होने में कामयाब हो गए। एसएसपी ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गईं हैं। शहर में जगह-जगह पुलिस ने नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है।

# जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जदयू की ओर से कहा गया कि त्यागी ने निजी कारणों से राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार की नीतियों पर अक्सर की जाने वाली त्यागी की टिप्पणियां जदयू और उसकी सहयोगी भाजपा के संबंधों में असहजता का कारण बन रही थीं।

बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष नीतीश कुमार को लिखे अपने पत्र में समाजवादी नेता त्यागी ने कहा कि वह अन्य कार्यों में अपनी व्यस्तता के कारण प्रवक्ता के रूप में अपनी भूमिका से न्याय करने में असमर्थ हैं।

# लंबित मामले न्यायपालिका के लिए चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रपति मुर्मू ने जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय सम्मेलन में कोर्ट में पेंडिंग मामलों पर जताई चिंता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। जिला न्यायपालिका के दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अदालतों में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने की जरूरत है। मुर्मू ने कहा कि न्याय की रक्षा करना देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन का भी सुझाव दिया।

उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्चतम न्यायालय का ध्वज और प्रतीक चिह्न भी जारी किया।

### बदलनी होगी तारीख पर तारीख की पुरानी संस्कृतिः कानून मंत्री

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि एक अच्छी न्याय प्रणाली का होना जरूरी है, ताकि नागरिक अपनी पूरी क्षमता से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि सम्मेलन में दिए गए सुझावों को अपनाने से न्यायिक बिरादरी को मदद मिलेगी और नागरिकों के लिए न्याय की प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिलेगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम तारीख पर तारीख की पुरानी संस्कृति को बदलने का संकल्प लें।

Haryana Board तथा NCTE से
मान्यता प्राप्त कालेजों
B.J.R.D. College of Education, Haryana
B.N.D. College of Education, Haryana
तथा अन्य कॉलेज में
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
★ सत्र (2024-26), मेरिट से सीधे प्रवेश
★ योग्यता (12th में 50%), ★ No Age Limit
★ उत्तराखण्ड में प्राइमरी अध्यापक की भर्ती के लिए मान्यता प्राप्त डिप्लोमा।
★ प्राइमरी अध्यापक बनने के लिए डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
Also Direct Admission
B.El.Ed. & B.Sc.-B.Ed./B.A.-B.Ed.
B.Ed/M.Ed
Admission and Information Office
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. Canal Road, Near Vedanta Eye Hospital,
Haldwani, Mob-: 7617632557


खटीमा में शहीदों के नमन कार्यक्रम में शहीद को पुष्पचक्र अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने तक चैन नहीं

संवाददाता, खटीमा

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा गोलीकांड की 30वीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद किया संबोधन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा गोलीकांड की 30वीं बरसी पर राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह जब तक राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड नहीं बनाते तब तक चैन से नहीं बैठेंगे।

सीएम धामी रविवार को नगर के मुख्य चौक स्थित शहीद स्मारक पहुंचें और राज्य के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले राज्य आंदोलनकारियों की प्रतिमाओं पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर 1994 को घटित खटीमा गोलीकांड का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता है। राज्य निर्माण के लिए पहली शहादत खटीमा की धरती पर दी गई थी जो खटीमा वासियों के लिए गर्व की बात है। आज के दिन खटीमावासी होना उनके लिए भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि सरकार का एक-एक पल राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने का है, हम देवभूमि के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाने व 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का काम किया है।

# नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- विधवा महिला से नौकरी के नाम पर दुष्कर्म का आरोप
- लालकुआं कोतवाली में धारा 376 व 506 के तहत केस दर्ज

**अमृत विचार :** नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा के खिलाफ लालकुआं कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले में अध्यक्ष के चालक कमल बेलवाल को भी आरोपी बनाया गया है। मुकेश पर विधवा महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने लिखा, उसके दो बच्चे हैं। बच्चों के पालन-पोषण के लिए उसे नौकरी की जरूरत थी। वर्ष 2021 में वह च्यूरीगाढ़ धारी नैनीताल व हाल निवासी हल्द्वानी नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा के दफ्तर पहुंची। आरोप है कि अध्यक्ष ने उसे दैनिक भत्ते पर दुग्ध संघ में नौकरी पर रख लिया। एक दिन अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कच्ची नौकरी को पक्की करने के नाम पर महिला को 10 नवंबर 2021 को काठगोदाम स्थित एक होटल में बुलाया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। साथ ही धमकाया कि इसका जिक्र किसी से किया तो मैं तुमको दैनिक भत्ते की नौकरी से भी हटवा दूंगा। कुछ समय बाद आरोपी ने फिर अपने कार्यालय में बुलाया और गलत जगह छूने लगा। मना करने पर महिला की अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। कुछ समय बाद उसने अपने दोस्तों के साथ भी शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा। महिला ने इंकार करने पर आरोपी ने अपने ड्राइवर कमल बेलवाल से जान से मारने की धमकी दिलवाई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा व उनके चालक कमल बेलवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उधर, दुग्ध सहकारी समितियां के निबंधक संजय कुमार ने मुकेश वोरा को सहकारी डेयरी फेडरेशन के प्रशासक पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर डेयरी विकास निदेशक को प्रशासक नियुक्त किया है।

नई कार्यकारिणी ने तीन लाख से बढ़ाकर छह लाख रुपये किया सदस्यता शुल्क, वर्तमान में 3,655 सदस्य हैं क्लब के

# नैनीताल बोट हाउस क्लब में सदस्यता लेना हुआ महंगा

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी की शान नैनीताल बोट हाउस क्लब की सदस्यता लेना अब आसान नहीं होगा। क्लब ने सदस्यता शुल्क तीन लाख से बढ़ाकर छह लाख रुपये कर दिया है। वार्षिक तीन हजार रुपये हर वर्ष लिया जाएगा।

देश के 67 नामचीन क्लबों से संबद्धता के कारण नैनीताल बोट हाउस क्लब की सदस्यता अहम मानी जाती है। क्लब की नई कार्यकारिणी ने कई निर्णय लिए हैं, जिसमें करीब 12 वर्ष बाद सदस्यता शुल्क बढ़ाने का निर्णय भी शामिल है। ब्रिटिशकाल में वर्ष 1890 में नैनीताल सेलिंग क्लब नाम से इस क्लब की शुरुआत हुई। वर्ष 1898 में इसका नाम नैनीताल याट क्लब रखा गया। आजादी के बाद 1948 में यह नैनीताल मूल के लोगों को हस्तांतरित हुआ। पहली बार 55 भारतीय संस्थापक सदस्यों ने नैनीताल बोट हाउस क्लब बनाया और इसमें सदस्य जोड़ने शुरू किए। इस समय क्लब के 3,655 सक्रिय सदस्य हैं। देश के 67 प्रतिष्ठित क्लबों से इसकी संबद्धता है। वर्ष 2012 में क्लब की सदस्यता शुल्क एक लाख से बढ़ाकर ढाई लाख रुपये की गई। इसमें 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़कर तब 3 लाख रुपये में सदस्यता मिलती थी। करीब 12 वर्ष बाद सदस्यता शुल्क बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया गया है। 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़कर यह रकम करीब छह लाख रुपये होती है। नैनीताल बोट हाउस क्लब के विदेशों में भी सक्रिय सदस्य हैं।


नैनीताल बोट हाउस क्लब। ● अमृत विचार

**क्लब में कई सुविधाएं**

नैनीताल बोट हाउस क्लब में सदस्यों के लिए मुख्य रूप से याट, रेस्टोरेंट, टेबल टेनिस, बार, ओपन डेक, बिलियड्र्स आदि सुविधाएं शामिल हैं। यहां 50 से अधिक कर्मचारी विभिन्न हिस्सों में सदस्यों की सेवा के लिए मौजूद हैं।

"कार्यकारिणी की आम सभा में सदस्यता शुल्क बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अब नए सत्र में क्लब की सदस्यता लेने वाले आवेदकों से नया शुल्क लिया जाएगा। जल्द ही क्लब में नई गतिविधियां शुरू की जाएंगी।

– **मुकुंद प्रसाद,** सचिव नैनीताल बोट हाउस क्लब

# मेले में लाइटिंग को टेंडर प्रक्रिया पूरी

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ **आज खुलेगी दुकान व झूला निर्माण की फाइनेंशियल बिट**

**अमृत विचार :** ऐतिहासिक मां नंदा देवी महोत्सव में दुकान व झूला निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और गेट निर्माण की टेंडर प्रक्रिया रविवार को आयोजित हुई। नगर पालिका में दोपहर बाद शुरू हुई टेंडर प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। इसके बावजूद झूला और दुकान निर्माण टेंडर की फाइनेंशियल बिट नहीं खोली जा सकी। महज प्रकाश व्यवस्था को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो सकी।

नंदा देवी महोत्सव में झूला व दुकान निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, पंडाल व गेट निर्माण को लेकर नगर पालिका की ओर से तीन अलग-अलग टेंडर निकाये गए थे। शनिवार को टेंडर खोलने की तिथि तय की गई थी। अपराह्न करीब तीन बजे से टेंडर समिति में शामिल प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा व अन्य समिति सदस्यों की मौजूदगी में टेंडर खोले गए। प्रकाश व्यवस्था के लिए विजय डीजे व लाइट हाउस, भारत टेंट हाउस और सांई लाइट हाउस ने आवेदन किया था। जिसमें से दो आवेदक तकनीकि बिट में बाहर हो गए। सांई लाइट हाउस की फाइनेंशियल बिट खोलने पर टेंडर राशि पालिका की ओर से निर्धारित बेस राशि से अधिक निकली। शर्तों की राशि में कटौती का प्रावधान होने के कारण टेंडर सांई लाइट हाउस के नाम कर दिया गया। वहीं गेट व पंडाल निर्माण को आये तीन आवेदन में से दो ही टेक्निकल बिट को पास कर सके। इन दोनों की टेंडर राशि पालिका की बेस राशि से अधिक होने के कारण सोमवार को इसमें निर्णय लिया जायेगा। झूला और दुकान निर्माण को लेकर पांच लोगों ने आवेदन किया था। तकनीकि बिट में दस्तावेजों की जांच के दौरान कई आपत्तियां आने के कारण टेंडर प्रक्रिया में देरी हो गई। रात करीब दस बजे तक समिति जांच प्रक्रिया में जुटी रही। प्रशासक ने बताया कि झूला व दुकान निर्माण के लिए वंदना अग्निहोत्री, ठाकुर जी इंटरप्राइजेज और रमेश सजवाण के आवेदन टेक्निकल बिट में पास हुए हैं। जबकि शिवशक्ति इंटरप्राइजेज और आबिद इलेक्ट्रिकल का आवेदन निरस्त कर दिया गया। तीनों आवेदकों की फाइनेंशियल बिट सोमवार को खोली जाएगी।

**एक नजर**

### महिलाओं को दी पोषण की जानकारी

**भीमताल :** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड संख्या पांच में पोषण माह के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र चनौतिया ने किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं व किशोरियों को पोषण की जानकारी दी गई। चिराग संस्था ने मोबाइल वैन में सभी की निशुल्क एनिमिया की जांच के साथ काउंसलिंग की। करीब 60 से अधिक महिलाओं ने एनीमिया की जांच कराई। कार्यक्रम में सुनिता पांडे, अनिल चनौतिया, बबली हुसैन, हेमा मासीवाल, कैलाश चंद्रा सुयाल, इंदु, सुनीता, अंकित, निर्मला, उमा, रेखा, संगीता मौजूद थे।

### रामनगर के योगेश सती ताइक्वांडो में चमके

**रामनगर :** गौजानी निवासी 16 वर्षीय योगेश सती ने मुख्यमंत्री उदयमान खिलाड़ी योजना के तहत ताइक्वांडो एथलीट (14 से 17 वर्ष की आयु वर्ग) में जीत हासिल की है। कोच तरुण भट्ट ने बताया कि योगेश और उसकी बहन लगातार उनसे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। योजना के तहत योगेश को एक वर्ष तक हर माह दो हजार रुपये तथा 10,000 रुपये ताइक्वांडो किट के लिए मिलेंगे। बताया कि योगेश के पिता दिनेश सती कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में नेचर गाइड हैं। योगेश आगे चलकर और बेहतर प्रदर्शन करेगा। ग्राम प्रधान सुनीता घुघत्याल, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश घुघत्याल ने दोनों युवा एथलीटों को बधाई दी है।


योगेश सती।

# वीकेंड पर पर्यटकों की आमद से गुलजार रही सरोवर नगरी

**पर्यटन स्थलों में चहलकदमी कर सुहावने मौसम का उठाया लुत्फ, शाम होते ही घरों को लौट गए पर्यटक, होटल कारोबारियों में निराशा दिखी**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी इन दिनों पर्यटकों की आमद से गुलजार है। रविवार को नैनीताल के अधिकांश पर्यटन स्थलों में पर्यटक चहलकदमी करते नजर आये। नैनीताल में पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन, चिड़ियाघर, रोप-वे, हिमालय दर्शन पहुंचकर जमकर मस्ती की और नैनीताल के सुहावने मौसम का आंनद उठाया।

दिनभर मौसम सुहावना बना रहा। हालांकि बीते सप्ताह की अपेक्षा में नैनीताल आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी गई। जिससे होटल कारोबारी निराश दिखे। जो पर्यटक नैनीताल घूमने पहुंचे वे शाम होते ही अपने घरों को लौट गए। इधर, रविवार की सांय नैनीताल में मौसम ने करवट बदली और कोहरा छा गया। जिससे अचानक ठंड बढ़ गई। पर्यटकों ने नैनीताल की गुलाबी शाम और मौसम का जमकर लुत्फ उठाया। देर शाम तक पर्यटक मालरोड में चहलकदमी करते नजर आए।


नैनीताल पंत पार्क में चहलकदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार


नैनीझील में नौकायन का लुत्फ उठाते पर्यटक। ● अमृत विचार

# 15 मिनट तक बरसे मेघ, गर्मी से राहत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रविवार को सुबह की शुरुआत हल्द्वानी में तेज धूप के साथ हुई, लेकिन दोपहर में मौसम अचानक बदल गया और तेज बारिश शुरू हुई। करीब 15 मिनट तक हुई बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली।

पिछले एक सप्ताह से बारिश नहीं होने से लोग उमस और गर्मी से परेशान थे। अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा चल रहा था। बारिश होने से तापमान में हल्की गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के दौरान शहर की अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गईं। रामपुर रोड में सरगम सिनेमा के पास नाली का पानी सड़क पर बहने लगा। नवाबी रोड पर भी यही हाल रहा। नैनीताल रोड पर तिकोनिया के पास सड़कों पर पानी बहता रहा। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। इसके अलावा शहर में अन्य स्थानों पर भी जलभराव की स्थिति रही। इधर, मौसम विज्ञान ने सोमवार को भी जिले में बारिश की संभावना जताई है।


बारिश के बाद नैनीताल रोड पर बहता पानी। ● अमृत विचार

### शेर नाले में बहे दो बाइक सवार, लोगों ने बचाए

**चोरगलिया, अमृत विचार :** रविवार को हुई बारिश से हल्द्वानी–चोरगलिया मार्ग पर पड़ने वाले शेर नाले में एकाएक जलस्तर बढ़ गया। इस बीच दो बाइक सवार जान जोखिम में डालकर नाले को पार करने लगे और बह गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें बमुश्किल नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। लोगों के अनुसार बारिश के दौरान नाले के दोनों ओर पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग की जाती है, लेकिन रविवार को कोई पुलिस कर्मी मौके पर तैनात नहीं रहा। जिस कारण बाइक सवारों की जान आफत में पड़ गई। लापरवाही के कारण नाले में बहकर कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं। गौलापार और चोरगलिया क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से शेर नाले पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, जो अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। जिससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है।


शेर नाले में बाइक समेत बहते दो युवक। ● अमृत विचार

# पुष्पा सीएलएफ की अध्यक्ष बनीं

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** बेतालघाट के सरस्वती क्लस्टर लेवल फेडरेशन की वार्षिक आय सभा का शुभारंभ अपर परियोजना निदेशक चंद्रा फर्त्याल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के सहयोग से आजीविका गतिविधि को बढ़ाने की बात कही।

साथ ही एनआरएलएम योजना से उपलब्ध फंड की जानकारी दी। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। पिछली कार्यकारिणी की अध्यक्ष ने सीएलएफ की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान नयी कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें पुष्पा देवी को सीएलएफ का अध्यक्ष व सरिता देवी को सचिव चुना गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी महेश गंगवार, सुरेश मठपाल, अवनीश पांडे, भास्कर जोशी, कमलेश जलाल, विशाल सिंह मौजूद रहे।


वार्षिक आय सभा के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करते सदस्य। ● अमृत विचार

### स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत लगेगा शिविर

**हल्द्वानी :** स्वनिधि से समृद्धि के अंतर्गत फड़ और फेरी व्यवसाय के लिए 10 हजार रुपये का ऋण लेने वालों के लिए नगर निगम की ओर से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सोमवार से शुरू होगा जो 7 सितंबर तक चलेगी। नगर अधिकारियों के अनुसार शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा अपरान्ह 2 बजे से सांय 5 बजे तक नगर निगम के कमरा नंबर 37 में लगेगा। योजना के लिये चयनित लाभार्थियों को उनके परिवार की सोशल व इकोनॉमिक प्रोफाइलिंग कराते हुए 8 केंद्रीय योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

# बंद पड़े शौचालयों को शीघ्र खोलने की मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल ने पर्यटन के नक्शे में अपनी पहचान बना ली है। यहां प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं, लेकिन शहर पर्यटकों और स्थानीय लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में असफल रहा है। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पूरन बृजवासी के अनुसार झील किनारे पंत पार्क का शौचालय पिछले 2 सालों में नगर पालिका चालू नहीं कर पाई है।

रख-रखाव की व्यवस्था न होने के कारण शौचालय के दरवाजे टूटे पड़े हैं। चारों ओर गंदगी फैली पड़ी है। पार्क में खेलने वाले बच्चे, तल्लीताल मार्केट व्यापारी वर्ग, पर्यटक, आते-जाते राहगीर शौचालय होने के बावजूद खुले में शौच करने को मजबूर हैं।

वहीं पिकनिक स्पॉट दीन दयाल पार्क पार्किंग के समीप शौचालय में नगर पालिका ने ताला लगा दिया है। फड़ व्यवसायी, बोट स्टेंड से जुड़े लोग, टैक्सी चालक व पर्यटक सभी परेशान हैं। बृजवासी ने एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार से शीघ्र दोनों शौचालयों को खोलने की मांग की है।


भीमताल में बदहाल पड़ा शौचालय। ● अमृत विचार

### कुलपति को बताई शिक्षकों ने समस्याएं

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के शिष्टमंडल ने कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत से मुलाकात कर उन्हें विश्वविद्यालय के शिक्षकों की समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन दिया। कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि प्राध्यापकों की कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रोन्नति की प्रक्रिया जल्द संपन्न कराई जाय। सहायक प्राध्यापकों के एडवांस इंक्रीमेंट लगाने के लिए लंबित प्रक्रिया पर त्वरित कार्यवाही की जाय, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों को राज्य सरकार की गोल्डन कार्ड योजना को लागू किया जाए तथा राज्य सरकार की ओर से जारी सामूहिक बीमा योजना एवं बचत को लागू किया जाए। उन्होंने आवास की मरम्मत कराने तथा स्पेशल कैजुअल लीव सहित अन्य शासनादेश लागू करने की मांग की। शिष्टमंडल में डॉ. विजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. उमंग शामिल रहे।

# मन्नत और रोजम बनी मेहंदी क्वीन

▸▸ **लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने कराई मेहंदी प्रतियोगिता**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से गोल्डी मेहंदी क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर वर्ग में मन्नत और जूनियर वर्ग में रोजम को गोल्डी क्वीन चुना गया। गोवर्धन हॉल सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में शहर के तमाम स्कूलों की छात्राओं समेत स्थानीय महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ आशीष बजाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक दीपिका बिनवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रायोजक डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बताया कि सीनियर वर्ग में मन्नत शाह प्रथम, रूही द्वितीय, गुनगुन तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग में रोजम प्रथम, काव्य पालीवाल द्वितीय, दिया साह तृतीय रहीं। बेहतर प्रदर्शन करने पर जागृति, यशिका, अनुष्का, पंखुड़ी, आफरीन, अनन्या, वेदिका, चित्रा, पूनम, आंचल, स्वामी, दिशा और माला को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया। स्नेहा अग्रवाल व पायल गोयल निर्णायक रहे। कार्यक्रम का संचालन सरिता त्रिपाठी ने किया। लेक सिटी वेलफेयर क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि अगले वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन और अधिक बड़े स्तर पर किया जाएगा। इस दौरान रानी साह, गीता साह, हेमा भट्ट, विनीता पांडे, जीवंती भट्ट, रमाभट्ट, लीला राज, आभा साह, सीमा सेठ, प्रेम अधिकारी, ज्योति वर्मा, रमा तिवारी, मीनाक्षी कीर्ति, नीरू शाह, दया कुंवर, कंचन जोशी, कविता जोशी, रेखा जोशी मौजूद रहे।


विजेता प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

# कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा शुरू

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** आदिशक्ति नवदुर्गा मंदिर मेहरागांव में कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा ज्ञान प्रारंभ हुआ।

क्षेत्र की महिलाओं ने परंपरागत परिधान पहनकर कलश यात्रा निकाली। यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर सातताल तिराहे तक गई और आसपास के सभी मंदिरों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। महंत स्वामी दयानंद सरस्वती ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिदिन गणेश पूजा, पूर्वांग पूजन, नवग्रह पूजन, मूल पाठ तथा दिन के 2 बजे से श्रीमद् भागवत व प्रत्येक दिवस सांय 5 बजे आरती का आयोजन किया जाएगा। 10 सितंबर को सुबह 8 बजे से नित्य पूजन, 9 बजे से महायज्ञ पूर्णाहुति, 11 बजे से कथा महातम्य, दोपहर 12 बजे से व्यास पूजन पुस्तक पूजन, गुरु पूजन, कन्या पूजन और 1 से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।


महरागांव में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।

पढ़ते रहिए अपना अखबार — अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| चोरगलिया | मोहन फर्त्याल | : | 7956252231 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज एजेंसी | : | 8445072215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |

**आज का मौसम**

हल्की धूप के साथ बारिश होने की संभावना

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.50 | सूर्यास्त 18.32

# भाजपा ने महिला अपराध में उत्तराखंड को बनाया अव्वल : माहरा

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कसा तंज, कहा- मुख्यमंत्री महिला अपराधों के मामले में नहीं दिखा पा रहे साहस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर आरोप लगाते हुए कहा कि महिला अपराधों के मामलों में वह साहस नहीं दिख पाते हैं। इस वजह से अधिकांश आरोपी जमानत पर बाहर आ जाते हैं, इससे भाजपा के नेताओं को बार-बार महिलाओं का उत्पीड़न करने का साहस मिलता है।

रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान माहरा ने कहा कि नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा के ऊपर बलात्कार का मुकदमा तब दर्ज हुआ जब लोगों ने इस पर आंदोलन किया। गठन के समय राज्य महिला अपराधों में सभी हिमालयी राज्यों में अंतिम पायदान पर था लेकिन अब भाजपा सरकार में पहले पायदान पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी में पॉस्को एक्ट के तहत जो मुकदमा दर्ज हुआ था उसमें पीड़ितों को न तो न्याय मिला और न ही मुआवजा मिला है। इसी तरह श्रीनगर में एक कैबिनेट मंत्री के दबाव के चलते एक बेटी को न्याय नहीं मिल रहा है। अंकिता भंडारी हत्याकांड में अगर शुरू से ही मुख्यमंत्री ने साहस दिखाया होता तो वीआईपी सलाखों के पीछे पहुंच जाता। इस मामले में पुलिस को भी दंडित नहीं किया गया। मरने से पहले बिटिया ने जो भी व्हाट्सएप मैसेज किए थे उन्हें सबूत मानना चाहिए था। हरिद्वार जिले में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज करवाने के लिए ग्रामीणों को आंदोलन तक करना पड़ा था। चंपावत में भी भाजपा मंडल अध्यक्ष के ऊपर एक बिटिया के उत्पीड़न का मामला था और अब वह जमानत पर है। सरकार ऐसे मामलों में पीड़ित के साथ नहीं बल्कि आरोपियों के साथ मजबूती से खड़ी दिखती है। 26 जून को एक 14 साल की एक बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। उसमें भी भाजपा का नेता आरोपी था और अभी तक आरोपी पकड़ से बाहर है।

सल्ट में भाजपा का मंडल अध्यक्ष भी बिटिया के साथ दुष्कर्म के मामले तब पकड़ा गयाजब कांग्रेस ने धरना दिया। 13 साल की बच्ची के साथ राजधानी के आईएसबीटी में रेप हो गया। ऊधम सिंह नगर में नर्स हत्याकांड के बाद वहां के पुलिस कप्तान की भाषा काफी अभद्र थी और ऐसे लोगों को भाजपा ने एसएसपी जैसा पद दे रखा है। महिला उत्पीड़न पर भाजपा का महिला मोर्चा और दुर्गा वाहिनी नदारद है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट, हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, भोला दत्त भट्ट, प्रकाश पांडे, राजेन्द्र बिष्ट , हेमन्त बगडवाल,मोहन बिष्ट रहे।



नैनीताल रोड के एक होटल में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल व अन्य। ● अमृत विचार

### आरोप लगाया मुख्यमंत्री पलटूराम हैं

**हल्द्वानी :** करन माहरा ने कहा कि निकाय चुनाव की तिथि को आगे बढ़ाकर सीएम ने साबित कर दिया है कि वह पलटूराम हैं और वह यह तीसरी बार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ और मंगलौर में उपचुनाव हारने के बाद अब भाजपा सभी चुनाव से बच रही है।

### भाजपा नेता महिला उत्पीड़न में शामिलः सुमित



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** विधायक सुमित हृदयेश ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि राज्य में महिला उत्पीड़न के मामले में भाजपा नेता और भाजपा से जुड़े लोगों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जो बेहद चिंतनीय है। महिला अपराधों में राज्य को शीर्ष पर पहुंचाना ही भाजपा सरकार की एकमात्र उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा जनता के सामने आ चुका है। महिला अपराधों के बाद पुलिस में दर्ज होने वाले मुकदमों में देरी होना भी चिंतनीय है। महिला उत्पीड़न की घटनाओं में अभी तक ऐसा कहीं नहीं देखने को मिला कि अपराधियों में पुलिस का भय हो बल्कि अपराध के बाद अपराधियों को बचाया जा रहा है, इससे अपराधियों के हौसले बुलंद ही दिखते हैं।

## नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा की गिरफ्तारी को लेकर फूंका सरकार का पुतला

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका। रविवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष जया कर्नाटक और महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ता बुद्ध पार्क में इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। कर्नाटक ने कहा की प्रदेश में आए दिन महिलाओं, बेटियों, बच्चियों के खिलाफ बलात्कार और उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिनमें भाजपा पदाधिकारियों के नाम सामने आ रहे हैं। कांग्रेस जिलाअध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा की जिस तरह महिलाओं के उत्पीड़न के मामलों में भाजपा नेताओं का लगातार नाम आ रहा है उससे भाजपा का चाल और चरित्र उजागर होता जा रहा है। नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा पर भी सहकर्मी के साथ बलात्कार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने उन्हें तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। ऐसा लगता है कि सरकार खुद दोषियों को संरक्षण दे रही है। प्रदर्शन करने वालों में राधा आर्य, शारदा बमेठा, भगवती जोशी, निर्मला जोशी, गीता बहुगुणा, मीमांशा आर्य, सविता गुरुरानी, रामा शर्मा, शशि आर्य, भावना आर्य, शिवानी, राजो टंडन, पुष्पा तिवारी, रजनी, बसंती, सुनीता, भगवती आर्य आदि थे।




बुद्ध पार्क में प्रदेश सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## चेक बाउंस में भी बोरा को हो चुकी तीन माह की सजा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अपराध**

- वर्ष 2014 में चेक बाउंस में अदालत ने दी थी सजा
- कार लोन न देने पर बैंक ने घोषित किया था डिफाल्टर

**अमृत विचार :** दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होते ही मुकेश बोरा के पुराने कारनामे एक-एक कर बाहर आने लगे हैं। पहला मामला 138 एनआई एक्ट का था। जिसमें उसे तीन माह की सजा हुई थी। एक अन्य मामले में नैनीताल डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक मुकेश बोरा को कार लोन न चुकाने पर डिफाल्टर घोषित किया था।

138 एनआई एक्ट का ये मामला नौ साल पुराना है। धारी के धीरेंद्र सिंह ने वर्ष 2014 में यह वाद दायर किया था। आरोप था कि मुकेश बोरा ने दूध सप्लाई के लिए उनका वाहन 35 हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से लिया था। वर्ष 2012 मार्च से नवंबर 2013 तक मुकेश बोरा ने वाहन का उपयोग किया और फिर छोड़ दिया। नवंबर तक वाहन का किराया साढ़े तीन लाख हो चुका था। इसके एवज में मुकेश ने 19 मार्च 2014 को एक चेक डेढ़ लाख रुपये का और दूसरा चेक दो लाख रुपये का दिया। 15 मई 2014 और 13 जून 2014 को दोनों चेक बाउंस हो गए।

इस मामले में दायर वाद में न्यायालय द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने मुकेश बोरा को दोषी मानते हुए तीन माह का कारावास, 3.75 लाख रुपये जुर्माना, इसमें से 3.65 लाख रुपये पीड़ित को देने व 10 हजार रुपये राज्य पक्ष में जमा करने के आदेश दिए थे। इस मामले के बाद मुकेश बोरा फिर विवाद में आए।

उन्होंने वर्ष 2012 में नैनीताल डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रधान कार्यालय हल्द्वानी से कार खरीदने के लिए 6,65,827 लाख रुपये का लोन लिया था । लोन वर्ष 2016 तक चुकता करना था, जो मुकेश बोरा नहीं किया। जिसके बाद बैंक ने मुकेश बोरा को डिफाल्टर घोषित कर दिया था।

### अभी बाहर आना बाकी है पशमीना रजाई घोटाला

**हल्द्वानी :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ में हुए पश्मीना रजाई घोटाले की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। यह जांच दोबारा कराई जा रही है। आरोप है कि एक साल पहले नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड में गलत तरीके से टेंडर जारी कर लाखों रुपये की पश्मीना रजाई खरीद डाली। डेयरी विकास विभाग के सहायक निदेशक लीलाधर सागर इसकी जांच कर रहे हैं। पहले जांच कर जो रिपोर्ट तैयार की गई थी, उस पर भी सवाल खड़े हो गए थे। डेयरी विकास विभाग के निदेशक संजय खेतवाल ने बताया कि जांच का समय पूरा हो चुका है हालांकि अभी जांच रिपोर्ट उन्हें प्राप्त नहीं हुई है।

## लालकुआं में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, फूंका सीएम का पुतला

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** प्रदेश में अंकिता भंडारी प्रकरण अभी थमा भी नहीं था कि सल्ट अल्मोड़ा के बाद अब लालकुआं में भाजपा नेता और दुग्ध अध्यक्ष का नाम यौन उत्पीड़न के मामले में सामने आने के बाद कांग्रेसियों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन तिराहे पर एकत्र हुए। जहां से वह जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं के मुख्य द्वार पर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी का पुतला फूंकते हुए आरोपी दुग्ध संघ अध्यक्ष की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी चरम पर है। भाजपा नेता महिलाओं का उत्पीड़न कर उनके यौन शोषण में शामिल हैं। धामी सरकार दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के बजाए उन्हें संरक्षण दे रही है। अभी अंकिता भंडारी को न्याय तक नहीं मिला है और प्रदेश में एक के बाद एक भाजपा नेताओं के नाम महिला अपराधों में जुड़ रहे हैं। लालकुआं दुग्ध संघ अध्यक्ष ने अपने अधीनस्थ महिला कर्मचारी के साथ यौन शोषण किया है। प्रदर्शन करने वालों में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, नगर अध्यक्ष भुवन पांडेय, हरेंद्र बोरा, कुंदन सिंह मेहता, रामबाबू मिश्रा, कमलेश यादव, पुष्कर दानू, प्रदीप बथ्याल, माजिद अली, हेमंत पांडे, दीपक बत्रा, रवि शंकर तिवारी, गुरदयाल सिंह मेहरा, शेखर जोशी, विनोद बिष्ट, हरीश सुयाल, पवन बिष्ट, इंद्र सिंह पनेरी शामिल रहे।



नैनीताल दुग्ध संघ लालकुआं के मुख्य द्वार पर पुतला फूंकते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**एक नजर**

### बहू ने पति, सास और ससुर पर दर्ज कराया मुकदमा

**हल्द्वानी :** एक महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। गोरापड़ाव निवासी तनुजा अधिकारी ने पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि 29 अप्रैल 2023 को उसकी शादी गोरापड़ाव निवासी रजत अधिकारी से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वालों ने दहेज के नामपर गौलापार में पांच बीघा जमीन मांगी। मांग पूरी न होने पर तनुजा से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुरालियों ने किया हत्या का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** दहेज के लिए ससुरालियों ने बहू को जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में निया ढाकुर ने कहा, पांच अक्टूबर 2022 को उसकी शादी चांदपुर मिलक मुरादाबाद निवासी अमित ढाकुर से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली उसे प्रताड़ित करने लगे। 30 जुलाई 2024 को जब मारने का प्रयास किया तो पीड़िता पुलिस के पास पहुंची। मामला महिला सेल को ट्रांसफर कर दिया गया। यहां काउंसलिंग हुईं, लेकिन सुलह नहीं हो पाई। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कर्मचारी संवैधानिक तरीके से आंदोलन के लिए स्वतंत्र

**हल्द्वानी :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आन सिंह जीना ने बताया कि महाप्रबंधक संचालन निगम मुख्यालय ने बीते 30 अगस्त को कर्मचारियों को डरा धमका कर काम पर आने के लिए निर्देशित किया है लेकिन परिषद कर्मचारी हित में संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि आंदोलनरत किसी भी कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई तो संयुक्त परिषद उसी समय से कार्य बहिष्कार और चक्का जाम करने के लिए मजबूर होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रबंधन और शासन की होगी।

## बेटी को मारने की कोशिश साली से की छेड़छाड़, केस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महिला बैंक कर्मी ने पति पर बेटी को पानी में डुबो कर मारने की कोशिश करने और बहन से छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए हैं। काठगोदाम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में महिला बैंक कर्मी ने बताया कि 31 अगस्त की शाम सात बजे जब वह कार्यालय से घर लौटी तो हाइडिल कॉलोनी निवासी पति विजय अधिकारी घर पहुंच गया। घर पहुंचते ही उसने सास से धक्का-मुक्की और गाली-गलौज शुरू कर दी। सास की गोद में उनकी 14 महीने की बेटी थी, जिस मारपीट में चोट आई।

पीड़िता का कहना है कि दहेज के लिए पति और ससुराली उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। बेटी का जन्म हुआ तो उसे घर से निकाल दिया। पति ने बेटी को पानी की बाल्टी में डुबाकर जान से मारने की भी कोशिश की और उसकी बहन से अश्लील हरकतें कीं। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बलात्कारी को सजा देने के लिए गरजे संगठन

- अखिल एकता व्यापार मंडल सहित अन्य संगठनों ने आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग की

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या और देश के अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को मुखानी से शहीद पार्क तक रैली निकाली गई। जिसमें अखिल एकता व्यापार मंडल, वसुधैव कुटुंबकम जनहित फाउंडेशन और देवभूमि फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में एकजुट होकर आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग की। कार्यक्रम संयोजक कुमाऊं मंडल अध्यक्ष भुवन भट्ट और संजय त्यागी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, अनुज कांत अग्रवाल, संजय त्यागी, अतुल गुप्ता, अमित चौहान, नगर अध्यक्ष डिंपल पांडे, चंदन सिंह बिष्ट, बालम जोशी, दीपक जोशी, वसुधैव कुटुंबकम अध्यक्ष दीपा जोशी, डॉ. भावना गुप्ता, आकांक्षा, नीतू त्यागी, रजनी पांडे रहीं।




महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ रैली निकालते अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य व अन्य। ● अमृत विचार

## चलते टेंपो में महिला का जेवर से भरा पर्स चोरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टेंपो में सफर कर रही महिला को शातिर महिलाओं ने अपना शिकार बना लिया। महिला के पर्स के अंदर रखा जेवर का पर्स पार कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कठघरिया निवासी महिला ने बताया कि रविवार वह बाजार गईं थीं। सुबह करीब 11 बजे वापसी के लिए उन्होंने कालू सिद्ध तिराहे से कठघरिया के लिए टेंपो किया। कुछ दूरी पर दो महिलाएं टेंपो में सवार हुईं और नवाबी रोड तिराहे के पास उतर गईं। पीड़िता कठघरिया में टेंपो से उतरी कुछ सामान खरीदने के लिए पास ही स्थित एक मॉल में चली गईं। वहां खरीदे सामान की पेमेंट करने के लिए उन्होंने अपने पर्स में हाथ डाला तो अंदर रखा छोटा पर्स गायब था। उन्होंने फौरन इसकी सूचना हीरानगर पुलिस चौकी को दी। उन्होंने बताया कि पर्स में मंगलसूत्र और बिछिया थी। पुलिस ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी चेक किए तो फुटेज में दो महिलाएं टेंपो से उतरी दिखाई दीं। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़ लिए जाएंगे।

**समस्या** किसानों को फसल हल्द्वानी तक लाने में करना पड़ता है दोगुना खर्च, अब मंडी समिति को राजस्व विभाग से उम्मीद

## जमीनों के पेंच से पहाड़ों में मंडियों के निर्माण पर लगा अड़ंगा

रजनी मेहता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले में भूमि नहीं मिलने से पहाड़ों में नई मंडियों का निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है। एक साल की कवायद के बाद भी मंडी समिति को अब तक कालाढूंगी, रामगढ़ और धारी में मंडी निर्माण के लिए जमीन नहीं मिल सकी है। ऐसे में किसानों को पर्वतीय क्षेत्र में मंडी की सुविधा मिल पाने की राह और मुश्किल होती नजर आ रही है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी की घोषणा के बाद किसानों को पहाड़ों में स्थानीय स्तर स्तर पर मंडी मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन जमीन के अडंगे ने इस भरोसे को डगमगा दिया है। फलों के बागान होने के कारण रामगढ़, धारी और कालाढूंगी में किसानों को हर साल फल-सब्जी के सीजन में फसल को मंडी पहुंचाने के लिए गांवों से दोगुनी कीमत चुकाकर ट्रकों के माध्यम हल्द्वानी मंडी पहुंचना पड़ता है। ऐसे में सड़कों के क्षतिग्रस्त होने या रास्ता बंद होने पर फसल सड़ने और फसल के लिए व्यापारी नहीं मिलने पर अक्सर किसानों को लाला और बनियों निर्भर होना पड़ता है। इसके लिए उन्हें अपनी अच्छी फसल देकर भी कई बार घाटा खाना पड़ता है। वहीं फसल को मंडी तक पहुंचाने के लिए हर बार हजारों खर्च करने पड़ते हैं। किसानों के अनुसार पहाड़ों में मंडी बनाने के लिए प्रयास तेजी से होने चाहिए जिससे उन्हें फसल को भेजने और बेचने के लिए परिवहन और व्यापारी नहीं मिलने जैसी समस्याओं से निजात मिल पाएगा। लगभग एक साल पहले मंडी समिति ने इसके लिए कवायद शुरू की। कालाढूंगी, रामगढ़ और धारी में मंडी बनाए जाने के लिए जमीन की तलाश शुरू की गई। इसके लिए राजस्व विभाग को भी पत्र जारी किए गए है, लेकिन इतना समय बीतने के बाद भी जमीन मिलने का कोई भी रास्ता तय नहीं हो पाया है। इसके चलते मंडी तक फसल पहुंचाने के लिए किसानों की व्यथा और आर्थिक संकट का समाधान नहीं हो पा रहा है।

**बोले किसान**

> किसानों को हल्द्वानी में सब्जी-फल पहुंचाने के लिए ट्रांसपोर्ट का खर्चा दोगुना वहन करना पड़ता है। मंडी पहाड़ों में होती तो किसान तक व्यापारी आसानी से पहुंचते। सरकार को इस तरफ प्रयास करने चाहिए। - **आनंद सिंह**, किसान

> पहाड़ में मंडी बनाने को लेकर सरकार की इच्छाशक्ति नहीं है। किसानों को सुविधा देने के मनसूबे नहीं हैं। पहाड़ों की जमीन बाहरी लोगों को पनाह देकर ऐशगाह बनाने में सरकार व्यवस्त है।- **देवेंद्र सिंह**, काश्तकार

> हल्द्वानी तक फसल लाने में किसानों को लागत और पैदावार से अधिक मूल्य देकर लालाओं भरोसे फसल भेजनी पड़ती है। पहाड़ों में मंडी होने से सीधे किसान व्यापारियों से मोल-भाव कर पाएगा। - **तारा सिंह**, काश्तकार


> मंडी के लिए जमीन नहीं मिल पाने से समस्या बनी हुई है। निशुल्क जमीन के लिए राजस्व विभाग से कहा गया है। जमीन मिलने के बाद ही मंडी का निर्माण शुरू होगा। - **दिग्विजय सिंह देव**, सचिव मंडी समिति हल्द्वानी

> सरकारी भूमि नहीं मिल पा रही है। जमीन के लिए बात चल रही है। चिन्हित जमीनें वन विभाग और पंचायत की हैं। इसके लिए वन विभाग से पत्राचार भी किया गया है लेकिन कोई जवाब नहीं मिल पाया है। शासन स्तर पर भी प्रयास किया जा रहा है। - **राम सिंह कैड़ा**, विधायक भीमताल


## नुमाइश में चले तलवार और चाकू, आधी रात हुआ हंगामा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आईटीआई गैंग की तलवारबाजी के बाद नुमाइश में शनिवार रात फिर हंगामा हुआ। चाकू से लैस युवकों ने मुफ्त सामान न देने पर दुकानदार को लहूलुहान कर डाला। उस पर चाकू से हमला किया और फरार हो गए। घटना रात करीब डेढ़ बजे की है, जिसके बाद कार्रवाई की मांग को लेकर भीड़ कोतवाली पहुंच गई। इस घटना के पीछे भी आईटीआई गैंग का नाम सामने आ रहा है। दुकानदारों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है।



चाकू के हमले में घायल दुकानदार हर्षित।



रात डेढ़ बजे कोतवाली के बाहर खड़े नुमाइश में दुकान लगाने वाले लोग।

हर्षित निवासी बदायूं ने बताया कि नुमाइश में उनकी खिलौने की दुकान है। शनिवार रात करीब एक बजे करीब 40 लड़के नुमाइश में पहुंचे। युवक दुकानों से जबरन फ्री में सामान उठाने लगे। उनकी दुकान से भी जब लड़के मुफ्त में सामान उठाने लगे तो हर्षित ने विरोध किया। आरोपियों ने खुद को पार्किंग वाला बताया और युवकों में से एक ने चाकू और तमंचा तान दिया। इस पर मारपीट शुरू हो गई। युवकों ने पीट-पीटकर हर्षित को अधमरा कर दिया। हर्षित की अंगुलियों और होंठ कट गए। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। जिसके बाद दुकानदार शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गए और हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकरहंगामा काटना शुरू कर दिया। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि दुकानदारों ने तहरीर दी है, मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही सभी हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### नन्हे एकम ने जीता मॉडलिंग और सिंगिग का खिताब


अभिनेता राहुल राय से पुरस्कार प्राप्त करते एकम।

**रामनगर** : नौ वर्षीय एकम सिंह संधू ने लखनऊ में आयोजित मॉडलिंग एवं डांस प्रतियोगिता में खिताब जीतकर अपने माता-पिता के साथ-साथ उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। लखनऊ में डायमंड प्रोडक्शन हाऊस ने बिग टेलेंट शो का बीते दिनों आयोजन किया था, जिसमें एकम ने पहले पायदान में आकर कमाल कर दिखाया। प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता राहुल राय ने एकम को पुरस्कार देते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे चलकर डांस ओर मॉडलिंग की दुनिया में बड़ा चेहरा बनकर उभरेगा। शिवलालपुर निवासी गुरदेव सिंह संधू और उनकी पत्नी लवजीत कौर अपने पुत्र की इस उपलब्धि पर बेहद प्रसन्न हैं। लवजीत कौर ने बताया कि एकम ने तीन साल पहले अरुण चौधरी व अवनी चौधरी के निर्देशन फोर स्टार डांस एकेडमी से यह टेलेंट सीखना शुरू किया था। पहले भी उसने बहुत सारे अवार्ड जीते हैं।

### शराब उपकरणों के साथ एक आरोपी दबोचा

**रामनगर** : प्रभारी कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि छोई क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान ज्वालावन क्षेत्र छोई में शीशपाल पुत्र बुद्दि सिंह निवासी बेतखेड़ी बाजपुर को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य आरोपी जस्सू पुत्र मक्खन सिंह निवासी इटव्वा थाना बाजपुर मौके से फरार हो गया। आरोपी के पास से कच्ची शराब की भट्टी के दो लोहे के ड्रम, दो पाइप व 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। मौके पर एक हजार लीटर लहन नष्ट किया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### आस्था विहार का नलकूप खराब, लोग परेशान

**हल्द्वानी** : पेयजल की डिमांड बढ़ने से नलकूपों का संचालन प्रभावित होता जा रहा है। रविवार को आस्था विहार के नलकूप से उपभोक्ताओं को पानी नहीं मिल पाया। इस दौरान आस्था विहार, भोटिया पड़ाव और पॉलीशीट के 400 उपभोक्ताओं को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। वहीं विभाग के अनुसार गौला की पेयजल लाइन से दो घंटे तक पानी बांटकर आपूर्ति कराई गई। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि नलकूप का संचालन रुकने पर मरम्मत की जा रही है। फिलहाल पानी की सप्लाई गौला की पेयजल लाइनों से कराई जा रही है। दिक्कत होने पर टैंकरों से पानी बांटा जाएगा।


रामनगर में हरलाल को विदाई देते पालिकाकर्मी। ● अमृत विचार

### पर्यावरण पर्यवेक्षक हरलाल को दी विदाई

**रामनगर** : उत्तराखंड स्वच्छकार कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष हरलाल पर्यावरण पर्यवेक्षक के पद से सेवानिवृत हो गये हैं। नगर पालिका परिषद रामनगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। अधिशासी अधिकारी महरन्द्र दास ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार राजौर, पर्यावरण पर्यवेक्षक सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, राज कुमार, धर्मेन्द्र, कुलदीप, अनूप, मुकेश कुमार, रवि कुमार, प्रदीप कुमार, पारस गोला, डॉ. जफर सैफी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### यूओयू की गुंजन सहायक आयुक्त राज्य कर बनीं

**हल्द्वानी** : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की एमएससी पर्यावरण विज्ञान की शिक्षार्थी गुंजन खोनियाल ने पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य कर विभाग में सहायक आयुक्त बनी हैं। मूल रूप से गोचर (चमोली) निवासी गुंजन ने कक्षा 10वीं और 12वीं की शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर गोचर से हासिल की। इसके बाद बीएससी हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल से की है। गुंजन ने अपने पहले ही प्रयास में यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके पिता विनोद खोनियाल एक शिक्षक हैं और माता सीमा खोनियाल गृहिणी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी, पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा निदेशक प्रो. पीडी पंत, कुलसचिव डॉ. संजय खत्री, समन्वयक पर्यावरण विज्ञान डॉ. एचसी जोशी, डॉ. बीना तिवारी फुलारा, डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा, डॉ. नेहा तिवारी, डॉ. प्रीति पंत, डॉ. दीप्ति नेगी और डॉ. खष्टी डसीला ने बधाई दी है।


रामनगर में उपपा नेता की पुण्यतिथि पर बैठक करते लोग। ● अमृत विचार

### जाति-धर्म बांटने वाली राजनीति के खिलाफ एकजुट हों

**रामनगर** : उपपा नेता जगदीश चंद्र की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने जाति एवं धर्म आधारित संगठनों को समाज में खाई पैदा करने तथा समता मूलक समाज के निर्माण में बाधक बताते हुए जनता से जाति-धर्म में बांटने वाली राजनीति के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी के संचालन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक सितंबर 2022 को ऑनर किलिंग में निर्मम तरीके से मारे गये उपपा नेता जगदीश को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि समाज में छुआछूत, ऊंच-नीच, जाति का भेद मिट गया है। जगदीश की हत्या तथा हाल के दिनों में ऐसे कई मामले हैं, जिनके कारण आज भी वर्ण व्यवस्था, जाति व्यवस्था के आधार पर उन्हें अपमानित किया जाता है। वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि जगदीश की विधवा गीता को उसकी योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दें, जिससे वह सम्मानजनक तरीके से अपना तथा अपने बच्चों का भरण पोषण कर सके। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुनीश कुमार, रोहित रुहेला, गिरीश आर्य, मनमोहन अग्रवाल, लालमणि, मोहम्मद आसिफ, चिंताराम मौजूद रहे।

# आज से चॉकडाउन हड़ताल पर रहेंगे सभी शिक्षक

## राजकीय शिक्षक संघ ने प्रधानाचार्यों की सीधी भर्ती के खिलाफ किया है हड़ताल का ऐलान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : राजकीय शिक्षक संघ ने प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विरोध में सोमवार (आज) से प्रदेशव्यापी चॉकडाउन हड़ताल का ऐलान किया है। राज्य के 13 जिलों के सभी राजकीय इंटर कॉलेजों और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में चॉकडाउन रहेगा। जिसके तहत शिक्षक स्कूल जाएंगे, लेकिन शिक्षण कार्य पूरी तरह ठप रहेगा।

संघ की ओर से आंदोलन की रणनीति तय की गई है जिसमें चॉकडाउन के साथ ही 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन होगा। 6 सितंबर को सभी शिक्षक सीएल (व्यक्तिगत अवकाश) लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे। 9 सितंबर को प्रांतीय और मंडल की समस्त कार्यकारिणी निदेशालय में धरना देगी। 10 सितंबर को देहरादून, नैनीताल और रुद्रप्रयाग, 11 सितंबर को हरिद्वार, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, 12 सितंबर को टिहरी, चंपावत और 13 सितंबर को ऊधमसिंह नगर, पिथौरागढ़ और चमोली और 14 सितंबर को पौड़ी और बागेश्वर में आमरण अनशन किया जाएगा। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडे ने बताया कि चरणबद्ध रूप से हो रहे आंदोलन में राजकीय शिक्षक संघ के हजारों सदस्य प्रतिभाग करेंगे।


कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

### मांगों को लेकर शिक्षकों ने विधायक भगत को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी** : राजकीय शिक्षक संघ की जिला शाखा ने कालाढूंगी विधायक को ज्ञापन सौंप कर प्रधानाचार्य सीधी भर्ती निरस्तीकरण एवं शत प्रतिशत पदोन्नति की मांग की है। रविवार को जिला मंत्री नमिता पाठक के नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल विधायक भगत के आवास पर पहुंचा। उन्होंने विधायक को ज्ञापन सौंप कर कहा कि कहा कि प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती से शिक्षकों के हितों को नुकसान हो रहा है। नई नियमावली से प्रधानाचार्य की सीधी नियुक्त करना उचित नहीं है। नई नियमावली से शिक्षा विभाग में पूर्व से कार्यरत 90 प्रतिशत से अधिक शिक्षक शामिल नहीं हो पा रहे हैं। इसके विरोध में 2 सितंबर से राजकीय शिक्षक संघ ने चॉकडाउन, सामूहिक आकस्मिक अवकाश, क्रमिक अनशन एवं आमरण अनशन की रणनीति बनाई है। इस पर विधायक भगत ने मौके से विद्यालयी शिक्षा के महानिदेशक बंशीधर तिवारी से फोन पर वार्ता की और शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करने को कहा। इस दौरान डॉ. ममता जोशी पाठक, जगदीश सिंह बिष्ट, डॉ. कन्नू जोशी, कृष्णा बिष्ट, पान सिंह मेहता, ललित फर्त्याल, गिरीश जोशी, त्रिलोक बृजवासी, गिरीश चंद्र कांडपाल मौजूद रहे।


रामनगर में चॉकडाउन हड़ताल की रणनीति बनाते शिक्षक। ● अमृत विचार

## कर्मचारी शिक्षक संगठनों ने दिया हड़ताल को समर्थन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार** : प्रधानाचार्य के पद पर हो रही सीधी भर्ती के खिलाफ शिक्षकों की चॉकडाउन हड़ताल को कर्मचारी शिक्षक संगठनों का भी साथ मिल गया है।

विभिन्न कर्मचारी शिक्षक संगठनों की संघ भवन सिंचाई कॉलोनी में बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने एक सुर में प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग की हठधर्मिता की निंदा करते हुए प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया को वापस लेकर उन पदों को पदोन्नति से भरने की मांग की। उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष शिक्षक नेता नवेंदु मठपाल ने बताया कि राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर हजारों शिक्षक 2 सितंबर को शिक्षण कार्य नहीं करेंगे।

बैठक में तय हुआ कि शीघ्र ही जनपद कार्यकारिणी के दिशा-निर्देशन में संगठन का ब्लॉक सम्मेलन कराया जायेगा। अंत में राज्य आंदोलन के दौरान खटीमा में शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुभाष गोला, सिंचाई विभाग महासंघ के जिला मंत्री हरीश पपने, नवीन घिल्डियाल, नंदराम आर्य, अवधेश यादव बालकृष्ण चंद, दीप चंद्र मौजूद रहे।

## खो-खो में जीआईसी भुजान के खिलाड़ियों का दबदबा

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार** : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान में हुई ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. संजीव अहलावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन का आह्वान किया। अंडर-19 आयु वर्ग बालक में जीआईसी भुजान व जीआईसी शेर के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया।

भुजान की टीम ने रोमांचक मुकाबले में विपक्षी टीम को करारी शिकस्त दी। बालिका वर्ग में नौगांव की टीम ने देवलीखेत को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। अंडर-17 बालक वर्ग में जीआईसी भुजान के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल की बदौलत जीत दर्ज की। जीआईसी देवलीखेत की टीम उपविजेता बनी। बालिका वर्ग में भी शानदार जीत हासिल कर जिला स्तरीय प्रतिभाग के लिए जगह बनाई। अंडर 14 आयु के बालक व बालिका वर्ग में भुजान के मेधावियों ने भी दमदार प्रदर्शन किया। अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता में जीआइसी भुजान की टीम विजेता बनी। खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। तीन व चार सितंबर को जीआईसी भुजान के खेल मैदान में जनपद स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता होगी। इस दौरान प्रधानाचार्य दीपक बिष्ट, कुलवंत सिंह बल, प्रताप सिंह नेगी, गीता गोस्वामी, तनुजा उप्रेती, शिवदत्त पांडे, देवेंद्र राम, भगवती बिष्ट, कृतिका जोशी, यशपाल राणा, ओम प्रकाश मौजूद रहे।

## सीएचसी में महिला डॉक्टर की नियुक्ति

**कालाढूंगी** : सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र (सीएचसी) में पिछले दो वर्ष से अस्थायी महिला डॉक्टर की नियुक्ति न होने से मरीज परेशान थे। मांग के अनुरूप सीएमओ ने सीएचसी में महिला डॉक्टर के अलावा दो दिन बाल रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति भी कर दी है। बीती 9 अगस्त को नवनियुक्त सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत ने सीएचसी का निरीक्षण किया था। जिसमें मरीजों व जनप्रतिनिधियों ने महिला चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ, अल्ट्रासाउंड व ट्रामा सेंटर की मांग की थी। सीएमओ डॉ. पंत ने बताया कि सीएचसी में महिला डॉ. ऐश्वर्या सुधीर की नियुक्ति की गई है। वहीं सप्ताह में 2 दिन गुरुवार व शुक्रवार को बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कुमार सिसोदिया उपलब्ध रहेंगे। स्थानीय लोगों व सामाजिक कार्यकर्ता मंयक गुप्ता ने सीएमओ का आभार व्यक्त किया है।

## युवा संसद में स्वास्थ्य व पलायन पर चर्चा

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार** : लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से युवा संसद का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. ललित मोहन पांडे ने किया। युवा संसद के लोकसदन अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।

लोकसदन में अमित पांडे प्रधानमंत्री, कमला गोस्वामी गृह मंत्री, यामिनी वित्त मंत्री, चन्द्रपाल रक्षा मंत्री, गौरव भट्ट शिक्षा मंत्री, काजल कश्यप विदेश मंत्री, सुशीला राणा स्वास्थ्य मंत्री, अंकिता कौर महिला सशक्तिकरण मंत्री, खुशी आर्या खेल मंत्री ने सत्ता पक्ष की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विपक्ष की ओर से आशीष चौदसी नेता प्रतिपक्ष चुने गए। प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान विपक्ष की ओर से पेपर लीक, छात्रों और किसानों की आत्महत्या, बेरोजगारी, वंचित वर्गों के लिए उच्च शिक्षा हेतु सहायता, नई शिक्षा नीति की समस्याएं, संयुक्त राष्ट्र में भारत को स्थाई सदस्यता, हिंसा, महिला सुरक्षा, आतंकी घटनाएं, रोजगार, पहाड़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं, पलायन जैसे महत्वपूर्ण विषय उठाए गए। लोक सदन ने लोक परीक्षा विधेयक-2024 को संसद में पास किया। निर्णायक प्रोफेसर डॉ. बीना मथेला, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. तारा भट्ट रहे। प्रतियोगिता में दीक्षा कोटिया प्रथम, देवेंद्र सिंह बिष्ट द्वितीय, यामिनी जोशी तृतीय और चंद्रपाल व कमला गोस्वामी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य त्रिलोचन पाठक, डॉ. मंजू जोशी, डॉ. प्रदीप मंडल, डॉ. मनोज कुमार जोशी, डॉ. हेम चन्द्र पांडे, डॉ. गीता तिवारी मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागी एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

## वर्तमान न्यायिक व्यवस्था की जानकारी दी

**बैठक**

- वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलियानी रही मौजूद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार**: वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति समिति ने रविवार को सभागार कक्ष (पुस्तकालय भवन) में एक बैठक आयोजित की। बैठक में भारत सरकार के साक्ष्य अधिनियम 2024 और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए वर्तमान नियमों की जानकारी दी गयी। जिसमें सिविल जज सीनियर डिवीजन/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलियानी और पैरालीगल वॉलिंटियर नीमा जोशी ने वर्तमान न्यायिक व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला और स्थाई लोक अदालत के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। बीनू गुलियानी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन नागरिकों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करते हैं जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम हो, सभी वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो, 18 वर्ष से कम आयु के समस्त बच्चे, भूतपूर्व सैनिक, एससी/ एसटी वर्ग के नागरिक, समस्त मजदूर, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर और आपदा से पीड़ित आमजन इसमें शामिल हैं। बैठक में समिति के लोगों ने खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट खोरी पर भी असंतोष व्यक्त किया गया और खाद्य सुरक्षा विभाग से कठोर कार्रवाई करने का अनुरोध किया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस धूमधाम से मनाने और मेधावियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे और संचालन महामंत्री डीके पांडे ने किया। नवीन चंद्र वर्मा को व्यापार उद्योग संघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर उनका स्वागत किया गया।

इस मौके पर नए सदस्य बृजमोहन कोहली, राजकुमार जैन, इंदर सिंह निगल्टिया, दया कृष्ण पन्त, प्रताप सिंह जन्त वाल, विष्णु सिंह रावत, दया किशन बलूटिया, दिनेश चंद्र पंत, शंकर दत्त तिवारी आदि उपस्थित रहे।


वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## अब रात 12 बजे बाद नहीं मिलेगा समारोह में भोजन

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार**: विवाह समारोह संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति की एक बैठक रामपुर रोड स्थित निजी संस्थान में हुई। जिसमें समारोह के दौरान दिक्कतों को लेकर चर्चा हुई।

संयोजक नवीन पांडे सन्नू के नेतृत्व में हुई चर्चा में रात्रि 12 बजे बाद भोजन ना परोसने, इवेंट तैयार करने के बाद 90 प्रतिशत पेमेंट, और रात्रि 10 बजे के बाद बैंड नहीं बजाने जैसे प्रस्तावों को पारित किया गया। सदस्यों ने कहा कि ग्राहकों से भी इवेंट समय पर पूरा कराने और समारोह क्षेत्र में स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए अनुरोध किया जाना चाहिए। कहा कि समय पर समारोह कराने से अप्रिय घटनाओं और ग्राहकों के साथ उनके मेहमानों को होने वाली दिक्कतों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। बैठक में बैंकट हाल संरक्षक प्रकाश भट्ट, टैंट एसोसिएशन संरक्षक भोला दत्त भगत, केटरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष और विवाह समारोह संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति के सह संयोजक रूपेंद्र नागर ने अपने विचार साझा किए। समिति की ओर से अगली बैठक 20 अगस्त को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संचालन महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे ने किया। बैठक में प्रेम गुप्ता, हमन सच्चर, विजय बिष्ट, परमजीत सिंह, शिव कुमार, विमल तोलिया, गोपाल भट्ट मौजूद रहे।

## काजवे पर लोनिवि ने डाला आरबीएम

**फॉलोअप**

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार** : कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे में खादी ग्राम उद्योग व राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को जाने वाले रास्ते के पास बने काजवे की इंटर लॉकिगं टाइल्स उखड़ने की खबर को अमृत विचार ने 30 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

जिसके बाद लोक निमार्ण विभाग ने रविवार को आरबीएम डालकर खड्डों का भरान कर दिया है। कॉजवे पर इंटर लॉकिंग टाइल्स उखड़ने से बडे. गड्डे हो गये थे। जिससे आये दिन बाइक सवार चोटिल हो रहे थे। वहीं राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

स्थानीय लोगों ने अमृत विचार अखबार का आभार व्यक्त किया है। इधर, लोनिवि के जेई गणेश सिंह रौतेला ने बताया कि गड्ढों में आरबीएम भर दिया गया है। जल्द ही इंटर लॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य शुरू कर दिया जायेगा।


काजवे पर टूटीं इंटरलॉकिंग टाइल, खतरा

**श्रद्धांजलि** — राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार से की अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग, आंदोलन की चेतावनी दी

## खटीमा गोलीकांड की बरसी पर शहीद आंदोलनकारियों को किया नमन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : खटीमा गोलीकांड में शहादत देने वाले आंदोलनकारियों को राज्य आंदोलनकारियों ने याद कर श्रद्धांजलि दी। गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि जिन सपनों और आंकाक्षाओं को लेकर उत्तराखंड राज्य की लड़ाई लड़ी गई थी, वह राज्य निर्माण के 24 साल बाद भी अधूरे हैं।

वक्ताओं ने कहा कि आज उत्तराखंड राज्य बढ़ते अपराधों और महिला उत्पीड़न की घटनाओं से दहला हुआ है। प्रदेश में आये दिन जिस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं उससे पूरे उत्तराखंड की छवि पर एक कलंक लगता जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से बढ़ते अपराधों पर तुरंत अंकुश लगाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यदि अपराधों पर सरकार नियत्रंण नहीं करती है, तो विवश होकर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को जनता को साथ लेकर सड़कों पर उतरना पड़ेगा। इस दौरान पद्मश्री प्रोफेसर शेखर पाठक, पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता रमन साह, सैय्यद नदीम, मुन्नी तिवारी, लीला बोरा, भारती जोशी, चम्पा उपाध्याय, माया चिलवाल, गायत्री, दीपा जोशी, धना पांडे, बिमला पांडे, सलमा, शकुन्तला, शाकिर अली, डॉ. रमेश पांडे, मुकुल कांडपाल, हेम चन्द्र वारियाल, सतीश आर्य, कृष्ण चन्द्र पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नैनीताल पीपुल्स फोरम एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जोशी ने किया।


नैनीताल में कार्यक्रम के दौरान राज्य आंदोलनकारी।

### लड़ना है भाई यह तो लम्बी लड़ाई है...

**रामनगर, अमृत विचार** : लड़ना है भाई यह तो लंबी लड़ाई है, जीतने के वास्ते मशाल जो जलाई है...इस जनवादी गीत के साथ राज्य आंदोलनकारियों ने खटीमा में शहीद हुए राज्य सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। तय कार्यक्रम के मुताबिक रामनगर के सभी आंदोलनकारी शहीद पार्क लखनपुर में एकत्र हुए और कमला जोशी के द्वारा जन गीत गाया गया। इसके बाद शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। शहीद पार्क में आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि जिस मकसद से लोगों ने इस राज्य के लिए अपनी कुर्बानी दी वह आज भी अधूरा है। जिस राज्य की कल्पना की गई वह आज भी हाशिये पर है। प्रदेश में हत्या, माफियावाद, महिला उत्पीड़न की घटनायें सामने आ रही हैं। राज्य को यदि शहीदों के सपनों के अनुरूप बनाना है तो प्रदेश में भयमुक्त समाज की स्थापना करनी होगी। इस दौरान चंद्रशेखर जोशी, नवीन नैथानी, योगेश सती, कमला जोशी, पीतांबरी रावत, डॉ. धनेश्वरी घिल्डियाल, मोहन पाठक, सुमित्रा बिष्ट मौजूद रहे।


शहीद पार्क में श्रद्धाजंलि कार्यक्रम में राज्यआंदोलनकारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



लामाचौड़ में किसानों के साथ खेतों का निरीक्षण करते कृषि वैज्ञानिक।

### रोगों के नियंत्रण व कृषि तकनीकों के बारे में बताया

**हल्द्वानी :** कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट के वैज्ञानिकों ने शनिवार को लामाचौड़ गांव का दौरा किया और किसानों को सोयाबीन, उर्द और गन्ने की फसल के बारे में सलाह दी। गांव के प्रगतिशील किसान प्रताप सिंह ने वैज्ञानिक तरीके से लगाए गए सोयाबीन की तीन प्रजातियों का निरीक्षण किया, जिसमें इन फसलों के पौधों और फलों का विकास पाया गया। विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. सी तिवारी और वैज्ञानिक डॉ. कंचन नैनवाल ने किसानों को फसलों में लगने वाले कीटों और रोगों के नियंत्रण के उपायों के बारे में बताया। डॉ. कंचन नैनवाल ने भारत सरकार की ओर से संचालित तिलहनी फसलों में लाही में क्लस्टर प्रथम पंक्ति प्रदर्शन योजना के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र की यह पहल किसानों को उनकी फसलों के बेहतर प्रबंधन में मदद और कृषि उत्पादन में सुधार करेगी।



सारथी फाउंडेशन समिति की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव को लेकर सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारियां

**हल्द्वानी :** सारथी फाउंडेशन समिति ने रविवार को मुखानी रोड स्थित एक निजी बैंक्वेट हॉल में वार्षिकोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक की। इसमें चार सितंबर के होने वाले वार्षिकोत्सव को लेकर सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गईं। संस्था अध्यक्ष नवीन पंत ने कार्यक्रम के लिए स्वागत, अतिथि आगमन स्वागत, मंच व्यवस्था, वाहन, भोजन, कार्यक्रम, आवागमन और मीडिया समिति का गठन किया और जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान अध्यक्ष नवीन पंत, सचिव ज्ञानेंद्र जोशी, योगेश पांडे, जाकिर हुसैन, कमल जोशी, जयप्रकाश, दीक्षा पंत पांडे, पूजा पंत, हेमा जोशी, मीना साही, मंजू सनवाल, गीता बेलवाल, रंजना जोशी, बबिता टकवाल, तनुजा टकवाल रहे।



चौपाल में ग्रामीणों के साथ विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### विधायक कैड़ा ने हरियाणा में भाजपा के पक्ष में मांगे वोट

**हल्द्वानी :** भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने रविवार को गोहाना विधानसभा सीट के गोहाना मंडल में वार्ड नंबर 10,15,16 व गढ़ी गांव में अलग-अलग शक्ति केंद्रों की बैठकों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आगामी चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा हरियाणा में जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान का मन बनाया है। फिर तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है।



पुलिस संचार पेंशनर्स का स्थापना दिवस मनाते अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया पुलिस संचार पेंशनर्स का स्थापना दिवस

**हल्द्वानी :** पुलिस संचार पेंशनर्स का पांचवां स्थापना दिवस भोटिया पड़ाव स्थित जौहार मिलन केंद्र में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक गिरजा शंकर पांडे ने की। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने संगठन के कार्यों का जिक्र करते हुए पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में पूर्व पुलिस अधिकारी ओपी मेहता को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खड़ग सिंह जंगपांगी, गंगा सिंह धर्मसक्तू, भुवन चंद्र पाठक, एनआर आर्या, शंकर राम आर्या, हेम सिंह मर्तोलिया, हेम चंद्र जोशी, देव सिंह नेगी, पीके जोशी, शेर सिंह बिष्ट, लीलाधर जोशी, डीपी जोशी, ऑल इंडिया पुलिस बॉक्सिंग कोच सीके जोशी, एसएस मटेलिया, महेंद्र सिंह पांगती समेत बड़ी संख्या में पूर्व पुलिस अधिकारी व कर्मचारीमौजूदरहे।




पौधरोपण के दौरान डीपीओ, जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

### पोषण कार्यशाला में महिला सुरक्षा को लेकर चर्चा

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत ब्लॉक सभागार में रविवार को पोषण माह सितंबर के मौके पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ले दीप जलाकर किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट ने पोषण को लेकर महिलाओं को जानकारी दी। इसके बाद जिपं अध्यक्ष तोलिया ने पोषण और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विचार रखे। इसके बाद बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर के तहत अमरुद, नीम और आम पौधे रोपे गए।कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर प्रियंका ने किया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी ग्रामीण शिल्पा जोशी, सुपरवाइजर चंद्र मेहरा, जानकी भट्ट, मीना आर्य, मीना गारखाल, सुशील ग्वाल, नीलम नाथ और मनीषा रहे।

### जगदीश प्रसाद अध्यक्ष व भूपाल करायत महामंत्री बने

**हल्द्वानी :** वन विभाग के पश्चिमी वृत्त का रविवार को नगर निगम सभागार में द्विवार्षिक सम्मेलन हुआ। इसमें वन बीट अधिकरी, वन आरक्षी संघ के प्रातीय अध्यक्ष हर्षवर्धन गड़िया व मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री भूपेश बिष्ट ने सम्मेलन में शामिल हुए नवनियुक्त वन आरक्षियों का स्वागत किया। इसके बाद चुनाव समिति के सदस्य और वन बीट अधिकरी, वन आरक्षी संघ के वरिष्ठ संयुक्त प्रदेश मंत्री अतुल भगत व नैनीताल वन प्रभाग अध्यक्ष नंदा प्रसाद की देखरेख में पश्चिमी वृत्त के साथ साथ तराई केन्द्रीय, तराई पूर्वी वन प्रभाग की कार्यकारिणी गठित की गई। पश्चिमी वृत्त के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, उपाध्यक्ष राजीव राठौर, महामंत्री भूपाल सिंह करायत, कोषाध्यक्ष जीवन चन्द्र आर्य को बनाया गया है। तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के अध्यक्ष किशन चन्द्र सनवाल, उपाध्यक्ष विनोद चन्द्र, महामंत्री नवल किशोर, महिला उपाध्यक्ष मीना, कोषाध्यक्ष दीपक नेगी को बनाया गया है।

# अब हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज के सभी अस्पतालों में यूपीआई से होगी बिलिंग

## पंजाब नेशनल बैंक से हुआ करार, ऑनलाइन बिलिंग की दिशा में एक और कदम बढ़ाया

**सुविधा** 1

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन सभी अस्पतालों में अब बिलिंग यूपीआई से होगी। इसके लिए पंजाब नेशनल बैंक से अनुबंध हो गया है। यह ऑनलाइन बिलिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में बीती मार्च में बिलिंग को लेकर घोटाला हुआ था जिसमें लाखों रुपये का गबन हुआ था। बिलिंग मैनुअल होने की वजह से यह घोटाला हुआ था। तब बात उठी थी कि एसटीएच में बिलिंग को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाए। जिससे वित्तीय मामलों में पारदार्शिता रहे। इधर एसटीएच में करीब एक सप्ताह पहले बिलिंग को ऑनलाइन कर दिया गया।

इसके बाद प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा था कि बिलिंग को यूपीआई माध्यम से भी जोड़ा जाएगा क्योंकि आज के समय कैशलेस प्रणाली जोरों पर चल रही है। इससे मरीजों को काफी फायदा होगा। उनका समय भी बचेगा। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने अब पंजाब नेशनल बैंक के साथ अनुबंध कर लिया है। अब एसटीएच के साथ ही स्वामी राम कैंसर संस्थान और मेडिकल कॉलेज के अधीन टीबी अस्पताल में यूपीआई के माध्यम से बिल भरने की सुविधा दी जाएगी।

प्राचार्य ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक अस्पताल के साथ पहले से ही जुड़ा हुआ है। इसलिए इस बैंक के साथ अनुबंध किया जा रहा है। अभी इसके लिए प्रशिक्षण किया जा रहा है। बैंक 15 डिवाइस मंगाएगा और बिलिंग काउंटरों पर इन डिवाइसों को लगाएगा। उम्मीद है कि 15 सितंबर से बिलिंग यूपीआई से शुरू हो जाएगी।




**कवायद**

- 15 सितंबर से बिलिंग यूपीआई से होगी शुरू
- मरीजों को मिलेगा फायदा समय की होगी बचत

### अक्टूबर से ऑनलाइन मिलेगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट

2 **हल्द्वानी :** अभी तक लोगों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट लेने के लिए थाने और चौकियों में जाना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग ने अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन देने की व्यवस्था की है। स्वास्थ्य विभाग ने मेडिको रीगल एंड पोस्टमार्टम रिपोर्टिंग सिस्टम पोर्टल तैयार किया है। अक्टूबर माह से राज्य में लोगों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन ही मिल जाएगी। मृतक के परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद लॉगइन आईडी और पासवर्ड दिया जाएगा। पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालते ही मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट डाउनलोड हो जाएगी। पोर्टल पर रिपोर्ट डाउनलोड होने में सात दिन का समय लगेगा। इसके लिए देहरादून में कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया गया है। हर जिले के फॉरेंसिक कर्मचारियों को देहरादून भेजा जा रहा है। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि पोर्टल पर कैसे चीजों को अपलोड कर उनका संचालन किया जाना है इसका प्रशिक्षण पूरा हो गया है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रहे मुसौली के ग्रामीण

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के लिए जमीन दान देने के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ न मिलने से मुसौली गांव के ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के बाहर नारेबाजी कर नाराजगी जताई। आरोप लगाया कि अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट को नौघर भेज दिया गया है, जबकि एएनएम भी कभी-कभी अस्पताल पहुंच रही हैं।

ताड़ीखेत ब्लॉक के मुसौली गांव के ग्रामीणों ने किराए के भवन में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए अपनी जमीन तक दान में दे दी, इसके बावजूद ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। समुचित स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती न होने से ग्रामीणों का सब्र भी जवाब दे गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य सेवा के लिए हल्द्वानी, नैनीताल, अल्मोड़ा, रानीखेत आदि क्षेत्रों को रुख करना मजबूरी बन चुका है। चेतावनी दी कि यदि जल्द स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती व सुविधाएं उपलब्ध नहीं हुई तो अनिश्चितकालिन धरना शुरू किया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र सिंह, जीवन सिंह, छतर सिंह, दीपक सिंह, गिरीश सिंह, पवन सिंह, कुशल सिंह मौजूद रहे।

### 108 सेवा की बदइंतजामी पर जताया रोष

**गरमपानी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुयालबाड़ी में समीपवर्ती गांव के घायल युवकों को हायर सेंटर ले जाने को आपातकालीन 108 सेवा के उपलब्ध न होने का मामला तूल पकड़ गया है। पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने 108 प्रबंधन के लापरवाह रवैए पर नाराजगी जताई है। बसगांव निवासी दो युवक बीती रात सड़क में असंतुलित होकर गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए सीएचसी सुयालबाड़ी पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया पर सीएचसी में तैनात 108 सेवा की एंबुलेंस के खराब होने व बीते तीन दिन से हल्द्वानी में खड़े होने की सूचना पर परिजन घायल युवकों को अन्य वाहन से हल्द्वानी ले जाने को मजबूर हो गए। घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने समय पर सेवा का लाभ न मिलने पर नाराजगी जताई।

# गोवा में लापता छात्र, चिट्ठी लिखकर हुआ था गायब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- गूगल पे इस्तेमाल करने पर ट्रेस हुई छात्र की लोकेशन
- महाराष्ट्र और नेपाल के दो युवकों संग ठहरा था होटल में

**अमृत विचार :** चिट्ठी लिखकर लापता हुआ बीए का छात्र गोवा में दोस्तों के साथ होटल में ठहरा था। गूगल पे का इस्तेमाल करते ही पुलिस ने छात्र की लोकेशन ट्रेस कर ली।

दुर्गा कॉलोनी से लापता हुए ओखलकांडा निवासी खुशाल सिंह बिष्ट एमबीपीजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का है। बीती 23 अगस्त की रात वह घर से तब गायब हो गया था, जब उसकी बहन अपने दूसरे भाई के साथ नुमाइश देखने गई थी। लौटी तो घर में उसकी लिखी चिट्ठी मिली। जिसमें उसने लिखा था कि उसे तलाश करने की कोशिश न की जाए। सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी ने टीम बनाकर छानबीन शुरू की। तीन दिन पहले छात्र की लोकेशन गोवा में मिली। एक टीम को गोवा भेजी गई। जहां एक निर्माणाधीन होटल के पास महाराष्ट्र और नेपाल निवासी युवक के साथ उसे बरामद कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक छात्र ने गोपनीय तरीके से बैंक में खाता खोला था। गोवा में जब उसने गूगल-पे का इस्तेमाल किया तो उसकी लोकेशन ट्रेस हो गई। सीओ ने बताया कि सोमवार को टीम छात्र को लेकर हल्द्वानी पहुंची।

# फॉरेंसिक साइंस में एक और उपलब्धि मिली

संवाददाता, हल्द्वानी

**सफलता**

- बार-बार धोने के बाद जांच में विभिन्न प्रकार के कपड़ों पर मिली वीर्य के दागों की माइक्रोस्कोपी
- हल्द्वानी निवासी सिंदूजा गुप्ता ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर पूरा किया शोध

**अमृत विचार :** समाज में बढ़ते यौन उत्पीड़न के मामलों में पुख्ता साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक साइंस भी काफी प्रगति कर रहा है। यह देखा गया है कि इस तरह के मामलों में आरोपी अपने कपड़े में मौजूद वीर्य के दागों को मिटाने के लिए उन्हें बार-बार धोने की कोशिश करता है। अब अपराधियों की सबूत मिटाने की कोशिश को विफल करने के लिए और उनको पकड़ने के लिए फॉरेंसिक साइंस में एक नई सफल रिसर्च की गई है। यह रिसर्च हल्द्वानी निवासी और आरआईएमटी विश्वविद्यालय पंजाब में फॉरेंसिक साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत सिंदूजा गुप्ता ने की है। इस शोध को अफ्रीकन जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल साइंस में प्रकाशित किया गया है।

उन्होंने अन्य सहायक प्रोफेसर मनीषा, तमोसा मुखर्जी, अमनदीप कौर, युवराज मेहता और सुभम सैनी के साथ मिलकर शोध किया। इसके अनुसार फॉरेंसिक जांच में बलात्कार के ज्यादातर मामलों में पीड़ित, अपराधी के कपड़े और अन्य सामान जैसे चादरें, तकिया, सोफा और अन्य वस्तुएं मिलती हैं, जिन पर वीर्य के दाग हो सकते हैं। इन दागों की प्रारंभिक जांच के लिए एसिड फॉस्फेट का इस्तेमाल किया जाता है और उसके बाद शुक्राणुओं की पुष्टि के लिए सूक्ष्म जांच करते हैं और इन दागों से आगे डीएनए निकाला जा सकता है। रिसर्च के दौरान प्रयोगशाला में जांच के लिए प्रस्तुत किए गए सबूतों को जानबूझकर धोया गया। शुक्राणुओं की स्थिरता और एसिड फॉस्फेट की गतिविधि जानने के लिए तीन अलग -अलग प्रकार के कपड़ों को सामान्य पानी और डिटर्जेंट के पानी से बार -बार धोया गया। इसके बाद उस पर एसिड फॉस्फेट परीक्षण किया गया जिसमें दागों की माइक्रोस्कोपी देखी गई है। फॉरेंसिक साइंस की असिस्टेंट प्रोफेसर सिंदुजा गुप्ता ने बताया कि आजकल यौन शौषण के अपराधी अपराध करने के बाद पकड़े जाने के डर से साक्ष्य मिटाने की पूरी कोशिश करते हैं। अपराधी को जिस भी सामान में अपने वीर्य मौजूद होने का खतरा महसूस होता है, वह उसे बार-बार धोता है लेकिन अपराधी यह भूल जाता है कि फॉरेंसिक साइंस इन अपराधियों की सोच से काफी आगे निकल चुकी है। उन्होंने कहा कि सफलता पूर्वक की गई यह रिसर्च केस को दिशा देने में और हल करने में बहुत सहायक साबित होगी जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी।



सिंदूजा गुप्ता।

# मकानों का किया डोर टू डोर सर्वे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रेलवे का वार्ड-32 में डोर टू डोर सर्वे जारी है। तीन दिन में 590 घरों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। वहीं, रेलवे के पुराने चिन्हित अतिक्रमण में सर्वे करने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है।

एसडीएम परितोष वर्मा व तहसीलदार सचिन कुमार के नेतृत्व में टीमें रविवार को इंदिरानगर पहुंची तो क्षेत्रवासियों ने उन्हें घेर लिया। आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट ने विस्तारीकरण के जरूरी जमीन के रकबे की जानकारी मांगी है जबकि रेलवे पुराने चिन्हित अतिक्रमण में ही सर्वे कर रहा है। एसडीएम वर्मा ने समझाया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सर्वे किया जा रहा है। टीमों ने घर-घर जाकर मकानों की संख्या, तल, परिवारों की संख्या, मुखिया के नाम, रेलवे के बेदखली के नोटिस, भूमि के मालिकाना हक के दस्तावेज आदि जुटाए।



नरसिंह तल्ला में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### कंक्रीट प्लांट के विरोध में क्षेत्रवासी भड़के, प्रदर्शन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नरसिंह तल्ला में प्रस्तावित कंक्रीट प्लांट के विरोध में क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन होगा। रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता महेश शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्रवासी त्रिमूर्ति मंदिर चौराहे पर इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने नरसिंह तल्ला में प्रस्तावित कंक्रीट प्लांट के खिलाफ पंचायत की। सभी ने एक सुर में प्लांट स्थापना का विरोध किया। प्लांट लगने से प्रदूषण होगा और भारी वाहनों की आवाजाही से हर समय सड़क हादसों का खतरा बना रहेगा। वैसे ही त्रिमूर्ति चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है, प्लांट के बाद तो जीना दूभर हो जाएगा। शर्मा ने कहा कि प्लांट के विरोध में तीन सितंबर को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी ने एक सुर में प्लांट अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की। इस अवसर पर क्षेत्र में एक व्यक्ति की ओर से अवैध ढंग से लगाई जा रही मार्केट भी बंद कराने की मांग की। इस दौरान ललित जोशी, मनोज जोशी, चन्दू आर्य, गोविन्द भारती, पूरन खनी, सोहन सिंह भड़, भुवन शर्मा, हरीश सिंह, आनंद दुर्गापाल, एडवोकेट ध्रुव पांडे शामिल रहे।

### गुलदार पर नजर रखने को लगाए जाएंगे ट्रैप कैमरे

**गरमपानी :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे रामगढ़ ब्लॉक के गांवों में पशुपालकों की एक के बाद एक कई बकरियों को मार डालने तथा दिन दोपहर नैनीपुल बाजार के नजदीक तक गुलदार की आवाजाही तेज होने से वन विभाग हरकत में आ गया है। विभागीय टीम ने गश्त कर लोगों को जागरुक किया और अहतियात बरतने की अपील की। वन दरोगा संजय टम्टा के अनुसार जरुरत पड़ने पर गुलदार की गतिविधी पर नजर रखने को ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे।

# गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब से निकाली गई प्रभात फेरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब से रविवार सुबह पांच बजे से प्रभात फेरी निकाली गई जो गुरुद्वारा साहिब से धोबी घाट, रेलवे फाटक, शास्त्री कुंज, सतपाल मोटर वाली गली, नगर निगम के सामने से होते हुए नैनीताल रोड, शखावत गंज हनुमान मंदिर वाली गली से मुड़कर नैनीताल रोड पर गंगा कॉलोनी से तिकोनिया चौराहे और ठंडी सड़क से होते हुए गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा पहुंचे।

भाई जगजीत सिंह, सहजपाल सिंह पटियाला वाले, ज्ञानी गुज्जर सिंह असद और ज्ञानी नरेंद्र सिंह करनाल वालों ने शबद कीर्तन किये। प्रबंधक कमेटी ने महिला, पुरुष और बच्चों सहित सभी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर मुख्य सेवादार रणजीत सिंह नागपाल, सचिव हरविंदर सिंह कुकरेजा, उपाध्यक्ष फतेह सिंह, मीडिया प्रभारी दलजीत सिंह दल्ली, इंद्रजीत सिंह ट्विंकल, अमरजीत सिंह बिंद्रा, परविंदर सिंह प्रिंस, कुलजीत सिंह नागपाल, परमजीत सिंह पम्मा, राजा नागपाल, डॉ. हरभजन सिंह, चरणजीत सिंह सेठी, देवेंद्र बनप्रीत सिंह, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे। रात 8 बजे से 10:30 बजे तक शहर के समूह गुरुद्वारों के कीर्तन जत्थों ने समूहिक रूप से कीर्तन किया। इसके बाद भक्तों ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया।



गुरुद्वारा से प्रभात फेरी निकालते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार




खटीमा गोली कांड की 30वीं बरसी पर शहीदों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते सीएम धामी। ● अमृत विचार


खटीमा में शहीदों के नमन कार्यक्रम में शहीदों को सलामी देते सीएम धामी और जवान। ● अमृत विचार

# राज्य आंदोलन के शहीदों को सदैव याद रखेगा उत्तराखंड

## खटीमा गोलीकांड की 30वीं बरसी पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शहीद आंदोलनकारियों को किया याद, सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** खटीमा गोलीकांड की 30वीं बरसी पर शहीद राज्य आंदोलनकारियों को मुख्मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन के शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उत्तराखंड की जनता हमेशा उनकी ऋणि रहेगी। कहा कि शहीदों के सपनों को जरूर पूरा किया जाएगा।

शहीद स्मारक पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां भी बताईं। कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण' लागू किया है। राज्य आंदोलनकारियों के परिवारों को प्रतिमाह 3000 रुपये पेंशन भी दी जा रही है। जबकि जेल गए, घायल और सक्रिय आंदोलनकारियों को क्रमशः 6000 और 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के अधिकतम दो बच्चों को स्कूलों और कॉलेजों में निःशुल्क शिक्षा, सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा और उनके आश्रितों को पेंशन की सुविधा भी प्रदान की गई है। साथ ही देश का सबसे कड़ा नकल रोधी तथा दंगारोधी कानून और समान नागरिक संहिता लागू करने का ऐतिहासिक कार्य भी हमारी सरकार ने ही किया है।

इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह राणा, शिव अरोड़ा, भुवन कापड़ी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, मंडी अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, उत्तम दत्ता, राजपाल सिंह, पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल, नन्दन सिंह खड़ायत, काशी सिंह ऐरी, दान सिंह रावत, रमेश जोशी, संतोष अग्रवाल, विवेक सक्सेना, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह बिष्ट, महेंद्र पाल, शिवशंकर भाटिया, शेर सिंह डिग्री, हरिश जोशी, भगवान जोशी, प्रकाश तिवारी, अशोक बत्रा आदि थे।


खटीमा में कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम धामी। ● अमृत विचार

### खुरपिया में बनेगी इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुरूप जल्द ही ऊधमसिंह नगर के खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी स्थापित की जाएगी। जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले तीन साल में 16 हजार युवाओं को नौकरियां, 25 करोड़ की धनराशि आपदा प्रभावितों की सहायता हेतु जनपद को जारी की है। जिसमें 12 करोड़ 68 लाख रुपये की धनराशि आपदा प्रभावितों को वितरित की जा चुकी है।

### अन्य शहरों की तर्ज पर स्थापित हो खटीमा क्लब

**खटीमा:** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर अन्य शहरों की तर्ज पर यहां खटीमा क्लब स्थापित करने की मांग की गई। भाजपा पूर्व महामंत्री हरेंद्र सिंह के आवास पर भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष दान सिंह रावत, वरुण अग्रवाल, हिमांशु बिष्ट आदि ने सीएम पुष्कर सिंह धामी के समक्ष खटीमा क्लब स्थापित करने की बात करते हुए कहा कि अन्य शहरों के नाम से क्लब स्थापित हैं। जिसके लिए भूमि और धन आवंटित करने की मांग की। उन्होंने इसके लिए पीलीभीत रोड शारदा टॉकीज के सामने की सरकारी भूमि का उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक रुद्रपुर शिव अरोड़ा, महेन्द्र ठाकुर, सतीश भट्ट, भुवन भट्ट, आदि मौजूद थे।

### वाल्मीकि समाज ने मुख्यमंत्री धामी का किया स्वागत

**खटीमा:** वाल्मीकि समाज एवं सफाई मजदूरों ने उत्तराखंड के शहीदों के सम्मान में खटीमा पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मुख्य चौराहे पर पगड़ी पहना पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियों ने सीएम धामी का पर्यावरण मित्रों का वेतन सात हजार से 15000 करने, 10 वर्ष की अवधि पूर्ण करने पर नियमित करने, साप्ताहिक अवकाश, ओवर टाइम, महिलाओं को आरक्षण, आंदोलनकारी को 10% आरक्षण देने के निर्णय पर आभार जताया। इस अवसर पर संतोष गौरव, अनिल कुमार, नीरज कुमार, राकेश कुमार, राजा विनोद कुमार, विजय, पंकज, श्याम, विक्की, विक्रम, गणेश देवी, ललिता देवी, श्यामवती, कलावती, रूपा देवी, नीतू सिंह आदि थे।


खटीमा में मुख्यमंत्री धामी को मांगपत्र सौंपते विधायक कापड़ी। ● अमृत विचार

### विधायक ने सीएम के समक्ष रखा मांगपत्र

**खटीमा:** खटीमा गोलीकांड की 20वीं बरसी पर यहां पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष विधायक भुवन कापड़ी ने विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए एक मांगपत्र सौंपा। इसमें अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के रहने के लिए निशुल्क डॉ .आंबेडकर हॉस्टल बनवाने, गौशाला के लिए अन्यत्र भूमि चयनित करने, सत्रहमील-प्रतापपुर मार्ग को हार्टमिक्स बनाने, खटीमा-मझोला मार्ग का पुनर्निर्माण कराने, नगर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सीवर लाइन का निर्माण करने, पूर्णागिरी कॉलोनी में जलभराव से निपटने के लिए नाली निर्माण कराने, मेलाघाट गांव में तीन किमी इंटरलॉक टाइल्स लगवाने, खटीमा में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज निर्माण करने, ऐंठा नाले के दोनों ओर पिचिंग करने, बाढ़ आपदा के दौरान किसानों, व्यापारियों को हुए नुकसान का अंकल कर मुआवजा देने, बाढ़ आपदा में जिनके घरों में पानी घुसा है उनको मुआवजा 50 हजार देने की मांगे शामिल रहीं।

### सभी आंदोलनकारियों को मिले 15 हजार समान पेंशन

**खटीमा:** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर भाटिया ने राज्य आंदोलनकारियों की क्षैतिज आरक्षण की मांग को पूरा करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। वहीं उन्होंने खटीमा गोलीकांड की 20वीं बरसी पर दो अन्य मांगों को रखते हुए पूरी करने की मांग की। जिसमें राज्य आंदोलन शब्द को हटाकर राज्य निर्माण सेनानी के नाम से शासन द्वारा परिभाषित करने और सभी उत्तराखंड निर्माण सेनानियों को एक समान 15 हजार रुपए मासिक पेंशन देने की मांग शामिल हैं।

# अनुसूचित जाति के लोगों को बनाएंगे मजबूत: धामी



खटीमा में अनुसूचित जाति के युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम में सीएम धामी।

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि अनुसूचित जाति के लोगों के जीवन को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाकर ही उत्तराखंड के विकास के सपने को साकार किया जा सकता है। उनका प्रयास है कि अनुचित समाज का कोई भी वर्ग विकास की राह में पीछे न रह जाए। सीएम धामी अनुसूचित जाति के युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

लोहिया हेड रोड स्थित निजी प्रतिष्ठान में अनुसूचित जाति के युवाओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनकी समस्याएं सुनी और कहा कि सरकार की ओर से अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए क्या-क्या प्रयास किया जा रहे हैं और भविष्य में उनके जीवन स्तर, शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठने के लिए कौन-कौन सी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि उनका प्रयास है कि समाज का हर वर्ग प्रदेश एवं देश के विकास में एक साथ अपना योगदान दें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह स्वयं अनुसूचित जाति के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों के उत्थान के लिए विकास के लिए दृढ़ संकल्प हैं। डॉ. संजय दिवाकर एवं उत्तम विश्वास ने अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए एकीकृत शैक्षिक संस्थान, जिसमें पॉलिटेक्निक, आईटीआई खोलने की मांग रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी और संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा और संजय दिवाकर ने की।

इस अवसर पर रुद्रपुर के विधायक शिव अरोड़ा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, अमित कुमार, राम इकबाल, सोनी देवी, मीना देवी, शिव प्रसाद, हरि प्रसाद, कपिल देव, करमजीत आदि थे। असिस्टेंट प्रो. डॉ. संजय दिवाकर एवं डॉ. उत्तम कुमार ने हिमालय पर लिखी पुस्तक सीएम धामी को भेंट की।

**संवाद**

▶▶ **मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के युवाओं की समस्याएं सुनीं**

# उपासना बनीं सहायक निदेशक उद्योग

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार:** यदि संकल्प और इरादा बुलंद हो तो व्यक्ति बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपने सपनों को साकार कर सकता है। इस बात को चरितार्थ करते हुए जसपुर के मध्यमवर्गीय परिवार की बेटी उपासना सिंह ने कठिनाइयों से लड़ते हुए पहले ही प्रयास में पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली और वे सहायक निदेशक उद्योग के पद पर आसीन हुई हैं। उन्होंने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार के साथ ही जसपुर क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।

शिवाजी नगर कॉलोनी निवासी तथा देहरादून में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत हरकेश तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबरखेड़ा में प्रधानाध्यापिका के पद तैनात किरन पवार की बेटी उपासना सिंह तीन बच्चों में ज्येष्ठ हैं। बहन निकिता सिंह एमए-बीएड तथा भाई काव्यांश इंटरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण कर रहा है। माता किरन पवार ने बताया कि उपासना सिंह बचपन से ही प्रतिभाशाली रही हैं। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभिक शिक्षा व रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीएससी करने के बाद वह पीसीएस परीक्षा की तैयारी में जुट गई थीं। उपासना सिंह ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता का गुरु जनों को दिया है।

उपासना सिंह की इस उपलब्धि पर विधायक आदेश चौहान पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, खड़क सिंह चौहान, डॉक्टर एमपी सिंह, शिक्षक नेता अमित त्यागी, खेल समन्वयक माध्यमिक केशव सिंह, ब्लॉक समन्वयक बेसिक सुभाष चंद्र, अनूप सिंह, राजेश कुमार चौधरी, शमशेर अहमद, संजय वर्मा, तस्लीम अहमद, नूतन रवि, नीतू चौधरी आदि ने उपासना सिंह को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।


उपासना सिंह को मिठाई खिलातीं उनकी माता किरन पवार। ● अमृत विचार

# दीक्षा बनीं राज्य कर विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर

**संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी**

**अमृत विचार:** साधारण परिवार की बेटी दीक्षा अग्रवाल ने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य कर विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर का पद हासिल कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पहली बार घर पहुंची दीक्षा अग्रवाल का परिजनों व नगर वासियों ने ढोल-नगाड़ों से स्वागत कर मिठाइयां बांटी।

नगर के मोहल्ला आर्य नगर निवासी विनोद अग्रवाल व गीता अग्रवाल की पुत्री दीक्षा अग्रवाल बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। दीक्षा की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर सुल्तानपुर पट्टी हुई। उन्होंने हाईस्कूल इंटरमीडिएट सरस्वती विद्या मंदिर बाजपुर से पास करने के बाद राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर से बीएससी व मास्टर डिग्री प्राप्त की। दीक्षा ने बताया कि वर्ष 2016 की पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन साक्षात्कार में असफल रही। मेहनत जारी रखी और वर्ष 2021 की उत्तराखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता हासिल की। दीक्षा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिजनों व आईएएस हरीश कांडपाल व लीना कांडपाल को दिया। कहा कि उन्होंने पढ़ाई में यूट्यूब व इंस्टाग्राम की भी मदद ली। दीक्षा अग्रवाल की उपलब्धि पर दादी विद्या देवी व चाचा आमोद अग्रवाल, नकुल अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, अनुज गुप्ता, शुभ गुप्ता, विकास बंसल, मुजफ्फर हुसैन, आशीष बंसल, अंशुल अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा किरन मौर्य, महिला जागृति समूह की अध्यक्षा राधा मौर्य, संगीता, यशोदा, तारावती, सोमवती ने दीक्षा अग्रवाल को बधाई व शुभकामनाएं दीं।


दीक्षा को मिठाई खिलाती उनकी मां व परिवार के लोग। ● अमृत विचार

**युवा संसद महोत्सव** — चन्द्रावती महाविद्यालय में हुआ युवा संसद महोत्सव का आयोजन, संसद में बिल पास करने की प्रक्रिया को समझाया

# छात्राओं को दी संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** काशीपुर के चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को संसदीय प्रक्रिया के संचालन करने की जानकारी दी गई।

शनिवार को संसदीय कार्यवाही का प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम स्पीकर महोदय द्वारा युवा सांसदों का स्वागत करते हुए उन्हें शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यवाही को आगे बढ़ाने से पूर्व सदन के दिवंगत सदस्यों को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। जिसके बाद प्रश्नकाल की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। जिसमें प्रतिपक्ष के सदस्यों द्वारा शिक्षा, रोजगार, महंगाई, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये। जिसका सरकार के विभागीय मंत्रियों द्वारा सदन में उत्तर दिया गया। कुछ प्रश्नों के उत्तर में प्रतिपक्ष के सदस्यों द्वारा कड़ी आपत्ति जताई गई और सरकार पर झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया गया। शून्य काल में भी लोक महत्व के महत्वपूर्ण प्रश्नों को पूछा गया। भोजनावकाश के पश्चात् सदन में समान नागरिक संहिता जैसा महत्वपूर्ण बिल प्रस्तुत किया गया। जिसे जोरदार विचार- विमर्श के बाद पारित किया गया। अन्त में प्रधानमंत्री के अभिभाषण से अध्यक्ष द्वारा सदन समाप्ति की घोषणा की गई। सदन में अध्यक्ष की भूमिका में खुशी सिंह, प्रधानमंत्री कुन्ती साहनी, गृहमंत्री रीना कौर, विपक्ष के नेता काजल कश्यप रही।


काशीपुर के चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा संसद में भाग लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### हजारों की नगदी व जेवर लेकर किशोरी घर से फरार

**बाजपुर:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी रविवार तड़के घर से गायब हो गई। सुबह जब किशोरी घर में नहीं मिली तो उसकी ढूंढ-खोज शुरू हुई। बाद में परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी तहरीर दे दी। बताया जाता है कि किशोर घर में हजारों की नगदी, सोने के आभूषण, आधार कार्ड आदि ले गई है और उसके अपनी सहेलियों के साथ कहीं बाहर जाने की बात कही जा रही है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र स्वर्गीय श्री नवीन सिंह के द्वारा त्रुटीवश मेरा नाम देवकी देवी दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम जय देवी है। मेरे अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम जय देवी ही दर्ज है। यह दोनों नाम एक ही महिला के हैं।

**जय देवी पत्नी स्वर्गीय श्री उदय सिंह निवासी ग्राम दुधौरी पोस्ट अमोड़ी तहसील व जिला चंपावत (उत्तराखंड)**

**कार्यालय इम्पार्ट, हल्द्वानी बाई पास रोड, किशनपुर किच्छा, उधमसिंह नगर 263148 (उत्तराखण्ड)**
(मुख्यमंत्री महिला सत्त आजीविका योजनान्तर्गत)

**निविदा प्रकाशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (मुख्यमंत्री महिला सत्त आजीविका योजनान्तर्गत) प्रशिक्षित महिलाओं हेतु सिलाई मशीन, ब्यूटी पार्लर के समान हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य का अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित फर्म से निविदा प्रकाशन दिनांक 02.09.2024 से दिनांक 11.09.2024 तक निविदा फार्म शुल्क रू. 590.00 जमा कर हमारे कार्यालय इम्पार्ट, हल्द्वानी बाई पास रोड, किशनपुर किच्छा, उधमसिंह नगर 263148 से प्राप्त कर सकते है।

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 11.09.2024 को शाम 05 बजे तक एंव निविदा खुलने की तिथि दिनांक 12.09.2024 को 11:30 बजे होगी। यह कि एक या समस्त निविदाता की निविदा को निरस्त करने का अधिकार सस्था के पास रहेगा।

**सचिव, इम्पार्ट**

**कार्यालय पर्यावरण एवम् जन कल्याण समिति**
पता- वार्ड नं.-03 शिवपुरम कालोनी बण्डिया किच्छा जिला उधमसिंह नगर 263148 (उत्तराखण्ड)
(मुख्यमंत्री महिला सत्त आजीविका योजनान्तर्गत)

**निविदा प्रकाशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (मुख्यमंत्री महिला सत्त आजीविका योजनान्तर्गत) प्रशिक्षित महिलाओं हेतु सिलाई मशीन, ब्यूटी पार्लर के समान हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य का अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित फर्म से निविदा प्रकाशन दिनांक 02.09.2024 से दिनांक 11.09.2024 तक निविदा फार्म शुल्क रू. 590.00 जमा कर हमारे कार्यालय पर्यावरण एवं जन कल्याण समिति, पता- वार्ड नं.-03 शिवपूरम कालोनी बण्डिया किच्छा जिला उधमसिंह नगर 263148 (उत्तराखण्डऋ) से प्राप्त कर सकते है।

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 11.09.2024 को शाम 05 बजे तक एंव निविदा खुलने की तिथि दिनांक 12. 09.2024 को 11:30 बजे होगी। यह कि एक या समस्त निविदाता की निविदा को निरस्त करने का अधिकार सस्था के पास रहेगा।

**व्यवस्थापक, पी.ई.जे.के.एस.**

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद् की आवास योजना, किच्छा में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या- ए-66 क्षेत्रफल - 40.49 वर्ग मीटर कार्यालय के प्रदेशन पत्र संख्या-1157 /सं0प्र0/दिनांक- 25-01-1989 द्वारा श्रीमती प्रेम नरूला पत्नी श्री ओ0पी0 नरूला के पक्ष में आंबटित किया गया था। आबंटी द्वारा उक्त भवन का भौतिक कब्जा परिषद से दिनांक 30.07.1989 को स्वयं प्राप्त किया गया था। आबंटी द्वारा आवश्यक विलेखों के निष्पादनोंपरान्त उक्त भवन का विक्रय विलेख परिषद से अपने पक्ष में दिनांक- 18.12.1998 को निष्पादित करा कर उप-निबन्धक कार्यालय किच्छा में दिनांक 29.12.1998 को पंजीकृत करा लिया था। श्री मनमोहन मल्होत्रा पुत्र स्व0 श्री हंसराज मल्होत्रा ने सूचित किया है आबंटी श्रीमती प्रेम नरूला पत्नी श्री ओम प्रकाश नरूला द्वारा भवन संख्या-ए-66 का विक्रय उनकी माता श्रीमती विद्यावती मल्होत्रा पत्नी श्री हंस राज मल्होत्रा, निवासी- ए-66 आवास विकास कालौनी, किच्छा तहसील किच्छा जिला उधमसिंह नगर के पक्ष में किया गया था। क्रेता ने उक्त भवन का विक्रय पत्र रू0 108000.00 के मुल्य पर उप निबन्धक कार्यालय, किच्छा में दिनांक 28-12-1998 को अपने पक्ष में पंजीकृत करा लिया था। श्रीमती विद्यावती मल्होत्रा पत्नी श्री हंस राज मल्होत्रा की मृत्यु दिनांक- 04.03.2018 को हो गयी है, तथा श्रीमती विद्यावती मल्होत्रा पत्नी श्री हंस राज मल्होत्रा द्वारा अपने जीवन काल में एक रजिस्ट्रड वसीयत उप-निबन्धक कार्यालय किच्छा में दिनांक- 20.03.2009 को पंजीकृत करायी गयी है। जिस पंजीकृत वसीयत में उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि उनकी मृत्यु के पश्चात उनकी सम्पत्ति भवन संख्या- ए-66 पर अधिकार व स्वामित्तव उनके पुत्र श्री मनमोहन मल्होत्रा पुत्र स्व0 श्री हंसराज मल्होत्रा का होगा। श्री मनमोहन मल्होत्रा पुत्र स्व0 श्री हंसराज मल्होत्रा द्वारा दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या-ए-66 का अन्तरण अपने पक्ष में वसीयत के आधार पर करने का अनुरोध किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को परिषद की आवास योजना, किच्छा में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या- ए-66 का अन्तरण वसीयत के आधार पर श्री मनमोहन मल्होत्रा पुत्र स्व0 श्री हंसराज मल्होत्रा के पक्ष में किये जाने में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति विधि साक्ष्यों, प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड में प्रस्तुत करने का कष्ट करें। उक्त निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर परिषद नियमानुसार उक्त भवन का अन्तरण वसीयत के आधार पर श्री मनमोहन मल्होत्रा पुत्र स्व0 श्री हंसराज मल्होत्रा के पक्ष में कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी व्यक्ति का किसी प्रकार का कोई भी क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नहीं होगा।

(पंकज कुमार उपाध्यक्ष)
अपर आवास आयुक्त
उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद, ऊधम सिंह नगर

एक नजर

## अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 31 मार्च को जाफरपुर के पास सड़क दुर्घटना के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार खेमरी बिलासपुर रामपुर निवासी व मूल निवासी सरस्वती विहार कालोनी भूरारानी निवासी ऋषभ कुमार ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि वह 31 मार्च की रात आठ बजे बाइक से अपने घर खेमरी जा रहा था। ग्राम जाफरपुर में ओम बेकरी के पास गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस बीच वहां राहगीरों का जमावड़ा लगना शुरू हो, लेकिन इससे पहले ही बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया था। राहगीरों ने उसे किच्छा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। एक अप्रैल को उसके घुटने का ऑपरेशन हुआ। इसके बाद उसने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट आदेश पर पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

### 20 हजार करोड़ का होगा निवेश, करीब एक लाख को मिलेगा रोजगार, पूर्व विधायक बोले-जल्द होगा सीएम धामी का अभिनंदन

# स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी बनने से होगा तराई क्षेत्र का विकास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि किच्छा के खुरपिया में स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी की सौगात देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आत्मनिर्भर भारत के नेतृत्व में आत्मनिर्भर एवं सक्षम उत्तराखंड बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे किच्छा के साथ ही तराई एवं उत्तराखंड का विकास होगा। राजस्व एवं जीएसटी की प्राप्ति के साथ ही प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से बड़े पैमाने पर ऐतिहासिक रोजगार मिलेगा।

रविवार को किच्छा के पूर्व विधायक शुक्ला ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि जिस तरह राज्य बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के दिए पैकेज का उपयोग सिडकुल बनाकर तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण तिवारी ने ऐतिहासिक कार्य किया। अब औद्योगिक नगर बसाने का काम करने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री से उत्तराखंड के लिए स्मार्ट सिटी के रूप में 1002 एकड़ जमीन में इतना बड़ा कार्य कराया है। इसमें करीब 20 हजार करोड़ का निवेश होगा और एक लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर, सक्षम एवं सशक्त राष्ट्र बन रहा है। देश के 10 राज्यों में 12 स्थान को इस औद्योगिक गलियारा में शामिल कर स्मार्ट सिटी का रूप देने से 2047 में देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। इसमें एक स्थान खुरपिया किच्छा को मिलना उत्तराखंड के एवं तराई के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि एक पखवाड़े के भीतर ही मुख्यमंत्री धामी को किच्छा में आमंत्रित कर ऐतिहासिक रूप से नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने देहरादून में मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात कर बधाई देते हुए उन्हें आमंत्रण पत्र सौंप दिया है।


पत्रकारों को जानकारी देते किच्छा के पूर्व विधायक शुक्ला। ● अमृत विचार


मुख्यमंत्री धामी को स्मृति चिन्ह भेंट करते वरिष्ठ भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजपाइयों ने सीएम धामी का जताया आभार

**किच्छा :** खुरपिया को इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के निर्णय के बाद रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उनका आभार जताया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सीएम धामी को सम्मानित किया। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने कहा कि वर्षों से उपेक्षित किच्छा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद निरंतर विकास की डोर से जोड़ने का जो सराहनीय कार्य किया जा रहा है, उसके लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी भी बधाई के पात्र हैं।

## सांप के डसने से मासूम की मौत

**खटीमाः** मझोला गांव में परिजनों के साथ घर पर सो रही छह वर्षीय बच्ची की सर्पदंश से मौत हो गई है।

मझोला निवासी जसवीर सिंह की छह वर्षीय पुत्री मनकीरत कौर कमरे में अपनी मां पवनदीप कौर, छोटी बहन हरकीरत कौर और भाई करमजोत सिंह के साथ बिस्तर पर सो रही थी। इसी दौरान एक विषैले सांप ने मनकीरत को डस लिया। जसवीर सिंह सितारगंज सिडकुल से घर पहुंचे तो सांप को कमरे से निकलता देख भगा दिया। कुछ देर बाद मनकीरत की तबीयत बिगड़ने पर सांप के डसने का आभास हुआ।

मासूम को लेकर पोलीगंज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। हायर सेंटर ले जाते समय मासूम ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर हड़प लिए आठ लाख रुपये

### पीड़ित महिला का आरोप- दंपत्ति ने बड़े रसूखदारों से जान पहचान का दिया झांसा, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** भूरारानी निवासी एक महिला ने अपने पड़ोसी पर बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि इस मामले को लेकर जब उन्होंने पुलिस से शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। अब पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हंस विहार कालोनी भूरारानी निवासी मीना देवी पत्नी आन सिंह ने कोर्ट को दिए शिकायती पत्र में कहा था कि वह गृहिणी है। पड़ोस में उसकी बहन कमला बिष्ट भी रहती है। बहन के माध्यम से उनकी पहचान सीओडी लेबर कॉलोनी ज्वालानगर रामपुर निवासी नीरज पत्नी रामपाल से हुई। इस बीच नीरज ने बताया कि उसके पति रामपाल की कई रसूखदारों से पहचान है। कई व्यक्तियों को उच्च पदों पर सरकारी नौकरी में लगवा चुके हैं। उसके परिवार एवं रिश्तेदारी में कोई बेरोजगार नौजवान है तो वह अच्छी नौकरी दिला सकती है। इसमें पांच लाख रुपये का खर्चा आने की बात कहीं।

नीरज की बातों में आकर उसने अपने पुत्र रविंद्र धामी की नौकरी लगवाने के लिए कहा। इसके बाद नीरज के पति रामपाल ने अपनी ई-मेल आईडी से उसके पुत्र रविंद्र का उत्तराखंड पब्लिक सर्विस कमीशन का फार्म भरा और अपनी ईमेल आईडी से परीक्षा प्रवेश पत्र डाउन लोडकर उपलब्ध कराया। 21 मार्च 2022 को उसने रामपाल के खाते में तीन लाख रुपये जमा करवा दिए। इसके बाद अपनी रिश्तेदारी से कर्ज लेकर अलग-अलग तिथियों में छह लाख रुपये नीरज और उसके पति रामपाल को दिए। 12 फरवरी 2023 को उसका पुत्र रविंद्र उत्तराखंड पब्लिक सर्विस कमीशन का पेपर देने देहरादून गया। परीक्षा का परिणाम न आने पर उसने रामपाल और उसकी पत्नी नीरज से संपर्क किया तो वह टालमटोल करने लगे।

जब सख्ती से पूछताछ की तब परीक्षा की एक फर्जी ओएमआर उत्तर शीट रामपाल ने खुद भरकर दी। साथ ही कहा कि यह वह उत्तर शीट है जो उसने रविंद्र की परीक्षा शीट बदल कर जमा की है। जिससे वह परीक्षा में पास हो जाएगा। मीना देवी के अनुसार कुछ समय बाद परीक्षा परिणाम नहीं आया तो रामपाल बहाने बनाने लगा और बताया कि रविंद्र ने परीक्षा में अंग्रेजी में हस्ताक्षर कर दिए हैं, जबकि फार्म में हिंदी में हस्ताक्षर किए हैं। इसलिए उसकी परीक्षा का परिणाम रोक दिया गया है। पुलिस अब ओएमआर शीट की जांच कर रही है। अगर अपने पुत्र को बचाना चाहती हैं तो एक लाख रुपये का इंतजाम करो। वरना पुलिस रविंद्र को जेल भेज देगी।

पीड़िता के शिकायती पत्र के अनुसार पुत्र को बचाने के लिए उसने रामपाल और नीरज को एक लाख रुपये और दे दिए। साथ ही उसके पुत्र के मूल दस्तावेज जो परीक्षा फार्म भरने के समय दिए गए तो उसके एवज में भी उन्होंने एक लाख रुपये ले लिए। पीड़िता का आरोप है कि पति-पत्नी ने सरकारी नौकरी का लालच देकर उससे आठ लाख से अधिक की नकदी हड़प ली है। जब रुपये वापस मांगे तो धमकी देने लगे। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्हें कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। वहीं अब पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एचडीबी फाइनेंस कंपनी का एचआर बताकर हड़प लिए 7.64 लाख


**रुद्रपुर :** सस्ते दाम में गाड़ी उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार एलाइंस किंग्सटन फेस-दो निवासी शमशेर सिंह ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसकी मुलाकात 11 मई 2023 को मित्र के भाई की शादी में एरो सिटी राधा स्वामी सत्संग आश्रम इज्जतनगर बरेली निवासी आशीष से हुई थी। आशीष ने खुद को एचडीबी फाइनेंस कंपनी का एचआर बताया। उनकी फाइनेंस कंपनी लोन पर खिंचे हुए वाहनों को सस्ते दामों में नीलाम करती है। खास व्यक्ति होने पर उसे बिना नीलामी के ही सस्ते दाम में गाड़ी उपलब्ध करा देते हैं। आशीष पर विश्वास कर उसने अलग-अलग तिथियों में 7 .64 लाख रुपये ट्रांसफर किए। आशीष ने छह सप्ताह के भीतर वाहन का रजिस्ट्रेशन कराकर उपलब्ध कराने का भरोसा दिया था। बावजूद तय समय के बाद भी गाड़ी नहीं मिली। जब उसने आशीष के मोबाइल पर संपर्क किया तो वह टालमटोल करने लगा। शक होने पर वह आशीष के बताए गए कंपनी कार्यालय एचडीबी फाइनेंस सर्विसेस न्यू आर्य नगर गाजियाबाद पहुंच गया। जहां पता चला कि आशीष कंपनी से काम छोड़ चुका है। उसने आशीष को फोन किया तो वह गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। उसने इसकी शिकायत ने उसने पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अमेरिका की नागरिकता दिलाने के नाम पर हड़पे 11,90,018 रुपये

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** मिलक खानम स्वार रामपुर निवासी एक व्यक्ति ने डिबडिबा बिलासपुर निवासी एक परिवार पर अमेरिका की नागरिकता दिलाने के नाम पर 11,90,018 रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने इस संबंध में संबंधित के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम सैंदनगर मिलक खानम स्वार रामपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि वह अमेरिका की नागरिकता लेना चाहता था। इसको लेकर उसकी मुलाकात ग्राम डिबडिबा बिलासपुर निवासी नरेंद्र सिंह और उसकी पत्नी रमन से हुई। नागरिकता को लेकर वे नरेंद्र सिंह टूर एंड ट्रेवल्स नाम से रुद्रपुर काशीपुर बाइपास रोड स्थित उनके कार्यालय पर गये। इस दौरान उन्होंने बताया कि वे कई लोगों को नागरिकता दिला चुके हैं। कई लोग विदेशों में नागरिकता लेकर रह रहे हैं। अमेरिका की नागरिकता के लिए



20 लाख का खर्च आएगा।

इसके बाद उन्होंने अलग-अलग तिथियों में 11,90,018 रुपये दिए। इसके बाद उन्होंने एक माह के भीतर उन्हें अमेरिका की नागरिकता मिलने का भरोसा दिया। काफी समय बीतने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं आया तो उन्होंने नरेंद्र सिंह से संपर्क किया। जिस पर दोनों पति पत्नी टालमटोल करने लगे। बाद में काल भी उठानी बंद कर दी। इसकी शिकायत उन्होंने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर दोनों पति-पत्नी के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा हरी है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो नामजद समेत 6 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

कार्रवाई
- धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने का है मामला
- नवंबर 2023 में रम्पुरा क्षेत्र की है घटना

**अमृत विचारः** रम्पुरा क्षेत्र में धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं करने के बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो नामजद समेत छह अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रम्पुरा वार्ड नंबर 23 निवासी वीरू पुत्र याद राम ने कोर्ट को शिकायती पत्र सौंपा था। इसमें कहा गया कि नवंबर 2023 में सत्यम कोली अपने तीन-चार अन्य साथियों के साथ किसी व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे थे। इतना ही तमंचा लहराकर और फायरिंग कर लोगों को धमकियां दे रहे थे। किसी के बीच में आने गोली मारने की धमकी भी दे रहे थे। जिसकी शिकायत किसी ने रम्पुरा चौकी में कर दी थी। इसके बाद जब पुलिस जांच के लिए मोहल्ले में पहुंची और उसके घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे से वीडियो फुटेज निकालकर ले गई थी। जिसके बाद सत्यम को जेल भेज दिया गया। इस बात को लेकर सत्यम और उसके साथी उससे रंजिश रखने लगे। साथ ही कहने लगे कि पुलिस को साक्ष्य देकर अच्छा नहीं किया। मौका मिलने पर सबक सिखाया जाएगा। जनवरी 2024 में सत्यम जमानत पर जेल से बाहर आया तो साथियों के साथ उसकी रेकी करने के साथ ही उसका पीछा करने लगे।

28 मार्च 2024 की रात वह बाइक से गल्ला मंडी की ओर जा रहा था। इसी बीच गल्ला मंडी मोड़ पर शराब भट्टी के पास सत्यम कोली और बाली अपने करीब छह अन्य साथियों के साथ आया और उस पर हमला कर दिया। सत्यम ने तमंचे से उसकी गर्दन पर वार कर दिया। जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गया। बाद में उसे मरा समझ कर नाले में फेंक दिया और वे फरार हो गए। इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कोर्ट का सहारा लिया। अब पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सत्यम कोली, बाली और उनके करीब छह अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार महिला की चेन झपटी

संवाददाता, रुद्रपुर

दुस्साहस
- स्कूटी से घर जा रही थी महिला
- गंगापुर रोड पर बाइक सवार युवकों ने दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचारः** रुद्रपुर में चैन स्नेचिंग के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिवस गंगापुर रोड में राह चलते बाइक सवार युवकों ने एक महिला के गले की चेन झपट ली। महिला स्कूटी से घर जा रही है। चैन लुट की घटने से स्कूटी अनियंत्रित हो गयी। हालांकि महिला बाल-बाल बच गयी। बाद में महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर मदद की गुहार लगायी।

पुलिस को सौंपी तहरीर में दक्ष चौराहा गंगापुर रोड जेसीज सिटी निवासी विभा गिरि ने बताया कि वह शनिवार को बैंक से अपनी स्कूटी से घर की ओर जा रही थी। इस बीच सैंट मैरी स्कूल के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले की सोने की चेन झपट ली। जिससे स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वह बाल बाल गिरने से बच गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए और बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वह नहीं मिले। इसके बाद पीड़िता सीधे अपने घर चली गई। बाद में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप मोहन पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक सवारों की तलाश की जा रही है। इसके अलावा बाइक सवारों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही बाइक सवारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुर्गे को लेकर विवाद में पति की आंख फोड़ दी

**बाजपुरः** मुर्गा ढूंढने को लेकर पति-पत्नी में हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने अपने विकलांग पति की लकड़ी की फंटी से आंख फोड़ दी और उसे घायल कर दिया।

परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। शनिवार देर शाम मुनेश (60) का पालतू मुर्गा गायब हो गया। उसने पत्नी दुलारी से मुर्गा ढूंढने को कहा। जिस पर उसकी पत्नी आग बबूल हो गई। गुस्से में आकर दुलारी ने पति को घायल कर दिया और आंख फोड़ दी। घायल की मां फूलकली ने बताया कि घटना के वक्त में घर में मौजूद नहीं थी। मुर्गा ढूंढने को लेकर विवाद हुआ था।

# कविताओं से भरा आंदोलनकारियों में जोश

सत्याग्रह
- बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर सत्याग्रह जारी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को 13 माह पूरे हो गए हैं। रविवार को आंदोलनकारियों ने काव्य गोष्ठी का आयोजन कर काव्य पाठ के माध्यम से आंदोलन में जोश भरा।

वहीं खटीमा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही देश के चर्चित कवि दुष्यंत कुमार व महाभारत की पटकथा व संवाद लेखन करने वाले राही मासूम राजा के जन्म दिवस पर उन्हें याद किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता किसान नेता दलजीत सिंह रंधावा व संचालन जनकवि बल्ली सिंह सिंह चीमा ने किया। इस दौरान भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, महेंद्र सिंह रंधावा, लखविंदर सिंह, सन्नी निज्जर, देवेश प्रताप सिंह आदि ने दुष्यंत कुमार, बल्ली सिंह चीमा, शिव कुमार बटालवी सहित सुप्रसिद्ध कविओ की कविताओं के माध्यम से विचार रखे। वहीं भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के 399वें दिन क्रमिक अनशन पर कुलबीर सिंह, सिकंदर सिंह, महेंद्र सिंह, सुखजीत सिंह व राजा समरा को जगतार सिंह बाजवा व भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने बैठाया।



अनशन स्थल पर आयोजित काव्य गोष्ठी को संबोधित करते जगतार सिंह बाजवा।

### सरकार से हो रही बातचीत

**बाजपुर :** भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि बाजपुर 20 गांव के भूमि मामले को लेकर सरकार के साथ बातचीत का क्रम जारी है। पांच सितंबर को अगले दौर की वार्ता प्रस्तावित है। हम आशा करते हैं कि सरकार अपने वादे के मुताबिक बाजपुर के हजारों परिवारों को उनके भूमिधरी अधिकार सौंप कर न्याय देने का काम करेगी।

गठन — अधिवेशन में पूर्व जिला कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन, योगेश तिवारी बने मंत्री

# कृष्ण कांधा बने भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** भारतीय किसान संघ का जिला अधिवेशन सरस्वती बाल विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। इस दौरान पूर्व की जिला कार्यकारिणी को भंग कर नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें कृष्ण कांधा तिवारी को दोबारा से संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया, जबकि मंत्री योगेश तिवारी को बनाया गया। नई कार्यकारिणी का गठन निर्वाचन अधिकारी कुशल पाल की देखरेख में किया गया। वहीं कार्यकारिणी गठन के बाद संघ पदाधिकारियों ने रैली ण् भी निकाली।

रविवार को कार्यकारिणी गठन के बाद निर्वाचन अधिकारी पाल ने बताया कि नई जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष और मंत्री के अलावा बलविंदर सिंह और ब्रह्मानंद तिवारी को उपाध्यक्ष, प्रदीप सिंह और राकेश राय को सहमंत्री, श्याम सिंह को कोषाध्यक्ष, श्रवण सिंह को युवा प्रमुख, मंजू कैंथोला को महिला प्रमुख, महामाया मिश्रा को बीज प्रमुख, रवीता ठाकुर, निर्मला पाठक, उमेश मणि तिवारी और रमेश राय को सदस्य चुना गया है। इस दौरान नई जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष कृष्ण कांधा और मंत्री योगेश तिवारी ने कहा कि संघ ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका ईमानदारी से पालन करेंगे। इसके अलावा भारतीय किसान संघ को एकजुट कर मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संघ की समस्याओं को लेकर कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया जाएगा। इससे पूर्व अधिवेशन में वक्ताओं ने संघ की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सुकरम पाल राणा, प्रगतिशील किसान विरेंद्र चौधरी समेत कई लोग मौजूद रहे।


भारतीय किसान संघ की नई जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व अतिथि। ● अमृत विचार

## वाहन की चपेट में आने से दो पीआरडी जवान घायल

**गदरपुरः** तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की चपेट में आने से दो पीआरडी के जवान घायल हो गये। उन्हें गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

होमगार्ड महेन्द्र सिंह एवं पीआरडी नंदराम रात्रि की डयूटी कर बाइक से थाने आ रहे थे। जब वह थाने गेट पर पहुंचे तो काशीपुर की ओर से तेज गति से आ रही एक बोलेरो कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने उन्हें तुरन्त सामुदायिक अस्पताल ले गए। जहां उनकी स्थिति गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# ई-रिक्शा के विवाद में दर्ज हुआ आरोपियों पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर पड़ोसी के साथ हुए विवाद मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पहाड़गंज निवासी नाजिश पत्नी असगर ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसकी भांजी के पति जाबिर घर के पास ही अपना ई-रिक्शा खड़ा करते हैं। इसको लेकर पड़ोस में रहने वाले नवाब, उसके पुत्र रिजवान, बिलाल और फैजान उसके भांजी के पति से विवाद करते हैं। 20 मार्च 2024 की शाम नवाब और उसके पुत्रों से उसकी भांजी के पति जाबिर का विवाद हो गया। शोर होने पर वह बीच बचाव को गई तो उसके साथ भी मारपीट की गयी। 21 मार्च की सुबह उसका पति असगर और भांजी का पति जाबिर जब मस्जिद से नमाज पढ़कर घर को लौट रहे थे तो नवाब और उसके पुत्र रिजवान, बिलाल, फैजान और माजिद अली, शाकिर तथा सुखे ने रास्ता रोक लिया। साथ ही धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। जबरन घर में घुस भी अभद्रता की गयी। इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया है।

निरपेक्षो निर्विकारो निर्भर : शीतलाशय : ।
अगाधबुद्धिरक्षुब्धो भव चिन्मात्रवासन : ॥

आप सुख साधन रहित, परिवतर्नहीन, निराकार, अचल, अथाह जागरूकता और अडिग हैं। इसलिए अपनी जाग्रति को पकड़े रहो।

## संपादकीय

# जीडीपी वृद्धि में कमी

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में बड़ी वृद्धि प्रदर्शित की है, जहां यह विश्व स्तर पर 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ती हुई 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। हालांकि कृषि समेत कई क्षेत्रों में समान रूप से प्रगति नहीं हुई है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की रफ्तार 15 महीने में सबसे कम, 2024-25 की पहली तिमाही में 6.7 फीसदी रही। जबकि जीडीपी पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 8. 2 फीसदी से दर से बढ़ी थी। कहा जा सकता है कि वास्तविक आंकड़े निराशाजनक हैं और आर्थिक रफ्तार में गिरावट का संकेत देते हैं। शनिवार को रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आचार संहिता के लागू रहने से पहली तिमाही के दौरान सरकारी खर्च पर असर पड़ा। आचार संहिता के चलते सार्वजनिक खर्च में कमी आई, जिसका असर पहली तिमाही के आर्थिक आंकड़ों पर पड़ा। इससे पहले सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी जीडीपी ग्रोथ रेट कम होने के लिए चुनाव को जिम्मेदार बता चुके हैं। महत्वपूर्ण है कि निजी उपभोग व्यय बढ़कर 7.4 फीसदी के छह-तिमाही के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जिसकी आंशिक वजह हेडलाइन मुद्रास्फीति में कमी है।

भारत अभी भी इस साल 6.5 फीसदी से सात फीसदी तक की दर से विकास कर सकता है, लेकिन आशंका है कि 2025-26 में विकास दर घटकर 6.5 फीसदी रह जाएगी और मध्यम अवधि की संभावनाएं भी इसी आंकड़े के आसपास रहेगी। मानसून के अच्छा रहने से इसमें भी सुधार की उम्मीद है। कुल मिलाकर आने वाली तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर सुधरने की उम्मीद है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह जानकारी दी कि भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले व्यापार घाटे के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। भारत के आर्थिक सुधार और विकास को लेकर शुरू किए गए कार्यक्रम की गति को बनाए रखने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम तेजी से हो सके। आर्थिक नीति में भारत के आर्थिक परिदृश्य में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना शामिल है। भारतीय अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने के लिए सरकार को निवेश वृद्धि पुनरुद्धार को प्राथमिकता देनी चाहिए। नीति निर्माताओं को अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं में तत्काल सार्थक सुधार करने और इसके संस्थानों की दक्षता में सुधार करने की जरूरत है।

# फ्रायड के सिद्धांत पुराण विद्या के अध्ययन का ही परिणाम


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भाषाशास्त्री जानते हैं कि शब्द बिंब से बनता है। परिवेश के बदलने पर बिंब का अर्थ भी बदल जाता है, इसीलिए एक पीढ़ी के बाद दूसरी पीढ़ी में जाकर शब्द का मूल अर्थ बदल जाता है। मैक्समूलर ने माना कि भाषा और अभिव्यक्तिशैली का पीढ़ियों के क्रम से बहुत गहरा संबंध है।

सामान्यतया इस प्रकार का परिवेश बन गया है कि मिडिल-मैट्रिक वाला मामूली पढ़ा-लिखा आदमी भी पुराण के संबंध में ऐसी ही बात कह देता है और कुछ ऐसी शान से कहता है कि यह कहने के बाद अब उसने वैज्ञानिक दृष्टि प्राप्त कर ली है और अब वह प्रगतिशील वाली पंक्ति में आ गया है। इसके बहुत से कारण हैं,जिनमें एक बड़ा कारण यह भी है कि पुराण को इतिहास का सच मान लिया जाता है और पुराण भाषा को आधुनिक भाषा समझ लिया जाता है और सामान्य शब्दार्थ की प्रक्रिया से पुराण की बात को श्रद्धापूर्वक स्वीकार कर लिया जाता है।

इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि मिथक इतिहास की रचना है, किंतु मिथक इतिहास नहीं है। दूसरी बात मोटिफ इंडेक्स (अभिप्राय अनुक्रमणिका) बनी ही नहीं,जबकि वह मिथक के लिए एबीसीडी है,जैसे-आकाशवाणी है,शाप और वरदान है। सीता का धरती से जन्म लेना,धरती में समा जाना,यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना,रावण के दस सिर होना,नाभि में अमृतकुंड,पसीने की बूंद,कानके मैल,अग्निकुंड,घट,फल आदि से जन्म होना,कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना,वृद्ध का युवा बन जाना,अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना,कल्पवृक्ष। ये मोटिफ हैं, बिंब, मिथकीय भाषा की वर्णमाला।

पुराण आधुनिक काव्य नहीं है, वह इतना पुराना है कि हम उसके लिखित रूप के काल का तो अनुमान कर सकते हैं,किंतु वाचिक परंपरा का काल निर्णय करने के लिए हमारे पास कोई पक्का आधार है ही नहीं,पुराण का विकास वाचिक परंपरा में हुआ है और प्रत्येक देश-काल में उसने अपना कायाकल्प किया है। कुछ लोग ऐसे भी हैं,जो सोचते हैं कि पुराण अंधविश्वास के स्रोत हैं और उनको समाप्त कर देना चाहिए। ऐसे लोग मनुष्य के अवचेतन-मन,समष्टि-अवचेतन मन से परिचित नहीं हैं, वे नहीं समझ सकते कि यह जातीय-मानस है और इसे समाप्त करना ऐसी असंभव कल्पना है। जैसे कोई कहे कि हिमालय से बहने वाले किसी जल-प्रवाह को बंद कर दो या रोक दो। भारतीय जन का पीढ़ी दर पीढ़ी जीवन उन पुराणगाथाओं के साथ व्यतीत हुआ है,वे स्मृतियां उसके अचेतन मन की तहों में बैठी हुई हैं। वास्तव में मनुष्य को समझने के लिए पुराण अत्यंत मूल्यवान अध्ययन सामग्री है। फ्रायड और जुंग के सिद्धांत पुराण विद्या के अध्ययन का ही परिणाम थे। भाषाविदों ने पुराण-भाषा का अध्ययन किया है। यह तो ठीक है कि भाषा की रचना बिंबों के आधार पर ही होती है,पुराण-भाषा का आधार भी बिंब हैं और आधुनिक भाषा का आधार भी बिंब ही हैं, किंतु पुराण-भाषा के बिंब और आधुनिक भाषा के बिंबों में जमीन-आसमान का अंतर है। मिथक अपने आपमें अभिव्यक्ति की शैली है। पौराणिक गाथाओं की इस अभिव्यक्तिशैली तथा भाषा पर पश्चिम में सबसे पहले मैक्समूलर (1823-1900) का ध्यान गया था। उसने अनुभव किया कि आदिम व्यक्ति ने जिस अर्थ में उस अभिव्यक्ति भंगिमा का प्रयोग किया था,अगली पीढ़ी ने उसे ठीक उसी अर्थ में ग्रहण नहीं किया। इस प्रकार पीढियों के क्रम से भाषा में विकार आता चला गया तथा वह मूल अर्थ हम से दूर होता चला गया।

> पुराणों को लेकर भारतीय भाषाओं में सहस्राव्धि काव्य नाटक उपन्यास लिखे गए हैं। अभिव्यक्ति पद्धति में पुराण व्याप्त हैं। मूर्तिकला, चित्रकला का अपार वैभव है,जिनका स्रोत पुराण ही हैं। पुराण के बिना भारत की संस्कृति समझी नहीं जा सकेगी। लोकमानस मिथकीय भाषा में सोचता है, अब यदि मिथकीय भाषा का ज्ञान नहीं है तो उनके लिए लोकवार्ता भी काला आखर भैंस बराबर है।

भाषाशास्त्री जानते हैं कि शब्द बिंब से बनता है। परिवेश के बदलने पर बिंब का अर्थ भी बदल जाता है,इसीलिए एक पीढ़ी के बाद दूसरी पीढ़ी में जाकर शब्द का मूल अर्थ बदल जाता है। मैक्समूलर ने माना कि भाषा और अभिव्यक्तिशैली का पीढ़ियों के क्रम से बहुत गहरा संबंध है। अर्थ परिवर्तन की इस प्रक्रिया को मैक्समूलर ने मैलेडी ऑफ वर्ड्स अथवा शब्द का विकार बतलाया था। वीरता पौरुष तथा हिंसक पशुओं को पराजित कर देने की सामर्थ्य को उन्होंने हरक्यूलिस या सैमसन का नाम दिया। ये प्रयोग आज भी होते हैं, बहुभोजनी को भीम,बहुत सोने वाले को कुंभकर्ण और कभी खतम न होने वाले किस्से को द्रोपदी का चीर कह दिया जाता है। मैक्समूलर मिथक तत्व को अनिवार्य मानते हैं। "फिलॉसफी ऑफ माइथोलॉजी, इंट्रोडक्शन टु दि साइंस ऑफ रिलिजन" के परिशिष्ट में मैक्समूलर कहते हैं कि "यदि भाषा विचार के ऊपरी रूप को अभिव्यक्त करने की शक्ति है तो मिथक तत्व उसकी अंतर्निहित आवश्यकता है। मिथक कल्पना वाक तत्व की भांति मनुष्य की सहज सर्जना शक्ति का ही निदर्शक रूप है।" मैक्समूलर के बाद कैसिरर मिथक-तत्व का विश्लेषण करते हैं। उनका कहना है कि आदिम मनुष्य के लिए भाषा के प्रतीक यथार्थ के सूचक ही नहीं थे,बल्कि यथार्थ ही थे। वे मानते हैं कि मनुष्य ही एकमात्र प्राणी है,जो प्रतीकों का निर्माण करता है। कैसिरर भाषा और मिथक तत्व को एक ही मूल से निकली हुई दो अलग-अलग शाखाएं मानते हैं। हर्डर मानते थे कि भाषा की उत्पत्ति मिथकीय प्रक्रिया के भीतर से हुई है। मनुष्य के अंतर्जगत को अभिव्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है-मिथक।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने मिथक का विवेचन करते हुए कहा कि " मिथक वस्तुतः भाषा का पूरक है। सारी भाषा ही इसके बल पर खड़ी है,साहित्य में मिथक अनंत अनुभवों का विश्लेषण है। कलाकार के हृदय में जो मिथकीय सिसृक्षा उदित होती है,वह अवचेतन चित्त की वेगवती शक्ति है। आगे चलकर यही शक्ति पुराणकथा या माइथोलॉजी के रूप में विकसित होती है।" आधुनिक विचारक मिथक को प्रतीकात्मक भाषा कहते हैं। मनुष्य ने मिथक तत्व को भुलाया नहीं है,कविता उसका प्रमाण है, निजधरी कथाएं,चित्र और मूर्ति-शिल्प उसके साक्षी हैं। कार्य-कारण परंपरा की युक्तिसंगत व्यवस्था उस गहरे यथार्थ को प्रकट नहीं कर पाती,जो रात को सोते समय सपने में प्रकट हो जाती है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपने मन के अद्भुत भावों की मिथकीय अभिव्यक्ति का स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है कि "अंतर्जगत के भाव बाह्य-जगत के पदार्थों के बिंब नहीं होते। उन भावों के बिंब को अभिव्यंजक शब्दों द्वारा प्रकट करना कठिन होता है,परंतु करना पड़ता है,दूसरा उपाय नहीं है। उसको भाषा के द्वारा अभिव्यक्त करने के लिए किसी-न-किसी अन्य इन्द्रिय द्वारा गृहीत बिंब में उसे अनूदित करना पड़ता है। अमूर्त अनुभूति को किसी-न-किसी प्रकार मूर्त बिंबों में अनुवाद करना है। रूप को 'मधुर' कहना या सौन्दर्य को लावण्य कहना वस्तुतः एक अमूर्त अनुभूति को स्वादेन्द्रिय द्वारा अनुभूत बिंब के माध्यम से गोचर कराने का प्रयास मात्र है। उपरले स्तर के तर्क द्वारा कहा जा सकता है कि रूपगत सुंदरता को माधुर्य (मिठास) और लावण्य (नमकीन) कहना बिल्कुल झूठ है, क्योंकि रूप न तो मीठा होता है,न नमकीन, लेकिन फिर भी कहना पड़ता है,क्योंकि अंतर्जगत के भावों को बहिर्जगत की भाषा में व्यक्त करने का यही एकमात्र उपाय है।

सच पूछिए तो यही मिथक तत्व है। ऊपर-ऊपर से देखने से यह झूठ है,परंतु गहराई में देखने पर यह सत्य है। धर्मवीर भारती ने कहा था,मिथक कथाएं प्रतीकों और मधुमयी कल्पनाओं के द्वारा हजारों साल से हमारे सांस्कृतिक मानस को संवेदना प्रदान करने का काम करती हैं। अब उनको उनके उन्हीं प्रतीकार्थ माध्यम से समझने की आवश्यकता है। बोआस ने कहा कि ये आदमी के बचपन की अवशिष्ट स्मृतियाँ हैं। मानव जीवन की समस्त युगयात्रा की स्मृतियाँ अवचेतन में विद्यमान हैं। पुराण-कथाएं जातीय-जीवन की सामूहिक स्मृतियां हैं। यह सामूहिकता सामाजिक-जीवन की एकता की अपराजेय शक्ति है। मिथक समष्टिमानस की स्मृतियों के टीले की तरह है, जिनमें युगयुगीन स्मृतियों की विभिन्न परतें सो रही हैं। मिथक केवल धरती पर घटित-घटना की ही याद नहीं है,धरती पर घटित-घटना के प्रभाव और प्रतिक्रिया में जो कुछ व्यष्टि मन और समष्टि मन में घटित हुआ, उसकी भी यादों का सूत्र है। मनुष्य के वे सभी स्वप्न, वे कल्पनाएं, वे एषणाएं, वे संकल्प, वे विश्वास और वे अनुभव भी मिथकों में समाहित हैं, जो जीवन की युग-युगीन यात्रा में आए और जगे, भले ही वे ऐन्द्रिक हैं या अतीन्द्रिय।

पुराणों को लेकर भारतीय भाषाओं में सहस्राव्धि काव्य नाटक उपन्यास लिखे गए हैं। अभिव्यक्ति पद्धति में पुराण व्याप्त हैं। मूर्तिकला, चित्रकला का अपार वैभव है,जिनका स्रोत पुराण ही हैं। पुराण के बिना भारत की संस्कृति समझी नहीं जा सकेगी। लोकमानस मिथकीय भाषा में सोचता है, अब यदि मिथकीय भाषा का ज्ञान नहीं है तो उनके लिए लोकवार्ता भी काला आखर भैंस बराबर है।

## प्रसंगवश

# विवेकानंद को विमर्श में लाएं


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

विवेकानंद के विचार आज इस जवान होती 21 वीं सदी के लिए बहुत ज्यादा प्रासंगिक हैं। विवेकानंद ने अपने उद्बोधन से जिस विवेक चेतना को जागृत किया था, वह पिछली आधी सदी में हमारे सामान्य बोध से गायब हुई है। विवेकानंद ज्यों-ज्यों हमारे लिए पूज्य होते गए हैं, उनके विचार और विवेक चेतना से हमारी दूरी बनती गई है। इसलिए जरूरी है कि हम विवेकानंद को पूजा घर में ले जाने की बजाय विमर्श के दायरे में लाएं। उन्होंने धर्म के झगड़े में फंसी दुनिया को यह बताने का साहस किया कि सभी धर्मों का मूल एक ही है।

वह अपने समय के अकेले धर्मोपदेशक हैं, जिसने दूसरे धर्मों को छोटा साबित करने में समय नहीं गंवाया। उन्होंने हिंदू धर्म के विवेक को जगाने का कठिन रास्ता चुना। वेदांत और उपनिषदों के हवाले से धर्म और कर्मकांड को अलगाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि 'छह, सात, आठ शताब्दियों के पतन को ध्यान से देख तो इस प्राचीन भारत के सबसे अच्छे, पढ़े-लिखे लोग, मनीषी लोग वर्षों यही सोचते रहे कि लोटा भर पानी दाहिने हाथ से पिएं कि बाएं हाथ से?' और धर्म को रसोईघर में कैद कर दिया। विवेकानंद ने इस पर गहरा अफसोस जाहिर किया कि हमारा सबसे बड़ा मंत्र 'छुओ मत, छुओ मत' हो गया है। विवेकानंद ने शताब्दियों से जड़ें जमाईं,भारतीय मन की इस दुर्बलता को पहचाना और इसके निदान को धर्म की पहली सीढ़ी बताया,धर्म की एक नई परिभाषा गढ़ी, जिसके केंद्र में भारत का दरिद्रनारायण था।

धर्म के विरुद्ध संसार में जो भयानक प्रतिक्रिया उठी है,उसका निदान वे यह देते थे कि दोष धर्म का नहीं,इनके गलत प्रयोग का हैं। यदि कभी भी कोई विश्व-धर्म जैसा धर्म उत्पन होने वाला है तो वह हिन्दुत्व के ही समान होगा,जो देश और काल में कहीं भी सीमित या आबद्ध नहीं होगा। यह धर्म न तो ब्राह्मण होगा, न बौद्ध, न ईसाई होगा, न मुसलमानी, प्रत्युत, यह इन सबके योग और सामंजस्य से उत्पन्न होगा। उल्लेखनीय है विगत कुछ वर्षों से धार्मिक कट्टरता के उदाहरण बढ़ते जा रहे है। धार्मिक कट्टरता या धार्मिक अतिवाद अपने से अलग राय रखने वालों के प्रति असहिष्णुता है। यह कट्टरता विवेकानंद के विचारों की विरोधी है।

# बहुआयामी गरीबी और भारत


प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

> स्वास्थ्य घटक के गुणांक को मापने की विधि में महिला, पुरुष व बच्चों को भोजन के रूप में मिल रहे पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता शामिल है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2015 में घोषित सत्रह सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 15 वर्ष का समय रखा गया है,जिसकी समयावधि 2030 तक है। इन लक्ष्यों में पहला गरीबी से मुक्ति और दूसरा समाज में भूख के स्तर को शून्य पर लाना है,यानी समाज को भूख से मुक्ति दिलाना है। इस प्रकार देखें तो,जो देश या समाज सतत विकास के पहले और दूसरे लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा वह देश बहुआयामी गरीबी की जकड़ से बाहर हो जाएगा।

नीति आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि भारत ने पिछले लगभग दो दशकों से भी कम समय के अंतराल में एक बहुत बड़ी आबादी को बहुआयामी गरीबी के कुचक्र से बाहर निकलाने में सफलता प्राप्त की है। वर्ष 2005-06 में देश की जनसंख्या का 55.34 प्रतिशत आबादी इससे ग्रसित थी। वहीं वर्ष 2013-14 में यह संख्या घटकर 29.17 प्रतिशत तक आ गई है और वर्ष 2022-23 तक इसमें 17.89 प्रतिशत की गिरावट दर्ज होने से वर्तमान में बहुआयामी गरीबी लगभग 11.28 प्रतिशत पर है। इस तरह से वर्ष 2005-06 से वर्ष 2013-14 के काल खंड में लगभग एक चैथाई से भी अधिक आबादी गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलने में कामयाब हुई और उसके बाद के लगभग 9 वर्षों में यानी वर्ष 2013-14 एवं 2022-23 के बीच लगभग 24.82 करोड़ आबादी इससे मुक्त हुई।

बहुआयामी गरीबी सूचकांक को मापने की विधि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रमों में वर्ष 2010 से अपनाई जा रही है। इस विधि को सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री सबीना अल्केरी तथा जेन्स फोस्टर द्वारा विकसित,ए-एफड नाम से प्रचलन में है। इस विधि के अनुसार बहुआयामी गरीबी निर्धारण के तीन मुख्य घटक है, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर शामिल है और इन तीन घटकों से संबंधित कुल 12 मापक यानी सूचकांक हैं। पहला घटक, शिक्षा से संबंधित दो सूचकांक हैं, जिसके तहत 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों का स्कूल में प्रवेश और उन बच्चों का कम से कम 6 वर्ष तक की आवधि तक स्कूल में शिक्षा हेतु व्यतीत करना है।

स्वास्थ्य घटक के गुणांक को मापने की विधि में महिला, पुरुष व बच्चों को भोजन के रूप में मिल रहे पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता शामिल है। इसके अंतर्गत शून्य माह से 59 माह तक के बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों की उपलब्धता और 15 वर्ष की उम्र से 49 वर्ष की उम्र तक की महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व और कैलोरी की उपलब्धता तथा पुरुषों के लिए 15 वर्ष से लेकर 54 वर्ष तक की उम्र तक पर्याप्त मात्रा में कैलोरी की उपलब्धता शामिल है। यदि इन आयु वर्गों की आबादी को वांछित कैलोरी युक्त भोजन नहीं मिलेगा तो वह गरीबी की श्रेणी में ही रहेगा।

दूसरे सूचकांक में 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों की मृत्यु दर और तीसरा महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता तथा पिछले 5 वर्ष के अंतराल में उनको कम से कम चार बार चिकित्सीय सुविधाओं की उपलब्धता रही हो या स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उनका स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किया गया हो, ऐसा न होने की दशा में वे गरीबी से मुक्त नहीं हो पाएंगे। इनके साथ ही एक व्यक्ति के जीवन स्तर को मापने के सात सूचकांक हैं,जिसके अंतर्गत खाना बनाने हेतु उपयोग में आने वाली ईधन, शौचालय एवं स्वच्छता,स्वच्छ व शुद्ध पीने का पानी,पक्का मकान या आवासीय सुविधाओं की उपलब्धता,घर में बिजली की सुविधा, बैंक खाता तथा भौतिक वस्तुओं में से कोई एक संपत्ति का होना आवश्यक है। इन सात सूचकांकों में से किसी के अभाव होने पर व्यक्ति का जीवन स्तर गरीबी की श्रेणी में गिना जाएगा। भारत में पिछले लगभग 10 वर्षों में आम व्यक्ति के जीवन स्तर को सुधारने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण अभियान एवं कार्यक्रम संचालित किए गए और उसी का नतीजा है कि पिछले 9 वर्षों में लगभग 25 करोड़ की आबादी इस दुष्चक्र से मुक्त होने में सफल हुई।

अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी एवं एस्तेर डुफ्लो द्वारा संचालित गरीबी उन्मूलन के शोध में भी शिक्षा व स्वास्थ्य के सुधार पर विशेष बल दिया गया है,उनका मानना है कि स्कूलों में विद्यार्थियों को अध्ययन समयावधि में मुफ्त भोजन के इंतजाम हों। गरीब बस्तियों में मोबाइल क्लीनिक की व्यवस्था संचालित की जाए,जिससे वहां लोगों की बिमारी का परीक्षण एवं इलाज सुगमता से हो सके। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य प्राप्ति हेतु 'वोकल फोर लोकल' को अमली जामा पहनाने हेतु छोटे-छोटे उद्यमियों को उद्यमिता विकास, तकनीकी कौशल विकास एवं वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों में कौशल विकसित करने हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता विकसित हो और देश बहुआयामी गरीबी से सदा के लिए मुक्त होकर आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो।

## सोशल फोरम

# चरखी दादरी का नया दर्द

> गोधरा के वक्त भी मुहल्ले-मुहल्ले में भारतीय संस्कृति का जनाजा निकाला गया था। मनुष्य का मनुष्य से विश्वास ही उठ जाए। फिर सामाजिक जीवन की गारंटी कौन ले सकता है?


कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

हरियाणा के चरखी दादरी में लोग मिलकर रोकते तो गोमांस खाने के आरोप की हत्या रोकी जा सकती थी। सबीर मलिक को बहाने से बुलाकर लाया गया। फिर लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला गया। इलेक्टॉनिक मीडिया ने दिखाया। देश ने देखा।

यह शर्मनाक, हिंसक, वीभत्स और इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है। मॉब लिंचिंग है। मुख्यमंत्री ने जो शपथ ली, उसका उल्लंघन है। यह कानून के राज्य का दृश्य नहीं है। कानून की हत्या के राज्य का दृश्य है। एक इंसान की मौत मनुष्यता की मौत है। यह पहला किस्सा नहीं है और अंतिम किस्सा भी नहीं है। दादरी, बसाहड़ा, अखलाक, पहलू खान, तबरेज, सबीर मलिक व्यक्ति हैं। इन्हें अपराधी बना बना दिया गया। भिवंडी, सहारनपुर, गोधरा, मुजफ्फरनगर, हाथरस, कठुआ,उन्नाव, समझौता एक्सप्रेस, ताज होटल वगैरह नाम नहीं, नफरत और हिंसा के मायने हैं। हिंसा, खूंरेजी, हत्या, मॉब लिंचिंग, बलात्कार, फिरौती, अपहरण जैसी मुस्टंडी गतिविधियां समाज के चेहरे को विकृत कर रही हैं। इन बेचारों से किसी को नफरत नहीं थी। उसका कत्ल करने की जरूरत नहीं थी। एक मजहबी मानसिकता ने तय किया कि दूसरे मजहब के व्यक्ति को मारकर उससे राजनीतिक और सामाजिक फायदे हासिल किए जाएं। देश के कई प्रदेशों में गोवंश हत्या पर पाबंदी ही है।

कुछ पूर्वी राज्यों में मिली छूट के कारण भारत गोमांस का विश्व का सबसे बड़ा निर्यातक है। मंत्री किरण रिजीजू खुलेआम कहते हैं मैं तो बीफ खाता हूं। हमारे इलाके में सब खाते हैं। भारत पत्थर युग में धकेला जा रहा है। मुसलमान भी मौका पड़ने पर हिन्दू सहिष्णुता पर हमला करने से बाज नहीं आते। कुछ मुसलमान ही तो हिंदू मुसलमान संस्कृति पर चोट करते हैं। गोधरा के वक्त भी मुहल्ले-मुहल्ले में भारतीय संस्कृति का जनाजा निकाला गया था। मनुष्य का मनुष्य से विश्वास ही उठ जाए। फिर सामाजिक जीवन की गारंटी कौन ले सकता है? -फेसबुक वॉल से

# एक-एक नाम के पीछे मानव सभ्यता का वृहद इतिहास


महेंद्र गोदारा
भारतीय राजस्व सेवा

> विभिन्न यूरोपीय देशों जैसे स्पेन, फ्रांस, इग्लैंड और नीदरलैंड्स के खोजकर्ता और बसने वाले उत्तरी अमेरिका के विभिन्न हिस्सों में पहुंचे और अपने-अपने उपनिवेश स्थापित किए।

हम न्यूपोर्ट के रास्ते पर थे, न्यूयार्क से निकले थे। थोड़ी देर बाद सड़क पर न्यू लंदन का साइन बोर्ड दिखा। एक स्वाभाविक जिज्ञासा जगी कि सारे न्यू क्यों है? क्या कोई पुराना भी है? तो उदयवीर,जो आठ बरसा का नन्हा बालक है,ने अपने सरल किंतु हतप्रभ कर देने वाले अंदाज से हमें बताया कि ये सभी शहर पहले से यूरोप में कहीं न कहीं है। अमेरिका में कुछ शहरों के नाम के आगे "न्यू" लगा हुआ है,जो इस बात का संकेत देता है कि इन शहरों के नाम उन पुराने यूरोपीय शहरों से प्रेरित हैं, जहां से शुरुआती उपनिवेशवादी या बसने के लिए लोग आए थे।

इस प्रकार के नामकरण से उनके नए बसेरे को पुराने शहरों के नाम के साथ एक नया स्थान प्रदान किया गया। उसके बाद मैंने उत्सुक होकर इस बात की गूगल पर पड़ताल की,न्यू से प्रारंभ होने वाले शहरों का नाम देखा। पाया कि अमेरिका की खोज और बसावट में यूरोपीय देशों की भूमिका का एक लंबा और रोचक इतिहास है। सबसे पहले नॉर्वे के वाइकिंग्स 11 वीं सदी के आसपास उत्तरी अमेरिका पहुंचे थे। हालांकि वाइकिंग्स ने यहां स्थायी बस्ती नहीं बनाई।

कहा जाता है कि वहां एक महिला योद्धा के घर पर दूसरे वाइकिंग्स ने कब्जा कर लिया था, जिससे उनके मन में निराशा हुई और उन लोगों ने यहां बसने का विचार त्याग दिया। कोई अपशकुन हुआ होगा। यहां जिस महिला योद्धा की बात हो रही है,वह फ्रेइडिस एरिक्सडॉटर थी, जो एक साहसी और निडर महिला मानी जाती थी। फ्रेइडिस ने उत्तरी अमेरिका की यात्रा की थी। जब वे विनलैंड (जिसे आज कनाडा का न्यूफाउंडलैंड माना जाता है) में थीं, तब उन्होंने एक लड़ाई में बड़ी बहादुरी से दुश्मनों का सामना किया। फ्रेइडिस का नाम वाइकिंग्स के साहसिक अभियानों के इतिहास में एक प्रमुख स्थान रखता है। वाइकिंग्स स्कैंडिनेविया (आज के नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) से आने वाले समुद्री योद्धा थे,



जो 8 वीं से 11 वीं सदी के बीच यूरोप, एशिया, और उत्तरी अमेरिका में अपनी यात्राओं और हमलों के लिए प्रसिद्ध थे। वाइकिंग्स केवल योद्धा ही नहीं थे, बल्कि कुशल व्यापारी, कारीगर और अन्वेषक भी थे। 11 वीं सदी के बाद वाइकिंग्स का युग समाप्त होने लगा, जब स्कैंडिनेवियाई राजाओं ने ईसाई धर्म को अपनाया और वाइकिंग्स के हमले कम हो गए। इसके बावजूद वाइकिंग्स की विरासत आज भी न केवल स्कैंडिनेविया में,बल्कि दुनिया भर में उनकी बहादुरी और साहसिक अभियानों के रूप में जीवित है। इसके बाद स्पेनिश खोजकर्ता क्रिस्टोफर कोलंबस ने 1492 में अमेरिका की खोज की, हालांकि उन्होंने केवल कैरिबियन द्वीपों तक ही सीमित होकर यात्रा की।

इसके बाद विभिन्न यूरोपीय देशों जैसे स्पेन, फ्रांस, इंग्लैंड और नीदरलैंड्स के खोजकर्ता और बसने वाले उत्तरी अमेरिका के विभिन्न हिस्सों में पहुंचे और अपने-अपने उपनिवेश स्थापित किए। उन्होंने अपने मूल शहरों के नाम से नए शहरों के नाम रखे और उनके आगे "न्यू" जोड़ दिया,जैसे न्यू यॉर्क, न्यू ऑरलियन्स, न्यू जर्सी आदि। यूरोपियनों ने यहां पर कई शहरों को बसाया और उन्हें अपने पुराने देश के नामों से जोड़ा,जिससे नई दुनिया (अमेरिका) में भी उनका जुड़ाव अपने मूल स्थान से बना रहा। अमेरिकी शहरों के ऐसे बहुत से उदाहरण हैं, जो "न्यू" से शुरू होते हैं। एक-एक नाम के पीछे मानव सभ्यता का कितना वृहद इतिहास समाहित है। वहीं कोई कहता है नाम में क्या रखा है?

# चुनौतियों के बाद भी उम्मीदें

> एलआईसी की पॉलिसी हर आयु वर्ग के लिए है और इसका दावा भुगतान विश्व में सबसे ज्यादा है। जीवन बीमा निगम की शाखाओं का विस्तार पूरे देश में है और जीवन के निवेश से देश में सड़क, बदरगाह जैसे महत्वपूर्ण काम हो रहे हैं।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के कड़े संघर्ष के बाद 1956 में भारत के तत्कालीन वित्तमंत्री श्री सीडी देशमुख ने 245 प्राइवेट बीमा कंपनियों को मिलाकर बीमा व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण कर की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक भारतीय को बीमा योजना प्रदान करना था। जीवन बीमा का स्लोगन 'जीवन के साथ भी जीवन के बाद' भी बेहद प्रचलित है।

एलआईसी भारत में सरकारी स्वामित्व वाली बीमा और निवेश निगम है। यह भारत की सबसे बड़ी बीमा फर्म है। जीवन बीमा निगम सरकार का एक नवरत्न होने से बहुत विश्वसनीय ब्रांड बना हुआ है। इसकी पॉलिसी हर आयु वर्ग के लिए है और इसका दावा भुगतान विश्व में सबसे ज्यादा है। जीवन बीमा निगम की शाखाओं का विस्तार पूरे देश में है और जीवन के निवेश से देश में सड़क, बदरगाह, नहरे, पुल, बिजली उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण काम हो रहे हैं। इसका प्रधान कार्यालय नरीमन प्वाइंट मुंबई में और 8 आंचलिक कार्यालयों, 18 मंडल कार्यालय तथा 2000 से अधिक अपनी शाखाओं के साथ जीवन बीमा निगम सेवा में समर्पित है। जीवन बीमा उद्योग के क्षेत्र में निजी बीमा की कड़ी होड़ के बावजूद जीवन बीमा निगम का मार्केट शेयर 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के उपरांत प्रीमियम आय में 58.87 प्रतिशत और पॉलिसी के आधार पर 69.91 प्रतिशत पर कायम है को उसके प्रभुत्व को दर्शाता है।

जीवन बीमा निगम के समय प्रदान की गई मात्र 5 करोड़ की धन राशि से आज जीवन बीमा निगम 53 लाख करोड़ से ज्यादा का ब्रांड बन चुका है, जो वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा और 10 वां सबसे मूल्यवान ब्रांड है। देश के करोड़ों लोगों के जीवन को प्रकाशित करने वाले ब्रांड से जीवन 69 वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, तमाम चुनौतियों के बाद भी बहुत उम्मीदें ही हैं और भरोसा भी।

## सार-संक्षेप

### डैम का जलस्तर बनाए रखने को लिया जा रहा कोसी का पानी

**काशीपुर** । तुमड़िया डैम के जलस्तर को बनाए रखने के लिए कोसी नदी से पानी लिया जा रहा है। बारिश कम होने से डैम का जलस्तर कम हो गया था। तुमड़िया डैम का पानी काशीपुर क्षेत्र के अलावा यूपी तक की सिंचाई नहरों में छोड़ा जाता है। हर साल बारिश में इसका जलस्तर बढ़ने पर पानी छोड़ दिया जाता है, इससे पानी का लेवल बना रहता था। इस वर्ष बारिश के कम होने से तुमड़िया का जलस्तर नीचे रहा। इसे देखते हुए विभाग ने रामनगर कोसी नदी से पानी लेना शुरू कर दिया है, जिससे तुमड़िया का जलस्तर बना रहे। इसके लिए मालधन स्थित ढेला बैरेज का प्रयोग किया जा रहा है।

### अस्पताल में लगे एसी के कॉपर वायर चोरी


चोरी स्थल का निरीक्षण करती पुलिस।

**जसपुर** । सरकारी अस्पताल में लगे एसी से कॉपर के पाइप चोरी हो गए। चोर रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जसपुर की पुरानी बिल्डिंग के हॉल में व लैब में लगी एसी और आउटर में लगे कॉपर के पाइप चोरी करके ले गए। कॉपर का पाइप चोरी करने के साथ-साथ चोर आउटर भी क्षतिग्रस्त कर गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत ने बताया कि इससे अस्पताल को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी अस्पताल परिसर में चोरी हो चुकी है। उन्होंने घटना के संबंध में कोतवाली में तहसील दे दी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और स्थिति का जायजा लिया।

### इंटर स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 28 सितंबर से

**काशीपुर** । इंटर स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 28 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में काशीपुर, रामनगर, जसपुर और बाजपुर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। टूर्नामेंट का आयोजन ज्ञानार्थी कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने और टीम वर्क सीखने का अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट का उद्देश्य छात्रों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करना है।

### महा संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 10 को

**काशीपुर** । लखदातार सेवा दल द्वारा प्रथम महा संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 10 सितंबर को रामनगर रोड स्थित श्री रामलीला मैदान में शाम छह बजे से किया जाएगा। इसमें गदरपुर के जितेंद्र दुबे, दिल्ली की सोनी सिस्टर्स और बाजपुर के गोपाल कृष्ण पाली अपनी मधुर आवाज में श्री खाटू श्याम के मनमोहक भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में वरुण दीक्षित, अंकुर शर्मा, सुधीर शर्मा, राजू तोमार, कृष्णा दीक्षित, रोमिल बिंदल, नितिन गुप्ता आदि कार्यकर्ता जुटे हैं।

### भाजपा नेता राम मेहरोत्रा के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

**काशीपुर** । भाजपा के वरिष्ठ नेता और पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर लगाया। इस दौरान कई यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता राम मेहरोत्रा के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक प्राइवेट अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया। जहां दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।


काशीपुर में कुंडेश्वरी चौकी के मुंशी का ज्ञापन सौंपते लोग।

### कुंडेश्वरी में सुबह व दोपहर भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग


**काशीपुर** । काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्कूली छात्र-छात्राओं के स्कूल आने व घर जाने के समय भारी वाहन पर रोक लगाने की मांग की गई है। इसके लिए बाबा स्कॉलर्स एकेडमी के प्रबंधक व अभिभावकों ने कुंडेश्वरी चौकी मुंशी जगदीश को एक ज्ञापन सौंपा। रविवार को कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी को संबोधित ज्ञापन में बाबा स्कॉलर्स एकेडमी के प्रबंधक अमित घिल्डियाल ने बताया कि कुंडेश्वरी क्षेत्र में 10 से अधिक स्कूल संचालित हैं। बताया कि इस क्षेत्र में भारी वाहन डंपर आदि की आवाजाही काफी अधिक है। साथ ही सड़क भी कई स्थानों में क्षतिग्रस्त है। बताया कि सुबह स्कूल खुलने और छुट्टी के समय सड़क पर बच्चों का आवागमन रहता है। ऐसे में भारी वाहनों के चलने से कोई बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने पुलिस से सुबह सात बजे से आठ बजे जबकि दोपहर एक बजे से दो बजे तक कुंडेश्वरी रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। वहां पर महक सिंह, मनीष बिष्ट, परवेज आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य।

### शूटिंग चैंपियनशिप में पदक लाने वाले खिलाड़ी सम्मानित

**काशीपुर** । बीते दिनों देहरादून में आयोजित हुई उत्तराखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में काशीपुर के शूटरों ने जोरदार प्रदर्शन कर कई पदक हासिल किए। वहीं खिलाड़ियों के काशीपुर पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उत्तराखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल सीनियर महिला व्यक्तिगत में अनुराधा ने गोल्ड बीएचआई, 10 मीटर एयर राइफल यूथ पुरुष ने सिल्वर मेडल और 10 मीटर जूनियर महिला व्यक्तिगत में संध्या ने कांस्य पदक जीते। बीएचआई अकादमी के बाकी 17 निशानेबाजों ने प्री नेशनल के लिए क्वालिफिकेशन किया। रामनगर रोड स्थित मिनरा शूटिंग अकादमी पहुंचने पर सभी निशानेबाजों का जोरदार स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान, राजीव चौधरी, विजेंद्र चौधरी, नीटू चौधरी, पुनीत सिंघल, विनीत सिंघल, आकाश तोमर, अनुराग चौधरी, संतलाल वर्मा, गोल्डी सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा का सदस्यता अभियान आज से


विशाल कश्यप।

**जसपुर** । भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री विशाल कश्यप ने बताया कि सोमवार से पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुधीर कुमार बिश्नोई को व्यवस्था अभियान का संयोजक तथा विनोद प्रजापति व ज्योति कश्यप को सह संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के अंतर्गत हर बूथ पर 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### तीसरे दिन भी शव की शिनाख्त नहीं

**जसपुर** । पुलिस द्वारा शुक्रवार को जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव जगदीशा वाला व मलपुरी के पास से झाड़ियों से बरामद शव की रविवार को तीसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के शव की सोमवार को लावारिस में अंत्येष्टि कर दी जाएगी।

# जनता का सामना करने का साहस नहीं जुटा पा रही प्रदेश सरकार: बेहड़

## किच्छा विधायक बोले-कांग्रेस की सरकार आएगी तो महिलाओं को देंगे विशेष सुरक्षा

संवाददाता, गदरपुर


गदरपुर में विधायक बेहड़ को सम्मानित करतीं निवर्तमान सभासद लीना संजीव झाम।

**अमृत विचार :** जनता का सामना करने का प्रदेश सरकार साहस नहीं जुटा पा रही है। देवभूमि लगातार अपराधों से जल रहा है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। यह बात किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ ने एक कार्यक्रममें कही।

उन्होंने कहा कि लगातार घटनाएं होने के बावजूद भी सीबीआई जांच न होना भाजपा के चेहरे को उजागर करता है। रविवार को तेजा फोजा रोड पर स्थित अर्जुन सीड्स पर पत्रकार वार्ता विधायक बेहड़ ने कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं जिले की पुलिस व्यवस्था ठप हो गई है। कहा कि अंकिता भंडारी के मामले में भी अभी तक इंसाफ नहीं मिला। बेहड़ जिले के कप्तान पर भी जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कप्तान का वो हाल है कि क्या लेकर आया है और क्या देकर जायेगा। आरोप है कि एसएसपी कानून व्यवस्था को सुधारने के बजाय पंचायतों को निपटाने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। बेहड़ ने कहा कि प्रदेश में बलात्कार और आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। जिस पर अंकुश लगाने में सरकार नाकाम रही है। वहीं संजीव झाम व लीना संजीव झाम ने विधायक तिलकराज बेहड़ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नर्स तस्लीम जहां हत्याकांड में अब किच्छा विधायक बेहड़ ने तस्लीम जहां के परिजनों से मुलाकात की। बेहड़ ने समाजसेवी निपुण गगनेजा के निवास पर भी पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। यहां यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, सिद्धार्थ भुसरी, ममता हालदार, अनिल सिंह, किशोर हालदार, दीपक बेहड़, सत्यम सिंह, मास्टर रामविलास, भीम ठुकराल आदि मौजूद रहे।

### एनएच घोटाले के आरोपियों को मिल रही पदोन्नति

**गदरपुर** । एक कार्यक्रम के दौरान किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने प्रदेश सरकार पर जमकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा घोटाला एनएच घोटाला था और इस घोटाले को क्लीन चिट देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली भाजपा सरकार के शासन में एनएच घोटाले के आरोपियों को पदोन्नति मिल रही है जोकि सरासर गलत है और शर्मनाक है।


काशीपुर में विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

# करاटे प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी किए गए सम्मानित

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ड्रैगन वॉरियर्स ऑफ शोटोकन कराटे डू इंडिया उत्तराखंड के सौजन्य से बीते दिनों हुई प्रथम नॉर्थ इंडिया कराटे प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

शनिवार देर शाम को काशीपुर वैशाली कॉलोनी में नटराज मार्शल आर्ट योग एवं डांस अकादमी में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमूल्य त्रिवेदी ने काता में रजत पदक, कुमिते स्पर्धा में स्वर्ण पदक, चिन्मय जोशी, देव त्रिपाठी ने कुमीते में रजत पदक, विहान श्रीवास्तव ने कुमीते स्पर्धा में रजत काता में रजत पदक, अदिति सिंघल ने कुमिते में रजत काता में कांस्य पदक जीता, चित्रांश त्रिपाठी, दिव्यांश शर्मा देवांश गोयल, आही भट्ट, रुद्र प्रताप ने कांस्य पदक, नैतिक राजपूत ने कैडेट कैटेगरी में स्वर्ण पदक, सीनियर कैटेगरी में स्नेह प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को गौ रक्षा दल व समाजसेवी राजीव परनामी ने पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



यूटोपियन सोसायटी की अंग्रेजी स्पेल बी प्रतियोगिता के विजेता के साथ आयोजक।

### डायनेस्टी का अक्षत प्रथम, अलक्ष्या की रिद्धिमा द्वितीय

**खटीमा :** मॉडर्न यूटोपियन सोसाइटी द्वारा अंग्रेज़ी वर्तनी पर आधारित नवीं स्पेल बी मैराथन प्रतियोगिता में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी के अक्षित खोलिया ने प्रथम, अलक्ष्या पब्लिक स्कूल की रिद्धिमा ने द्वितीय तथा अलक्ष्या पब्लिक स्कूल की सिद्धि भंडारी एवं डायनेस्टी पब्लिक स्कूल की इशिका कोहली ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 400 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर जोशी, सचिव पुराण बिष्ट, राणा प्रताप इंटर कालेज के प्रबंधक गीताराम बंसल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नानकमत्ता पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नाटक प्रस्तुत कर समां बांधा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता को 5100 और द्वितीय स्थान पाने वाले को 2100 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 500 रुपए का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं टॉप 10 में पहुंचे छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सचिव पूरन बिष्ट ने सभी आगंतुकों और बच्चों का आभार जताया।

# जुजित्सु खिलाड़ी कमल, जय प्रकाश सम्मानित

▸▸ विगत दिनों खेल विभाग ने दी दोनों खिलाड़ियों को प्रोत्साहन छात्रवृत्ति

संवाददाता, रुद्रपुर


जुजित्सु खिलाड़ियों को मिठाई खिलाते संघ के अध्यक्ष चुघ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला जुजित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल विभाग की ओर से दो जू-जित्सु खिलाड़ियों को प्रोत्साहन छात्रवृत्ति मिलने पर जिला जुजित्सु संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और बधाई दी।

रविवार को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संघ के अध्यक्ष चुघ ने कहा कि जनपद के जुजित्सु खिलाड़ी लगातार राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिनों चीन के हांगझाऊ में आयोजित हुए 19वें एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने पर कमल सिंह को उत्तराखंड खेल विभाग ने सात लाख पचास हजार और थाईलैंड में आयोजित हुई सातवीं एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर जय प्रकाश को दो लाख पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं खेल मंत्री रेखा आर्य के दिशा निर्देशन में खेल क्षेत्र में खिलाड़ियों के हित में कई फैसले लिए जा रहे हैं। जिसका लाभ खिलाड़ियों को प्राप्त हो रहा है।

दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्रशिक्षक एवं महासचिव ॠषि पाल भारती, जिला जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय जोशी, उप निदेशक खेल रसिका सिद्दीकी, डीएसओ जानकी कार्की, जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा, किशोर सिंह, कैनाथ लाल, कृष्ण साना, कृष्ण चौहान, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, विजय गिरधर, सतनाम चावला समेत कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# बाईपास पर तैनात नहीं किए गए रोडवेज कर्मी

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ बसों के बारे में जानकारी न मिलने से यात्री हो रहे परेशान

**अमृत विचार :** बाईपास रूट पर रोडवेज कर्मचारियों की तैनाती नहीं हो सकी है। टांडा तिराहा, स्टेडियम तिराहा व चैती चौराहा पर बस स्टॉपेज प्वाइंट बने थे। करीब सात साल पहले आरओबी का निर्माण शुरू हुआ था। उस समय रोडवेज डिपो पर बाहरी डिपो की बसों का आवागमन प्रभावित हो गया था।

इसलिए बसें बाहर से ही जाने लगी। बाद में आदेश होने पर टांडा तिराहा, स्टेडियम तिराहा और चैती चौराहा पर बस स्टॉपेज बनाए गए, जहां से सवारियों को बैठाने और उतारने के लिए व्यवस्था की गई। साथ ही वहां पर रोडवेज कर्मी तैनात करने के भी निर्देश दिए गए। ताकि वे बसों के बारे में यात्रियों को जानकारी दे सकें। लेकिन सात साल बाद आरओबी शुरू होने के बाद भी इन सभी स्टॉपेज पर रोडवेज का कोई भी कर्मचारी तैनात नहीं है। इससे लोगों को कहां की बस, कब जाएगी यह बताने वाला कोई नहीं है। वहीं डिपो प्रबंधन भी अब सभी डिपो की बसों को डिपो में लाने की कवायद कर रहा है। इसके लिए उन्होंने स्थानीय प्रशासन से रोडवेज डिपो के आगे बनी सर्विस रोड की मरम्मत कराने की मांग की है। ताकि वह सभी डिपो को पत्र लिखकर बसों को डिपो में लाने के लिए कह सके। इधर वरिष्ठ डिपो प्रभारी हरेंद्र सिंह नितवाल ने बताया कि रोडवेज डिपो में पहले से ही कर्मचारियों की कमी है। बसों को अब डिपो में लाने के प्रयास कर रहे हैं।

### मारपीट कर रहे छह लोग किए गिरफ्तार

**काशीपुर।** आपसी विवाद में मारपीट कर रहे छह युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से एसडीएम ने उनको निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

शनिवार शाम बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में छह युवक आपस में मारपीट कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छह युवकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। रविवार को कोतवाली पुलिस ने शांति भंग की आशंका के चलते ओम सिंह, अंकित कुमार अनाज मंडी सरबरखेडा, रवि प्रताप कमरा हरियावाला चौराहा, अनुज कुमार प्रभु विहार कॉलोनी, आकाश पाल मानपुर पॉलीटेक्निक के पास, विशाल कुमार मानपुर रोड का शांति भंग की आशंका के चलते धारा 151 में चालान किया। इसके बाद एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने सभी आरोपियों को निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान को लेकर जानकारी दी

▸▸ भाजपा संयुक्त मोर्चा जिला काशीपुर की कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में कार्यशाला में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा संयुक्त मोर्चा जिला काशीपुर की कार्यशाला में सोमवार से शुरू होने जा रहे सदस्यता अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि टोल फ्री नंबर व ऐप के साथ ही घर-घर जाकर सोमवार से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

रविवार को बाजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने सदस्यता अभियान की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर 200 लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल, नमो ऐप व सरल ऐप के माध्यम से भी भाजपा का सदस्य बना जा सकता है। कहा कि भाजपा का सदस्य बनने के लिये सभी कार्यकर्ताओं से नमो एप में नवीनीकरण कर सदस्यता लेने के साथ घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाया जाए। सक्रिय सदस्य बनने के लिए कम से कम 100 साधारण सदस्य बनाना अनिवार्य है। जो पदाधिकारी बनेगा उसे सक्रिय सदस्य बनाना अनिवार्य है। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने की। यहां पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी, सदस्यता अभियान प्रभारी डॉ. गिरीश तिवारी डॉ. सुदेश, मोहन बिष्ट, इंतजार हुसैन,रवि पाल, हुकुम सिंह आदि मौजूद रहे।



खटीमा में स्थापना दिवस पर खुशी मनाते 7 कुमाऊं रेजीमेंट के पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

# 7 कुमाऊं ने मनाया स्थापना दिवस

संवाददाता, खटीमा


**अमृत विचार :** पूर्व सैनिकों ने सात कुमाऊं रेजीमेंट का 63 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हल्द्वानी, रामनगर, बागेश्वर, रुद्रपुर, हरियाणा, दिल्ली, लखनऊ आदि नगर एवं महानगरों के पूर्व सैनिकों ने प्रतिभा किया।

तिगरी के एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सूबेदार मेजर दीवान सिंह रुमाल ने मां काली की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने शहीदों को नमन किया गया। वहीं खोल दे माता खोल भवानी धर्म किवाड़ा, बेडू पाको बारमासा नरण काफल पाको चैता के बोलों सहित विभिन्न कार्यक्रमों से खूब रंग जमाया। सूबेदार मेजर रुमाल ने 1971 के युद्ध के अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमें देश के लिए एक परिवार के रूप में संगठित रहना चाहिए। देश सेवा में हमारी जरूरत पड़े तो हम हमेशा रक्षा के लिए दुश्मनों से दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। काली माता के जयकारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन सूबेदार राजेंद्र सिंह अधिकारी और सैनिक संगठन के पूर्व अध्यक्ष कुंवर सिंह खनका ने किया। कैप्टन ललित मठपाल रामनगर ने 63 वें स्थापना दिवस पर बधाई दी। इस अवसर पर सुरेश पांडे, लाली चंद, राजेंद्र वल्दिया, चंचल सिंह, कुंदन सिंह, दीवान मेहता, नारायण सिंह, रघुवीर चंद, जगदीश कलोनी आदि मौजूद थे।

### बिजली चोरी पकड़ी आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**पंतनगर:** सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने छत्तरपुर में छापामार कार्रवाई के दौरान आरोपी के घर में विद्युत चोरी पकड़ ली। एसडीओ की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत केस दर्ज किया है।

विद्युत वितरण उपखंड रुद्रपुर के एसडीओ अंशुल मदान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 29 अगस्त की सुबह 10.30 बजे उन्होंने एई अमित चंद्र आर्या, जेई कुलदीप सिंह, लाईनमैन विकास मिश्रा व सुरक्षा कर्मी सहित एसपी (सतर्कता) शरद चौधरी के साथ सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत के क्रम में छतरपुर डेरा मे विद्युत चेकिंग करने पहुंचे। यहां इन लोगों ने किशन सिंह के परिसर के बाहर लगे पोल पर अतिरिक्त केबिल लगी देखी। वह लोग अंदर पहुंचे तो किशन सिंह ने छत पर जाकर एलटी बॉक्स से लगी अतिरिक्त विद्युत केबिल को हटाकर छत से नीचे फेंक दी। इस केबिल से किशन दो एसी चला रहा था।


पीसीएस परीक्षा में उत्तीर्ण आरएएन स्कूल की पूर्व छात्राएं। ● अमृत विचार

# आरएएन की 3 पूर्व छात्राएं बनीं पीसीएस अधिकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** विगत दिनों घोषित उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा के परिणाम में रुद्रपुर की पल्लवी ठुकराल, अवनी तिवारी और जसमीत कौर पाहवा ने पीसीएस परीक्षा पास कर शहर का मान बढ़ाया है। तीनों आरएएन पब्लिक स्कूल की पूर्व की छात्राएं हैं। छात्राओं की इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने खुशी जताई है।

विद्यालय के अध्यक्ष विंग कमांडर एचके राय ने बताया कि आरएएन विद्यालय की तीन छात्राओं का पीसीएस में चयन होना विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि अवनि तिवारी ने विद्यालय से वर्ष 2012 में, पल्लवी ठुकराल ने 2014 में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी तरह जसमीत कौर ने विद्यालय में कक्षा 10वीं तक की पढ़ाई की है। उन्होंने बताया कि छात्राओं ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि विद्यालय का गौरव भी बढ़ाया है। विद्यालय के डायरेक्टर मोहित राय, एडमिनिस्ट्रेटर निधि राय, प्रधानाचार्या भावना भनोट, ममता बिष्ट एवं समस्त अध्यापकों ने बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर

### महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया

**जसपुर** : जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव तीरथ नगर की एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार हेतु जसपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि उक्त महिला ने पारिवारिक कल के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया।

### जसपुर में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**जसपुर** : रविवार को ज्वालापुर हरिद्वार में ज्वैलरी की दुकान में दिनदहाड़े हुई लूट की बड़ी वारदात के मद्देनजर जसपुर पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से सघन चेकिंग अभियान चलाकर कोतवाली क्षेत्र की ज्वैलरी की दुकानों की चेकिंग की। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी ने बताया कि क्षेत्र की ज्वैलरी की 25 दुकानों में से 22 दुकान चेक की गईं। उन्होंने बताया कि अभी चेकिंग अभियान जारी है।

### पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी खंड पर नई ट्रेन शुरू

**बरेली** : पीलीभीत–शाहगढ़–मैलानी खंड पर नई ट्रेन की शुरुआत रविवार से हो गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर विशेष गाड़ी को रवाना किया। समारोह को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। पीलीभीत को प्रदेश की राजधानी से जोड़ा जा रहा है, जिसका श्रेय सांसद जितिन प्रसाद को जाता है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रुहेलखंड क्षेत्र के आंवला, बदायूं, बहेड़ी, बरेली, बरेली सिटी, धामपुर, इज्जतनगर, आदि स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि पीलीभीत क्षेत्र में विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। पीलीभीत स्टेशन को 17 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। यहां पर लिफ्ट, एस्कलेटर, उन्नत पार्किंग, फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान किया जा रहा है।

# मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली

## महिलाओं ने लगाए जय श्री राम व जय बंजरग बली के जयकारे, श्रद्धालुओं की रही भीड़

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

**अमृत विचार:** रविवार को विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर दुर्गा वाहिनी की अध्यक्षा लज्जा सैनी के सौजन्य से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, समाजसेवी राजीव सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर नगर में सभी सनातनी मनोकामना मंदिर में एकत्र हुए। जहां हवन पूजन के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा में मां दुर्गा की झांकी का नगर वासियों ने फूलों की बौछार कर स्वागत किया। वहीं सभी महिलाओं ने जमकर जय श्री राम, जय बंजरग बली के जयकारे लगाए। इस मौके पर शारदा, कृष्णा चंद्रा, दानवती, नारायण देई, बीना, सावित्री, ऊषा, हरप्यारी, सरोज, किरन शर्मा, कृष्णा मौर्य, मिथलेश, ओमवती, माया आदि महिलाए मौजूद थी।



सुल्तानपुर पट्टी में शोभायात्रा निकालते विहिप व दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# पूर्व चेयरमैन विर्क ने सीएम धामी को बताईं दिनेशपुर क्षेत्र की समस्याएं

**आश्वासन**

▸▸ जनसमस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण कराने का मिला आश्वासन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से मुख्यमंत्री धामी को अवगत कराया।

कहा कि वार्ड-एक से नौ तक सभी लिंक मार्ग बरसात से जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मार्गों की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग से पुनर्निर्माण कराने, जगह-जगह क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन ठीक करवाने लिए जल संस्थान विभाग को निर्देशित करने, प्रधानमंत्री आवास का शेष भुगतान लाभार्थियों के खातों में शीघ्र डलवाने, नगर में जल भराव से निपटने के लिए नहर व नालियों की मरम्मत करवाने की मांग की। उन्होंने निकाय चुनाव से पूर्व मतदाता सूची में छूटे नामों को शामिल करने की अपील की। पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीघ्र सभी समस्याओं को प्राथमिकता से पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर रंजीत विश्वास, गुरमुख सिंह विर्क, विजय प्रजापति, अनमोल सिंह संधू आदि मौजूद थे।



देहरादून में मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन सौंपते नपं के पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क।

# आरोपी को पकड़ने के लिए चेन्नई पहुंची पुलिस की टीम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विगत दिनों सोशल मीडिया में एसएसपी को धमकी और गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस सिरफिर के तलाश में दक्षिण भारत पहुंच चुकी है। जल्द ही पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है।

यहां बता दें कि दो दिन पूर्व सोशल मीडिया में फेसबुक के माध्यम से अभिषेक मिश्रा इंटरनेशनल नाम की आईडी से स्क्रीन शाट वायरल हो रहा था। इसमें ऊधमसिंह नगर के एसएसपी मंजूनाथ टीसी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था। इसमें सिरफिर ने एसएसपी को धमकी देने के साथ ही लॉरेंस विश्नोई का भी जिक्र किया हुआ था। मामला चर्चा में आने के बाद एसपी सिटी मनोज कत्याल ने पंतनगर पुलिस और साइबर सेल को यूजर का पता लगाने के लिए के साथ ही कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

वहीं टीम को कार्रवाई के दौरान सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की लोकेशन चेन्नई में मिली। इसके बाद एक टीम को चेन्नई को रवाना कर दिया गया था। वहीं एसपी सिटी ने बताया कि टीम चेन्नई पहुंच चुकी है। टीम ने वहां सिरफिरे के ठिकानों को ट्रेस कर रही है। जल्द ही सिरफिरा पुलिस की हिरासत में होगा।

# मेधावियों और सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक संगठन की जिला इकाई का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को एमबी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड बोर्ड के 75 प्रतिशत से अधिक और सीबीएसई के 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 65 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए छात्र-छात्राओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. ललित मोहन बेरी ने कहा कि पढ़ाई का कोई नियत समय नहीं होता है। विद्यार्थियों को अपने मन के अनुसार पढ़ाई की जानी चाहिए। ऐसा करने से आप पूरे मनोयोग से पढ़ पायेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अपने मोबाइल से सोशल मीडिया एप्स को डिलीट कर देना चाहिए और सभी नोटिफिकेशंस बंद कर देने चाहिए। कहा कि सोशल मीडिया से कुछ लेना ही है तो आप गूगल के माध्यम से भी उन्हें खोल सकते हैं। इससे आपकी सोशल मीडिया से पहुंच कम हो जाएगी। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से प्रणीत कुमार, सौरभ टम्टा, संचित त्रिकोटी, मोनाल कुमार आर्य, वैष्णवी, अविरल दीप, भावना आर्य, मीनाक्षी आर्य, हिमांशु, अलंकृता, शिवम, ईशान, राधा आर्य, आदित्य चंद्र, गौरव आर्य, आदित्य कुमार, मंत्राषा, प्रीति आर्य आदि थे। इस दौरान सेवानिवृत हुए शिक्षकों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिनमें मनोहर लाल, नंद किशोर, किशन राम टम्टा, मोहन चंद्र बजाज, मदन चंद्र, चंपा आर्या, रमेश चंद्र आदि थे। संचालन जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार टम्टा और महामंत्री दीपदर्शन ने किया। इस मौके पर विजय कुमार, इंद्र कुमार आर्य, चंद्र प्रकाश, मनोज कुमार, मनोज त्रिकोटी, गिरीश बेरी, गोविंद आर्य, डॉ. राजेंद्र प्रसाद आर्य, पुष्पेंद्र कुमार, जगदीश कुमार विमल, संजय कुमार, अजय कुमार, जीआर टम्टा, मंडलीय मंत्री सुनील कुमार टम्टा, प्रांतीय उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी, सुनीता आर्या आदि उपस्थित रहे।




अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक संगठन की जिला इकाई के प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# धान में यूरिया के छिड़काव का दिया सुझाव

**खेती-किसानी**

▸▸ सितंबर के पहले पखवाड़े में प्रमुख कृषि कार्यों के लिए एडवाइजरी

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ ने किसानों के लिए सितंबर के पहले पखवाड़े में किए जाने वाले कृषि कार्यों की एडवाइजरी जारी की है। वैज्ञानिक डॉ. एके शर्मा के अनुसार किसान धान में यूरिया की 75-80 किग्रा./हैक्टे. की दर से टॉप ड्रेसिंग करें।

डॉ. शर्मा ने बताया कि गन्ने में आवश्यकतानुसार दूसरी बंधाई, पहली बंधाई के 50 सेमी. ऊपर करें। साथ ही कंडुवा एवं लाल सड़न रोग से ग्रसित पौधों को निकालकर खेत के बाहर जला दें। मक्का व सोयाबीन में बारिश न होने पर दाना बनने की अवस्था पर सिंचाई करें। उर्द-मूंग की पिछले माह बोई फसल में निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकालें औरं घने पौधों की छंटनी करें। बैंगन व अरकल मटर की रोपाई करें। यदि पाले से बचाव संभव हो तो टमाटर की बुवाई कर सकते हैं। फूलगोभी व पत्तागोभी की 45 गुणा 45 सेमी. दूरी पर रोपाई करें। पालक व मेथी की बुवाई एक सेमी. गहराई में 20 गुणा 15 सेमी. पर करें। गाजर, मूली, व शलजम की बुवाई 45 सेमी. पर मेड़ बनाकर 6-8 सेमी. की दूरी पर करें। पछेती फूलगोभी व गोभी वर्गीय फसल की नर्सरी में पौधें तैयार करें। मटर की अगेती किस्में (अरकल, वीएल-7) की बीजाई 30 गुणा 75 सेमी. पर करें।

सितंबर माह में आम, नीबू, लीची, अमरूद जैसे सदाबहार पेड़ों के पौधे लगा सकते हैं। बाग के लिए 3 गुणा 3 फुट के गड्ढे में मिट्टी को देसी खाद में मिलाकर 2.0 किग्रा. जिप्सम व दीमक के खतरे में 10-20 सेमी. क्लोरोपाइरीफास 20 ईसी प्रति गड्ढा डालें। व्यस्क आम के पौधों में 500 ग्रा. नत्रजन, 250 ग्रा. फास्फोरस, 500 ग्रा. पोटाश को बारिश के बाद डालें।

## बीमारियों का प्रकोप होने पर यह उपाय करें किसान

**पंतनगर** : धान में खैरा रोग के लिए पांच किग्रा. जिंक सल्फेट व ढाई किग्रा. बुझे हुए चूने का घोल छिड़काव करें। तना बेधक कीट के लिए क्लोरॉनट्रानिलिप्रोले या फिप्रोनिल पांच एससी का घोल बनाकर छिड़काव करें। फुदका कीट के लिए फिप्रोनिल पांच एससी अथवा एसिटामिप्रिट 20 एसपी का घोल बनाकर छिड़काव करें। भूरापर्ण चित्ती रोग के लिए प्रोपिनेब 70 डब्ल्यूपी अथवा हेक्साकोनाजोल 4 प्रतिशत जिनेब 68 प्रतिशत डब्ल्यूपी का घोल बनाकर छिड़काव करें। जीवाणु झुलसा रोग के लिए 15 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन व कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का घोल बनाकर छिड़काव करें। मक्का में फॉल आर्मीवर्म कीट का प्रकोप होने पर क्लोरॉनट्रानिलिप्रोले अथवा स्पाइनटोरम का छिड़काव करें। उर्द व मूंग में तना मक्खी नियंत्रण के लिए मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल/ डाइमेथोएट 30 ईसी का छिड़काव करें। सोयाबीन में कमला कीट का प्रकोप होने पर इमामेक्टिनबैंजोएट अथवा ट्राइजोफॉस, तना छेदक मक्खी के लिए इंडोक्साकार्ब, चक्रभृंग कीट के प्रकोप में ट्राइजोफॉस व पीला मोजैक में मोनोक्रोटोफॉस का छिड़काव करें। अरहर में फली छेदक कीट के लिए इंडोक्साकार्ब अथवा इमामेक्टिनबैंजोएट काघोल बनाकर छिड़काव करें। मंडुवा, झंगोरा व काकुन में तना छेदक के लिए क्लोरपाइरीफॉस अथवा फिप्रोनिल का घोल बनाकर छिड़काव करें। रामदाना में पर्णजालक कीट का प्रकोप होने पर डाइमेथोएट अथवा मिथाईल–ओ–डिमेटान का छिड़काव करें। टमाटर में पछेती झुलसा रोग के लिए डायथेन एम–45 या ब्लाईटॉक्स का छिड़काव करें। आम में कैंकर बीमारी के लिए पौधों में पांच ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन का छिड़काव करें।



## समय बीतने के बावजूद पेयजल योजना अधूरी

**गरमपानी:** छड़ा-खैरना पंपिग पेयजल योजना का कार्य तय समय पर पूरा न होने तथा वर्तमान में कार्य कछुआ गति से किए जाने पर जल संस्थान के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने महत्वपूर्ण योजना में हिलाहवाली पर गहरी नाराजगी जताई है। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित खैरना व छड़ा गांव के सैकड़ों परिवारों के लिए पेयजल संकट खत्म करने को सरकार ने सवा तीन करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति दी। शिप्रा नदी से बनाये जाने वाली छड़ा खैरना पेयजल पंपिंग योजना की स्वीकृति के बाद क्षेत्रवासियों को पानी का सूखा खत्म होने की उम्मीद जगी। बीते मार्च में कार्य समाप्ति की समय सीमा भी तय कर दी गई पर शुरुवात में ही कार्य कछुवा गति से किए जाने पर सवाल खड़े हो गए। वर्तमान में भी योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। जबकि जल संस्थान ने ठेकेदार को बजट का 40 प्रतिशत भुगतान कर दिया है। स्थानीय वीरेंद्र सिंह बिष्ट, संजय सिंह, महेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, गोविन्द नेगी ने जल संस्थान पर कार्यदाई कंपनी को छूट देने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है।


## वर्ग पहेली-179

**बाएं से दाएं**

4. 1. कष्ट या विपत्ति में पड़ा हुआ, दुख
5. 1. किसी वस्तु
6. जुआ
8. अंदर पहनने का ख़ास कपड़ा, अंतर्वस्त्र, (अंडरवियर), अंतरौटा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. एक प्रकार का अनाज 2. तूंबी।
2. ढालने का काम करने वाला।
3. बहुत अधिक विनाश, महाप्रलय।
5. 1. फैलाया हुआ 2. ताना हुआ (धनुष आदि) 3. निरंतर, लगातार, अविच्छिन्न।
7. 1. व्यथा, कष्ट 2. मानसिक और शारीरिक पीड़ा होने पर मुख से निकलने वाला शब्द 3. किसी को दी जाने वाली बददुआ।




### वर्ग पहेली -178 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 इ | शा | 2 अ | त |
| 3 धँ | | | | नु | |
| धु | | | 4 ब | च | ना |
| 5 आ | यु | धा | गा | र | |
| ना | | | व | | 6 मा |
| | 7 च | 8 क | ती | | पां |
| | | लाँ | | 9 फें | क |

## सुडोकू-92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 8 | | |
| 7 | | 5 | 2 | | | 4 | | |
| 6 | | | 5 | | | 1 | | |
| 4 | 5 | | 8 | | | 9 | 3 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | 2 | | | 9 | | 7 | 6 |
| | | 8 | | | 6 | | | 9 |
| | | 4 | | | 3 | 7 | | 2 |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |

### सुडोकू -91 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 2 | 6 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 2 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 सितंबर सोमवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–भाद्रपद, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–अमावस्या पूर्ण रात्रि।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पूर्व। **ऋतु**–शरद।

चन्द्रबल–मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र–मघा 3 सितंबर 12.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष**: आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। मौसमी बीमारियों के कारण आपको समस्या हो सकती है। बच्चों को लेकर आप थोड़ा परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का समाधान होगा।

**वृष**: आज परिवार के लोग आपकी बातों का मजाक उड़ा सकते हैं। जिद्दीपन वाले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। थकान और कमजोरी होने की संभावना है। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन**: आज आपको अच्छे संपर्कों का लाभ अवश्य मिलेगा। छोटे भाई बहनों की उन्नति से आप प्रसन्न होंगे। लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। माता–पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मार्केटिंग संबंधी कार्यों के लिए दिन अनुकूल है।

**कर्क**: आज सोचे हुए कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संपत्ति में आप धन निवेश कर सकते हैं। दिन प्रसन्नता और उत्साह से भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के साथ अपने मन की बातें शेयर करना उचित होगा। जूनियर्स का अच्छा सहयोग प्राप्त हो सकता है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**सिंह**: आज कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है। सभी आवश्यक कार्य बिना बाधा के पूर्ण हो जाएंगे। वाणी में सौम्यता से आपको सम्मान मिलेगा। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। संतान के रवैये से आप संतुष्ट रहेंगे।

**कन्या**: आज प्रेमी जन के साथ समय बिताएंगे। पेट में कब्ज और अपच की समस्या हो सकती है। आकस्मिक यात्रा की संभावना बन सकती है। शेयर मार्केट में संभल कर निवेश करें। रिश्तेदारों पर ज्यादा भरोसा करना उचित नहीं है।

**तुला**: आज घर में मेहमान आने के योग बन रहे हैं। प्रणय जीवन का भरपूर आनंद उठाएंगे। गूढ़–गंभीर मुद्दों पर विमर्श करने की योजना बना सकते हैं। दूसरों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। जॉब में आपके अधिकार बढ़ने की संभावना है।

**वृश्चिक**: आज लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, जिसके सार्थक परिणाम भी आपको जल्द प्राप्त होंगे। छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का विकास होगा। विरोधी आपके मित्र बन सकते हैं।

**धनु**: आज यदि यात्रा कर रहे हैं तो सामान के प्रति विशेष सावधानी रखें। अनावश्यक कार्यों के लिए अपना समय बर्बाद न करें। क्रोध और अहंकारी व्यक्तित्व के प्रदर्शन से आपको बचना चाहिए। संयम से काम लेंगे तो सफलता मिलेगी।

**मकर**: आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। व्यापारियों को ग्राहकों के साथ अपने संबंध अच्छे रखने चाहिए। बड़े–बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। गलत कार्यप्रणाली से आपको बचना चाहिए। विद्यार्थियों को पढ़ाई में ध्यान रखना पड़ेगा। आप शुभ कार्यों में धन खर्च करेंगे।

**कुंभ**: आज छोटी दूरी की यात्रा करने का विचार बनाएंगे। गले में इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। विवाहेतर संबंधों के कारण मुश्किलें पैदा होंगी। विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। मन में अस्थिरता और तनाव की स्थिति रहेगी।

**मीन**: आज भविष्य के लिए आप बड़ी योजना बना सकते हैं। किसी मांगलिक कार्य में आप सम्मिलित हो सकते हैं। काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। अचानक धन लाभ होने की प्रबल संभावना है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- धड़कन — सुबह : 09.00
- वफादार — रात : 07.14

**&pictures**
- सिर्फ तुम — सुबह : 10.44
- बवाल — रात : 08.00

**Sony Pix**
- द मॉस्क — सुबह : 10.31
- जॉन विक : चैप्टर 2 — रात : 09.00

**StarGOLD**
- सिविल वॉर — सुबह : 11.06
- गार्डियन्स ऑफ द गैलेक्सी 3 — रात : 09.07

**Colors Cineplex**
- गालोड्ड — सुबह : 11.44
- सैंधव — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




बी 4 यू पर सुबह : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यात्री–क्या मैं यहां एक सिगरेट पी सकता हूं?
स्टेशन मास्टर– नहीं यहां सिगरेट पीना सख्त मना है।
यात्री – फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे पड़े हैं?
स्टेशन मास्टर – ये उन लोगों ने फेंके हैं, जो पूछते नहीं है।

दुकानदार–बताइए जनाब क्या चाहिए?
चिंटू– अपने होने वाली बीवी के कुत्ते के लिए केक चाहिए।
दुकानदार– यहीं खाओगे या पैक कर दूं?

# आरोपी भाजपा नेता का हो पॉलीग्राफ टेस्ट

## लालकुआं में दुग्धसंघ अध्यक्ष व सल्ट में भाजपा मंडल अध्यक्ष पर दुष्कर्म के आरोपों के बाद कांग्रेस ने फूंका पुतला

**प्रदर्शन**

- भाजपा शासन में महिलाओं की सुरक्षा को बताया खतरा
- सरकार पर अपराध रोकने में विफल रहने का लगाया आरोप

संवाददाता, बागेश्वर


बागेश्वर में भाजपा सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला युवक कांग्रेस कमेटी ने लालकुंआ में बीजेपी नेता व दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा द्वारा महिला से दुष्कर्म और सल्ट के मण्डल अध्यक्ष द्वारा एक नाबालिक बच्ची का बलात्कार करने के विरोध में भाजपा का पुतला फूंका। कहा कि भाजपा नेता दो सितंबर को सदस्यता अभियान से पूर्व अपने भाजपा नेताओं का पॉलीग्राफ टेस्ट करवाएं ताकि उनके मंतव्य का पता चल सके। कांग्रेस ने भाजपा का पुतला फूंका।

युवक कांग्रेस नेता एसबीआई तिराहे पर एकत्र हुए। अध्यक्षता करते हुए गोकुल परिहार ने कहा कि पूरे प्रदेश में महिलाओं का लगातार शोषण किया जा रहा है और शोषण करने वाले भी बीजेपी के है नेता है जिनमे होड़ सी लगी हुई है कि मैं जो कैसे पीछे हो गया हूं। पूरे प्रदेश में आज बीजेपी से अपनी माताओं और बहनों की रक्षा करने की जरूरत है। जिला महामंत्री संगठन कवि जोशी ने कहा कि पूरे प्रदेश में जो बीजेपी के नेताओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ का नारा दिया जा रहा है परन्तु बीजेपी के नेताओं द्वारा ही हमारी माताओ बहनों के साथ लगातार बलात्कार दुष्कर्म और हत्या की हिंषक घटना सामने आ रही है। कहा कि बीजेपी को 2 सितंबर से सदस्यता अभियान चलाने से पहले अपने सभी नेताओं का पोलीग्राफ टेस्ट करवा लेना चाहिए जिससे ये पता रहेगा कौन सा नेता क्या काण्ड करने के फिराक में है और उत्तराखण्ड की महिलाओं को भी बीजेपी की सदस्यता लेने से पहले जरूर सोचना चाहिए कि जो लोग समाज में माताओ बहनों के साथ लगातार बलात्कार दुष्कर्म कर रहे है उस बीजेपी संगठन में क्या हम सुरक्षित नहीं रह सकते हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, सुनील पाण्डेय ,राजेन्द्र परिहार, सागर जोशी, रिजवान खान, सुरेश पाण्डेय, जयदीप कुमार, नागेंद्र मनवाल,दिव्याशु पिंडारी, राजू पाण्डेय,पंकज पपोला, प्रेम दानू, राहुल बाराकोटी,हिमांशु कोरंगा आदि मौजूद थे।

## दुष्कर्म का आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार

**रानीखेत, अमृत विचार :** सल्ट विकासखण्ड में किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह बोरा को शनिवार देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया है। सल्ट विकासखण्ड में किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष को पुलिस ने देर रात मरचूला रोड से गिरफ्तार कर लिया।इस बात की पुष्टि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा ने की है। उन्होंने बताया कि आज रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इधर, इस प्रकरण में पक्ष की घेराबंदी से तिलमिलाई भाजपा ने भी अपने मंडल अध्यक्ष से पल्ला छुड़ा लिया। भाजपा रानीखेत जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट ने सल्ट मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह बोरा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। जिलाध्यक्ष ने जारी पत्र में लिखा है कि भगवत सिंह बोरा को न्याय पालिका से दोष मुक्त सिद्ध होने तक पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और मंडल अध्यक्ष पद से तत्काल बाहर किया जाता है।

## आज से होगा परीक्षण शिविरों का आयोजन

**टनकपुर, अमृत विचार :** चम्पावत जिले में रह रहे दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरणों के निशुल्क वितरण के लिए सभी विकासखंडों में परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी आर एस सामंत ने बताया कि नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसके लिए प्रशिक्षण शिविर विकासखंड सभागार लोहाघाट में 2 सितंबर, विकासखंड सभागार बाराकोट में 2 सितंबर, नगर पालिका चम्पावत में 4 सितंबर, पूर्णागिरि इंटर कॉलेज भजनपुर, बनबसा में 5 सितंबर, पंचायत घर आमबाग टनकपुर में 7 सितंबर, विकासखंड सभागार पाटी में 9 सितंबर तथा सूर्य मंदिर रमक विकासखंड पाटी में 10 सितंबर को पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षण शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र के लिए आय प्रमाण पत्र या बीपीएल राशन कार्ड, फोटो पहचान पत्र लाना होगा।

## राज्य में मिलेंगी विश्व स्तर की खेल सुविधाएं : रेखा


अल्मोड़ा में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करती कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विक्टोरिया प्रीमियर लीग का आगाज हो गया है। रविवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला खेला गया। जिसमें विक्टोरिया क्लब ने अल्मोड़ा वॉरियर्स को परास्त कर उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया।

हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड उन गिने चुने राज्यों में शामिल हुआ है जहां प्रदेश के खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न जाकर नौकरी देने का काम किया है। कहा खेल विश्वविद्यालय मिलने से प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं मिलेंगी। इसके बाद विक्टोरिया और अल्मोड़ा वॉरियर्स के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विक्टोरिया की टीम ने 210 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में अल्मोड़ा वॉरियर्स की टीम र मात्र 91 रनों में सिमट गई। विक्टोरिया की ओर से चंदन लटवाल ने चार विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया।

**सार-संक्षेप**


चम्पावत में सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपते भाजपाई।

### भाजपाइयों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**टनकपुर :** शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चम्पावत में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान भाजपाइयों और तमाम लोगों ने उन्हें कई समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निस्तारण के लिए ज्ञापन दिए। भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी सूरज प्रहरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में चम्पावत में रामलीला मंच भवन निर्माण एवं दर्शक दीर्घा के लिए मुख्यमंत्री विकास निधि से धनराशि स्वीकृत किए जाने की मांग उठाई। जनहित में रामलीला स्टेज भवन निर्माण एवं दर्शक दीर्घा के लिए मुख्यमंत्री विकास निधि से धनराशि स्वीकृत किए जाने की मांग रखी। इसके अलावा ज्ञापन में चम्पावत नगर पालिका के अंतर्गत बालेश्वर वार्ड में कई स्थानों पर ह्यूम पाइप लाइन बिछाए जाने की मांग भी उठाई। ज्ञापन देने वालों में भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी सूरज प्रहरी, आदर्श रामलीला कमेटी के संरक्षक रविन्द्र सिंह तड़ागी, कोषाध्यक्ष विकास साह आदि मौजूद रहे।

### रानीखेत में सड़क सुरक्षा जागरूकता दिवस मनाया

**रानीखेत :** राजकीय आदर्श बालिका इंटर कॉलेज में बैग लेस डे पर सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रा प्रियांशी अधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा पर कविता के माध्यम से संदेश दिया गया। शिक्षिका मीना मेहरा द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम बताए गए। छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटना और उनके बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। तथा गीत के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी उप्रेती द्वारा किया गया।

### ताकुला सड़क में जेसीबी संचालन की जांच की मांग

**बागेश्वर :** कांग्रेस जिला महामंत्री कवि जोशी ने बागेश्वर– ताकुला मोटर मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान जेसीबी व पोकलेंड संचालन की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ओर आपदा प्रबंधन इन दिनों जेसीबी संचालन न करने की बात कहता है वहीं खुलेआम सड़क चौड़ीकरण में जेसीबी संचालन किया जा रहा है। बता दें कि गत दिनों पोकलैंड संचालन के दौरान पहाड़ी का मलबा पोकलैंड पर आया जिसमें चालक बाल–बाल बच गया। कहा कि बिना अनुमति के पोकलैंड चलाने की चर्चाएं हैं जिसकी प्रशासन को जांच करनी चाहिए।



मथुरा–वृंदावन जाने से पहले टनकपुर में लघु व्यापारियों का किया गया स्वागत।

### लघु व्यापारियों का दल मथुरा वृंदावन भ्रमण पर रवाना

**टनकपुर :** टनकपुर लघु व्यापार संगठन से जुड़े लघु व्यापारियों का 25 सदस्यों का दल रविवार को ट्रेन से मथुरा वृंदावन तीर्थ स्थलों के तीन दिवसीय भ्रमण के लिए रवाना हुआ। संगठन के प्रदेश महामंत्री शिव कुमार के नेतृत्व में जा रहे लघु व्यापारियों का यह दल मथुरा वृंदावन के सभी मंदिरों का भ्रमण कर 4 सितंबर को टनकपुर पहुंचेगा। इंसाफ द पावर संगठन के अध्यक्ष तिलक राम व समाजसेवी सुनील बाल्मीकि द्वारा सभी लघु व्यापारियों का माल्यार्पण किया गया। लघु व्यापारियों के दल को जिये पहाड़ सिटीजन के जिला समन्वयक और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दीप चंद्र पाठक ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। संगठन के प्रदेश महामंत्री शिव कुमार ने बताया कि इस दल के मथुरा से लौटने के बाद संगठन के नगर अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। दल में देवेन्द्र प्रजापति, नरेश प्रजापति, विनोद, श्याम कुमार, मोहन चौहान, अवधेश जायसवाल, रोहित कुमार रहे।

### पेड़ से लटका मिला होमगार्ड जवान का शव

**चम्पावत :** चम्पावत कलक्ट्रेट में तैनात होमगार्ड के जवान का शव संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला। परिजन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गए। चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। चम्पावत कलक्ट्रेट के पास ही गांव डडा बिष्ट निवासी होमगार्ड में तैनात 50 वर्षीय रमेश सिंह नेगी का शव रविवार की सुबह घर से कुछ दूर एक पेड़ से लटका मिला। कोतवाली प्रभारी बीएस बिष्ट ने बताया कि पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने चलाया चेकिंग अभियान

**अल्मोड़ा :** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम ने अल्मोड़ा में संघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों, बस अड्डा, टैक्सी स्टैंड और विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा ब्यूटी पार्लर, स्पा सेंटर आदि स्थानों में चेकिंग की। कार्यरत व्यक्तियों के सत्यापन के संबंध में भी जानकारी ली। नए कानूनों के बारे में भी बताया। वहीं महिला अपराधों, महिला उत्पीड़न से संबंधित अपराध, उत्तराखंड पुलिस के गौरा शक्ति के बारे में भी जानकारी दी।

## स्टेडियम में हुए निर्माण कार्यों की जांच की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**चेतावनी**

- स्थानीय लोगों ने कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या को सौंपा ज्ञापन
- जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**अमृत विचार :** हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडिमय में हुए निर्माण कार्यों की जांच की मांग को लेकर लोग मुखर हो गए है। मामले को लेकर रविवार को स्थानीय खेल प्रेमियों ने कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंप निर्माण कार्य में हुई अनियमितताओं की जांच की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में कहा कि खेल मैदान को विकसित और सुंदरीकरण के लिए 4.29 करोड़ का बजट दिया गया। लेकिन निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता बरती गई है। कहा कि जुलाई में उद्घाटन होने के एक माह बाद ही दीवारों का रंग निकलने लगा है। दर्शक दीर्घा निर्माण में भी अनियमितता बरती गई है। आरोप लगाया कि क्रिकेट के लिए बनी पिच भी अनियमितता का शिकार हुई है। जिससे स्थानीय खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में भारी रोष है। लोगों ने एक स्वर में निर्माण कार्यों के जांच की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में विनीत बिष्ट, भैरव गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, मुकेश लटवाल, पंकज बिष्ट, निखिलेश बिष्ट, चंदन लटवाल, रोहित साह, विजय चौहान, यश साह आदि मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा पहुंची एक राज्य-एक चुनाव संवाद यात्रा

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की संवाद यात्रा का रविवार को अल्मोड़ा पहुंचने पर स्वागत किया गया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की संवाद यात्रा एक राज्य एक पंचायत की मांग को लेकर रविवार को अल्मोड़ा पहुंची। इस दौरान जिला पंचायत सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कोरोना काल के दौरान दो वर्ष तक ग्राम पंचायत के विकास कार्य बाधित हुए। पंचायत संगठन ने कार्यकाल को दो वर्ष बढ़ाकर हरिद्वार के साथ ही पंचायत चुनाव कराए जाने की मांग उठाई।

रविवार को त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की संवाद यात्रा पहुंचने पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर ने कहा कि जिस दिन से आंदोलन शुरू हुआ है, उसी दिन से दो साल कार्यकाल बढ़ाने की मांग के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक न्याय पंचायत में अपने संगठन को मजबूत बनाना है। संगठन के प्रदेश संयोजक ने कहा कि बार-बार अनुच्छेद 243 का जिक्र कर भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। कहा कि अगर यह सही है तो उत्तराखंड सरकार ने 1996 में गठित पंचायतों का कार्यकाल वर्ष 2002 में संविधान के अनुच्छेद 213 का सहारा लेकर कैसे कार्यकाल बढ़ाया। इस अनुच्छेद का सहारा लेकर झारखंड में भी 2021 में कार्यकाल बढ़ा है। कहा कि सरकार के कानून विशेषज्ञों के साथ संगठन खुली बहस करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष धीरेंद्र गैलाकोटी, जिपं सदस्य धन सिंह रावत, ग्राम प्रधान अमरजीत, हवालबाग ब्लाक अध्यक्ष देब सिंह भोजक, राजेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह फर्त्याल, बीना उपाध्याय, हंसा मर्तोलिया, शीला डोगरा, भगवती देवी, नवीन सिंह, जयपाल सिंह, मनोज मेहरा, भुवन चंद, मनीष रावत, पिंकी बिष्ट, अर्जुन सिंह, किशन सिंह बिष्ट, सुरेश चंद्र जोशी, उमेश चंद्र नैनवाल आदि पंचायत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

संवाददाता, रानीखेत


ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि।

**अमृत विचार :** इंटर कॉलेज खिरखेत में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत रहे।

इस अवसर पर इंटर कॉलेज खिरखेत की छात्राओं द्वारा वंदना, स्वागत गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न प्रतिभागी खिलाड़ियों से मुख्य अतिथि हीरा सिंह रावत एवं इंटर कॉलेज खिरखेत के प्रधानाचार्य ने परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में इंटर कॉलेज खिरखेत, राजकीय प्राथमिक विद्यालय चिलियानौला , राइंका देवलीखेत, राइंका ताड़ीखेत, राइका भुजान, राइका चौंकना बेड़गांव, राजकीय विद्यालय पनघट पौड़ा कोठार, प्रिप्रेटरी पब्लिक स्कूल झलोड़ी आदि विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग अंडर 14 में इंटर कॉलेज खिरखेत ने प्रिप्रेट्री पब्लिक स्कूल को पराजित कर खिताब जीता। बालक वर्ग अंडर 14 में प्रिप्रेट्री पब्लिक स्कूल झलोड़ी ने खिरखेत इंटर कॉलेज को पराजित किया, वहीं अंडर 17 बालिका वर्ग में अटल उत्कृष्ट आदर्श इंटर कॉलेज देवलीखेत ने इंटर कॉलेज खिरखेत को पराजित किया ।अंडर 17 बालक वर्ग में राइंका बेड़गांव ने राइंका खिरखेत को पराजित किया। बालक वर्ग अंडर-19 में अटल उत्कृष्ट राइंका भुजान ने इंटर कॉलेज खिरखेत को पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। यहां क्षेत्र पंचायत सदस्य नीरज तिवारी, ग्राम प्रधान झलोड़ी, राजेश कुमार, महेश कुमार आर्य, सोनू कुरैशी, जतिन जुयाल,जगदीश प्रसाद, मनमोहन सिंह देव, डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट,यशोदा कांडपाल श्रीमती मृदुला कुमारी, ममता जोशी, संतोष भट्ट, दीप पंत आदि रहे।

## पति, सास और ननद पर मुकदमा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** नवविवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास और ननद पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार यहां नगर के सिकुड़ा निवासी महिला कमला धामी ने महिला थाने में तहरीर दी। कहना है कि उनका विवाह चार फरवरी 2024 को त्रिलोक सिंह रावत मूल रूप से ग्राम हरड़ा हाल निवासी खुशालपुर लामाचौड़ हल्द्वानी के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई। बताया कि विवाह के दूसरे दिन से ही उनके पति, सास और ननद उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप लगाया कि उनके पति के व्यवसाय और व्यवहार के बारे में भी विवाह से पूर्व उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई।

## कपकोट में नंदा महोत्सव को लेकर तैयारी जोरों पर

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत कपकोट में आठ सितंबर से शुरू हो रहे नंदा-सुनंदा महोत्सव की तैयारियां तेज हो गईं हैं। रविवार को श्रद्धालुओं ने मुख्य गांव से लेकर नंदा मंदिर तक रास्ते और माता के नौले की सफाई की। श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे के साथ मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। बैठक में मेले को भव्य और दिव्य बनाने का निर्णय लिया गया।

मंदिर परिसर में कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कपकोटी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया कि गांव के भगवती मंदिर में पूजा आठ सितंबर से शुरू होगी। उस दिन सुबह नौ बजे महिलाएं रंगोली ओढ़कर मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ मां सरयू के तट पर जाएंगी वहां देव डांगर स्नान करेंगे, पूजा के काम आने वाले बर्तनों को स्नान कराने के बाद महिलाएं पवित्र जल को तांबे के कलशों में भरकर भव्य कलश यात्रा निकालेंगी। भगवती मंदिर में रोजाना दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। 10 सितंबर को पोथिंग गांव से आने वाले भगवती माता और लाटू देवता के देव डांगरों का भव्य स्वागत किया जाएगा। मंदिर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। भंडारे के साथ मेले का समापन होगा। बैठक में नवीन कपकोटी, महेश कपकोटी, पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, पूर्व बीडीसी सदस्य चंद्र कपकोटी, तारा कपकोटी, पूर्व उप प्रधान महिमन कपकोटी, राम चंद्र जोशी, जमन सिंह बिष्ट रहे।

**स्मरण** अल्मोड़ा गांधी पार्क में उपपा ने दिया धरना, शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया

## खटीमा–मसूरी गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा के गांधी पार्क में उपपा ने खटीमा गोलीकांड की बरसी पर धरना दिया।

**अमृत विचार :** खटीमा मसूरी कांड की 29 वीं बरसी पर उपपा ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने 23 वर्ष बाद भी शहीदों के सपनों के अनुरूप राज्य के विकास की दिशा दशा तय न हो पाने के लिए सरकारों को जिम्मेदार बताया। वहीं, राज्य की अवधारणा व शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

रविवार को नगर के गांधी पार्क में लोगों ने नारों व जनगीतों से खटीमा मसूरी कांड के शहीदों को याद किया। इस मौके पर वक्ताओं ने आरोप लगाया कि 42 शहादतों व लंबे ऐतिहासिक आंदोलन से अस्तित्व में आया उत्तराखंड राज्य आज खोखला व बदहाल है। इस दौरान यहां राज करने वाली दिल्ली की कठपुतली सरकारों ने यहां के प्राकृतिक संसाधनों, जमीनों पर सुनियोजित रूप से बाहरी पूंजीपतियों, माफियाओं का कब्जा करा कर यहां के मूल निवासियों के हकों पर डाका डालने का काम किया है। जिसके खिलाफ उत्तराखंड में भारी असंतोष व आक्रोश है जो धीरे धीरे एक बड़े राजनीतिक आंदोलन का आधार बन रहा है। कहा कि राज्य के बेरोजगार युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक कर कुछ हजार रुपये की ठेके की नौकरी करने को विवश हैं।

वहीं हमारे पक्ष-विपक्ष के विधायक तमाम सुविधाओं के साथ चार लाख रुपये प्रतिमाह के वेतन भत्ते को लेकर मौज कर रहे हैं। इस दौरान गोविंद लाल वर्मा, आनंदी वर्मा, अनीनुर्रहमान, हीरा देवी, किरन आर्या, धीरेंद्र मोहन पंत, जीवन चंद्र, विनय किरौला, विनोद तिवारी, मोहन लाल टम्टा, सोनी मेहता, पान बोरा, नारायण राम, भारती, राजू गिरी, स्वाति तिवारी, चंद्रशेखर बनकोटी, मनोज कुमार पंत, विनोद कुमार बिष्ट, भगवत कोहली, हेम पांडे, हर सिंह बिष्ट, मान बहादुर, सुनीता देवी, नेहा वैला, पीएस बिष्ट, मदन राम, चंद्रा गिरी, प्रिया गिरी, चंपा सुयाल, प्रताप सिंह, दिया टम्टा, हरीश आर्या, लता आर्या, गोपाल राम, कमला आदि लोग मौजूद रहे।

### दलित नेता जगदीश चंद्र को पुण्यतिथि पर याद किया

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के दलित नेता जगदीश चंद्र की रविवार को दूसरी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। इस मौके पर उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि हिंदुओं के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा को उपपा के दलित युवा नेता जगदीश की जघन्य हत्या पर सहानुभूति के दो शब्द कहना भी गवारा नहीं हुआ जो उनकी अमानवीय जातिवादी राजनीति की असलियत का प्रमाण है।

## देघाट थाना क्षेत्र से महिला हुई लापता

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** देघाट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गई है। पति की तहरीर पर थाना देघाट पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस में तहरीर दी है। कहना है कि वो मूल रूप से नेपाल निवासी है। वर्तमान में यहां थाना क्षेत्र के एक गांव में रहते हैं। बताया कि 23 अगस्त को उनकी पत्नी घर से भिकियासैंण को निकली। पत्नी के साथ उनकी छह वर्षीय पुत्री भी थी। अब तक वह घर नहीं लौटी है। फोन भी बंद है। इससे परिजन परेशान हो गए है। व्यक्ति ने पुलिस से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। इधर, पुलिस ने व्यक्ति की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में कमांडर सहित छह नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर नक्सली कमांडर सोमारू माड़वी सहित छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया। माड़वी पर जन अदालत लगाकर ग्रामीणों को धमकाने का आरोप है। दूसरे अभियान में पुलिस ने भोसागुड़ा के जंगल से मोड़ियम आयतू को गिरफ्तार किया। आयतू के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, जिनमें हत्या, अपहरण, आगजनी, पुलिस पार्टी पर हमला और आईईडी विस्फोट शामिल हैं।

### सौतेली बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता गिरफ्तार

**गंगटोक।** सिक्किम के सोरेंग जिले में नौ साल की सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में पिता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह मामला तब सामने आया जब बच्ची 30 अगस्त को नियमित जांच के लिए सोरेंग के जिला अस्पताल गई थी। अस्पताल प्रशासन ने जिला पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके सौतेले पिता ने कुछ महीनों में उसके साथ चार बार दुष्कर्म किया है।

### धोखाधड़ी के आरोप में तीन शिक्षिकाओं पर केस

**ठाणे।** तीन शिक्षिकाओं पर सहकर्मी से धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। भिवंडी टाउन पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी शिक्षिकाओं में से एक ने सहकर्मी को बैंक से 10 लाख का ऋण लेने और फिर उसे देने के लिए राजी किया। यह मामला जुलाई 2020 का है। आरोपी ने सहकर्मी को तीन लाख तो वापस दिए, लेकिन शेष राशि देने के बहाने वह उसका आधार और पैन कार्ड ले गई और फिर सहकारी बैंक से दूसरा ऋण ले लिया। आरोपी ने सहकर्मी के नाम पर 15 लाख का ऋण लिया था। मामले में अन्य दो आरोपियों ने गवाह के तौर पर काम किया।

### पूर्व विधायक आसिफ की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सत्र अदालत ने भूमि अतिक्रमण मामले में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा 2018 में छह महीने कैद की सजा सुनाने के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान की अपील खारिज कर दी। अदालत जसोला में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की भूमि पर अतिक्रमण के मामले में सजा के आदेश के खिलाफ खान की अपील पर सुनवाई कर रही थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा कि निर्देश दिया कि खान को सजा काटने के लिए न्यायिक हिरासत में ले लिया जाए।

# ठाकरे ने अक्षम्य तो पवार ने बताया भ्रष्टाचार

## छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा ढहने के विरोध में गेटवे ऑफ इंडिया तक एमवीए ने निकाला मार्च

- राजकोट किले में 26 अगस्त को गिर गई थी मराठा योद्धा की प्रतिमा
- नौसेना दिवस पर प्रधानमंत्री ने किया था प्रतिमा का अनावरण

मुंबई, एजेंसी

राकांपा-एसपी सुप्रीमो शरद पवार और शिवसेना- यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के विरोध में दक्षिण मुंबई स्थित प्रतिष्ठित हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक रविवार को महा विकास आघाडी (एमवीए) के मार्च का नेतृत्व किया।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मांगी गई माफी में अहंकार की बू है और शरद पवार ने इसको भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया। राजकोट किले में मराठा योद्धा की प्रतिमा 26 अगस्त को गिर गई थी। इसका अनावरण प्रधानमंत्री मोदी ने 4 दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस पर किया था। शरद पवार, उद्धव ठाकरे, कांग्रेस प्रदेश इकाई के प्रमुख नाना पटोले और पार्टी की मुंबई इकाई की प्रमुख वर्षा गायकवाड़ ने महाराष्ट्र आंदोलन के शहीदों को हुतात्मा चौक पर पुष्पांजलि अर्पित कर मार्च की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने पालघर में कहा था कि मैं शिवाजी के चरणों में सिर झुकाता हूं और अपने देवता से माफी मांगता हूं।



मुंबई में शिवाजी की प्रतिमा के ढहने पर विरोध मार्च में शामिल एमवीए के नेता- कार्यकर्ता।

### औरंगजेब के कारनामे दोहराते हैं उद्धव



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर हमला करते हुए उन पर छत्रपति शिवाजी के नाम पर राजनीति और औरंगजेब तथा अफजल खान का अनुकरण करने का आरोप लगाया। शिंदे ने प्रतिमा गिरने पर राजनीति के लिए विपक्ष की आलोचना की। शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार तथा खुद उनके द्वारा माफी मांगने के बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष राजनीति कर रहा है

# हावड़ा के सरकारी अस्पताल में नाबालिग से छेड़छाड़ पर बवाल

हावड़ा, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में सरकारी अस्पताल में 12 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ हुई है, जिसके बाद माकपा ने अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर हंगामा किया। इस मामले में प्रयोगशाला (लैब) के तकनीशियन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम हावड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल में हुई, जहां लड़की को पिछले सप्ताह भर्ती कराया गया था।

लड़की के परिवार के सदस्य ने दावा किया कि वह प्रयोगशाला से रोते हुए बाहर आई, क्योंकि आरोपी ने उसे अनुचित तरीके से छुआ था और उसे धमकी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। माकपा की युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने प्रदर्शन कर अस्पताल अधीक्षक के इस्तीफे की मांग की।

### छेड़छाड़ पर पंचायत सदस्य के घर में तोड़फोड़

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले में तीसरी कक्षा की 10 वर्षीय लड़की से कथित छेड़छाड़ के आरोप में भीड़ ने पंचायत सदस्य के घर में तोड़फोड़ की। पुलिस ने बताया कि आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया गया और जिले की रोहांडा पंचायत के राजबाड़ी इलाके में पुलिस तैनात है। शनिवार शाम को लड़की के साथ घटना हुई। लड़की की आपबीती सुनकर परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया।

## अभिनेता जयसूर्या ने तोड़ी चुप्पी सभी आरोपों से किया इनकार

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- बोले- आरोपों ने उन्हें, उनके परिवार और उनके हर करीबी को तोड़ दिया

अभिनेता जयसूर्या ने अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए रविवार को आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि इन आरोपों ने उन्हें, उनके परिवार और उनके हर करीबी को तोड़ दिया है। परिवार के साथ अमेरिका में मौजूद अभिनेता ने कहा कि वह कानूनी रूप से आरोपों का सामना करेंगे।

जयसूर्या ने फेसबुक पर कहा कि अपनी निजी प्रतिबद्धताओं से, मेरा परिवार और मैं पिछले महीने से अमेरिका में हूं तथा इस दौरान यौन उत्पीड़न पर दो झूठे आरोप मेरे खिलाफ लगाए गए हैं। स्वाभाविक रूप से, इसने मुझे, मेरे परिवार को और मेरे करीब हर व्यक्ति को तोड़ दिया है। मैंने कानूनी रूप से इसका सामना करने का फैसला लिया है। जयसूर्या के खिलाफ एक अभिनेत्री ने छावनी पुलिस थाने में 28 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभिनेत्री ने एम. मुकेश, जयसूर्या और मणियांपिल्ला राजू के साथ ही इडावेलू बाबू पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं।

## हमारे बिहू गीतों को बदलने का प्रयास स्वीकार नहीं : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि मिया बिहू को लोकप्रिय बनाने की कोशिश के आरोप में एक गायक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी असमिया व्यक्ति अपने पारंपरिक बिहू गीतों को बहुत अलग बनाने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

**मिया बिहू गायक गिरफ्तार**

शर्मा ने शनिवार देर रात फेसबुक पर किए एक पोस्ट में कहा कि कुछ लोग मिया बिहू को लोकप्रिय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे ही एक गायक अल्ताफ हुसैन को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा साझा की गई 2.27 मिनट की वीडियो क्लिप में शर्मा ने जोर देकर कहा कि जब तक असमिया समाज कायम रहेगा, वह सम्मान के साथ ऐसा करेगा।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा वक्फ विधेयक पर मुस्लिमों से लेगा सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधेयक की जांच कर रिपोर्ट संसदीय समिति के सामने की जाएगी प्रस्तुत

कुछ प्रमुख मुस्लिम संगठनों की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक की तीखी आलोचना के बीच भाजपा का अल्पसंख्यक मोर्चा वक्फ बोर्ड में सुधार के लिये मुसलमानों से सुझाव मांगेगा। साथ ही विधेयक की पड़ताल कर रही संसदीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

सूत्रों ने बताया कि राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्षों सहित सात भाजपा सदस्यों की टीम देश के अल्पसंख्यक समुदाय के विचार जानेगी और उनकी चिंताओं को दूर करेगी। अल्पसंख्यक मोर्चा अपनी रिपोर्ट को भाजपा नेतृत्व और वरिष्ठ पार्टी सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति से साझा करेगा। मोर्चा के सदस्यों में क्रमशः उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और गुजरात में वक्फ बोर्ड के प्रमुख शादाब शम्स, सनवर पटेल और मोहसिन लोखंडवाला और हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन शामिल हैं। पार्टी नेतृत्व ने मोर्चा प्रमुख जमाल सिद्दीकी से कहा है कि वह देशभर के मुस्लिमों से संपर्क कर वक्फ अधिनियम में सुधार के पक्ष में माहौल बनाएं, ताकि बोर्ड के कामकाज को जवाबदेह बनाया जा सके।

## चिकित्सक दुष्कर्म-हत्याकांड के विरोध में निकली रैलियां, हुए प्रदर्शन

**कोलकाता।** कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में यहां रविवार को कई रैलियां और प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

सत्तारूढ़ टीएमसी और विपक्षी दल भाजपा के साथ-साथ नागरिक संगठनों के सदस्यों की दिन में शहर में और पूरे पश्चिम बंगाल में सड़कों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करने की योजना है। टीएमसी की महिला सदस्य दुष्कर्मियों को मृत्युदंड देने के लिए कानून में संशोधन की मांग को लेकर विभिन्न ब्लॉक पर प्रदर्शन करेंगी। वहीं, भाजपा एस्प्लेनेड में 29 अगस्त से शुरू अपने धरने को जारी रखेगी। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पहले कहा था कि प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चिकित्सक दुष्कर्म-हत्या मामले को लेकर अपने पद से इस्तीफा दें। बंगाल सरकार ने सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें बलात्कार के दोषियों को मृत्युदंड के प्रावधान संबंधी विधेयक पारित किया जाएगा।

## मणिपुर : उग्रवादियों की गोलीबारी में दो लोगों की मौत, नौ घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में रविवार को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और पड़ोसी कडांगबांड के घाटी के निचले इलाकों की ओर गोलीबारी करने के साथ बम से हमले किए। इसमें दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि नौ लोग घायल हो गए। उग्रवादियों की गोलाबारी से कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। अस्पताल अधिकारियों ने बताया कि नौ घायलों में से पांच को गोली लगी है, जबकि अन्य को छर्रे लगे हैं। पुलिस ने बताया कि मृत महिला 31 वर्षीय नंगबाम सुरबाला देवी है। अन्य मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। हालात को स्थिर करने के लिए राज्य और केंद्रीय इकाइयों सहित सुरक्षाबलों को क्षेत्र में तैनात किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में विस चुनाव नहीं लड़ेंगे आजाद

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद स्वास्थ्य कारणों से आगामी विधानसभा चुनाव में नहीं उतरेंगे, लेकिन पार्टी जम्मू-कश्मीर में चुनिंदा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सलमान निज़ामी ने यहां घोषणा की कि आज़ाद को पहले डोडा क्षेत्र से चुनाव लड़ना था, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण उन्होंने अब पहले चरण के अंतिम चरण के दौरान अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है।

# 6.7% अदालतें महिलाओं के अनुकूल :सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि जिलास्तर पर केवल 6.7% अदालतें महिलाओं के अनुकूल है और इसको बदलने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट के दो दिवसीय जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में सीजेआई ने कहा कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अदालतें सभी के लिए सुरक्षित और सहज वातावरण प्रदान करें। सुप्रीम कोर्ट से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समापन भाषण दिया और शीर्ष अदालत के ध्वज और प्रतीक चिह्न का अनावरण किया।



जिला न्यायपालिका के सम्मेलन के समापन पर सुप्रीम कोर्ट के प्रतीक चिह्न का अनावरण करते सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अदालतों में चिकित्सा सुविधाएं, शिशुगृह (क्रेच), ई-सेवा केंद्र जैसी सुविधाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस होने चाहिए। इन प्रयासों का उद्देश्य न्याय तक पहुंच बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से, हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारी अदालतें समाज के सभी सदस्यों, विशेषकर महिलाओं और अन्य कमजोर समूहों जैसे विकलांग व्यक्तियों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों के सदस्यों तथा सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य के सभी लोगों के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि हाल में संपन्न पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 1,000 मामलों का निपटारा पांच कार्य दिवसों के भीतर सौहार्दपूर्ण ढंग से किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने भी कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया।

## बिहार के पूर्व मंत्री रजक जद (यू) में वापस लौटे

**पटना।** बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने लालू प्रसाद की राजद छोड़ने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद यह कदम उठाया। रजक को 2020 में राज्य मंत्रिमंडल के साथ जद(यू) से निष्कासित किया था। रजक राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत कई नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। झा ने कहा कि रजक के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी, महादलितों के बीच, जिन्हें नीतीश ने अलग श्रेणी की मान्यता दी है।



## एक नजर

### सरकार सीपीएसई पूंजी पुनर्गठन में करेगी संशोधन

**नई दिल्ली।** सरकार केंद्रीय लोक उपक्रमों के लाभांश भुगतान, बोनस जारी करने और शेयर पुनर्खरीद के संबंध में अपने 2016 के दिशानिर्देशों में संशोधन करने पर काम कर रही है। वित्त मंत्रालय ने मई 2016 में सीपीएसई में सरकारी निवेश के कुशल प्रबंधन के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) का पूंजी पुनर्गठन पर व्यापक दिशानिर्देश जारी किए थे। एक अधिकारी ने बताया कि सीपीएसई अब बहीखाते के मामले में अधिक मजबूत हैं और उनके बाजार पूंजीकरण में सुधार हुआ है।

### उद्योगों को बढ़ाने के उपायों पर केंद्र, राज्य करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल देश के औद्योगिक विकास को गति देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए पांच सितंबर को राज्यों के उद्योग मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। चूंकि उद्योग राज्य का विषय है, अत: इस क्षेत्र को बढ़ावा देने में उनकी प्रमुख भूमिका है। अधिकारी ने कहा कि बैठक में विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपायों, उद्योगों को प्रोत्साहन और राज्य से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श होने की संभावना है। केंद्र पहले से ही इस दिशा में कई उपाय कर रहा है।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5850 मसूरी- 5600 बासमती- 9500 परमल- 3900

दाल दलहन :काला चना- 9200 साबुत चना दाल- 9600 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 13200-15600 दाल उड़द- 10600 साबुत मसूर दाल- 7600 मसूर दाल- 7800 उड़द साबुत- 11500 काबुली चना- 15500 अरहर दाल- 15600 लोबिया/ करमानी- 9600 सोयाबीन- 4600 मूंगफली- 11700 मटर (सूखी)- 5780 मक्का- 2650


# 151 देशों से व्यापार अधिशेष, 75 के साथ घाटा

## जीटीआरआई ने कहा- कच्चे तेल, कोयले के आयात से हुए घाटे पर चिंता की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का इस साल की पहली छमाही यानी जनवरी-जून 2024 के दौरान अमेरिका और नीदरलैंड सहित 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष में था। दूसरी ओर देश को चीन और रूस सहित 75 देशों के साथ व्यापार घाटा का सामना करना पड़ा। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह जानकारी दी और कहा कि भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले व्यापार घाटे के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

जीटीआरआई ने साथ ही कहा कि देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। यह खासकर चीन जैसे देशों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पहुंच सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से जून 2024 के बीच, भारत का 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष था, जो इसके निर्यात का 55.8 प्रतिशत और आयात का 16.5 प्रतिशत था। इस साल जनवरी-जून के दौरान सबसे अधिक अधिशेष अमेरिका (21 अरब अमेरिकी डॉलर) और नीदरलैंड (11.6 अरब डॉलर) के साथ रहा। दूसरी ओर भारत का 75 देशों के साथ व्यापार घाटा था, जो इसके निर्यात का 44.2 प्रतिशत और आयात का 83.5 प्रतिशत था। इसके चलते 185.4 अरब अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ। इस स्थिति से विशिष्ट आयातों पर निर्भरता को कम करने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पता चलती है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत जिन देशों से मुख्य रूप से सोना, चांदी और हीरा का आयात करता है, उन्हें लेकर भी सजग रहना चाहिए, क्योंकि बजट में इन पर शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है।



- देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर देना चाहिए ध्यान

### कठिन दौर के बाद रेस्तरां क्षेत्र में सुधार की उम्मीद

**नई दिल्ली।** स्पेशियलिटी रेस्टोरेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अंजनमॉय चटर्जी ने कहा है कि रेस्तरां उद्योग को अप्रैल-जून तिमाही में खाने के सामान की ऊंची कीमतें और लोगों द्वारा बाहर कम खाने-पीने जैसी अस्थायी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लेकिन भारत के समग्र मजबूत बुनियाद से रेस्तरां उद्योग में अब सुधार की उम्मीद है। कंपनी मेनलैंड चाइना, एशिया किचन बाय मेनलैंड चाइना, एपिसोड वन, हाका और स्वीट बंगाल जैसे कई ब्रांड की मालिक है। कंपनी ने कोविड महामारी के दौरान 29 रेस्तरां बंद कर दिए थे और अब अपना विस्तार करते हुए लाभदायक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि भारत में बाहर खाना न खाना या मुद्रास्फीति का कम न होना ऐसी बात है जिस पर मैं विश्वास नहीं करता।

## बिजली खपत अगस्त में 4.7% घटकर 144.2 अरब यूनिट हुई

**नई दिल्ली।** देश में बिजली खपत अगस्त में सालाना आधार पर 4.7% घटकर 144.21 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण सामान्य से अधिक बारिश होना है, जिससे एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग कम हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगस्त में 287.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 248.1 मिमी से 16 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2023 में बिजली की खपत 151.32 अरब यूनिट थी। एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति भी अगस्त, 2024 में घटकर 216.68 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रह गई, जबकि एक साल पहले 236.29 गीगावाट थी। इस साल मई में बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

# जीएसटी संग्रह 10% बढ़कर हुआ 1.75 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

अगस्त में जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो घरेलू खपत में वृद्धि को दर्शाता है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल अगस्त में माल और सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.59 लाख करोड़ था, जबकि इस साल जुलाई में यह 1.82 लाख करोड़ रुपये था।

अगस्त 2024 में घरेलू राजस्व 9.2% बढ़कर 1.25 लाख करोड़ हो गया। वस्तुओं के आयात से सकल जीएसटी राजस्व 12.1% बढ़कर 49,976 करोड़ रहा। डेलॉयट इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा कि इस साल के त्योहारी सत्र की शुरुआत में संग्रह में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि से संकेत है कि खपत मजबूत है और आने वाले त्योहारी महीनों में इसमें और सुधार होगा। इससे यह भरोसा बढ़ेगा कि साल के लिए संग्रह के लक्ष्य हासिल होंगे। प्रमुख राज्यों में जीएसटी संग्रह वृद्धि में कुछ अंतर हैं, जिन पर विचार की जरूरत हो सकती है। समीक्षाधीन महीने में 24,460 करोड़ के रिफंड जारी हुए, जो सालाना आधार पर 38 प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व आलोच्य महीने में 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये रहा।



- पिछले साल राजस्व 1.59 लाख करोड़ था, इस साल जुलाई में 1.82 लाख करोड़

## भ्रामक विज्ञापनों पर शंकर अकादमी पर पांच लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने 2022 सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों पर शंकर आईएएस अकादमी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने रविवार को बताया कि उसने पाया कि कोचिंग संस्थान ने सफलता दर और सफल अभ्यर्थियों की प्रकृति के बारे में झूठे दावे किए थे। अकादमी ने 2022 के विज्ञापन में दावा किया कि 933 में से 336 चयनित, शीर्ष में 40 और तमिलनाडु से दो उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए हैं।

## चाय उद्योग के लिए सुस्त वृद्धि महंगाई चिंता का विषय

**गुवाहाटी।** घरेलू खपत में धीमी वृद्धि, बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति और कोविड महामारी के बाद निर्यात में धीमी गति से सुधार चाय उद्योग के समक्ष प्रमुख चुनौतियां हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया टी ट्रेडर्स एसोसिएशन के एक अधिकारी ने यह कहा। चाय उत्पादक संघ और टी बोर्ड इंडिया देश में धीमी मांग वृद्धि से चिंतित हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया टी ट्रेडर्स एसोसिएशन (एफएआईटीटीए) के अध्यक्ष संजय शाह ने शनिवार शाम 10वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान कहा कि खुदरा विक्रेताओं के रूप में, हम बाजार की गतिविधियों को करीब से देख रहे हैं। खाद्य मुद्रास्फीति का बढ़ता स्तर भी चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि इसका उपभोग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शाह ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं में उच्च मुद्रास्फीति गैर-आवश्यक वस्तुओं की मांग पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। आवश्यक वस्तुओं में भी, उपभोक्ता कम कीमत वाले गैर-प्रीमियम उत्पादों की ओर रुख कर सकते हैं।

# आठ कंपनियों की पूंजी हुई 1.53 लाख करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57% का उछाल आया, लगातार नौ सत्रों से बाजार में तेजी कायम

शेयर बाजार में तेजी के साथ 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ की पूंजी संयुक्त रूप से 1,53,019.32 करोड़ रुपये बढ़ी है। भारतीय एयरटेल, इन्फोसिस और टीसीएस सर्वाधिक लाभ में रहीं। बीएसई के सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57% का उछाल आया। सेंसेक्स में शुक्रवार को नौवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 231.16 अंक यानी 0.28% की बढ़त से उच्चतम स्तर 82,365.77 अंक पर बंद हुआ। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 47,194.86 करोड़ बढ़कर 9,04,587.12 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 33,611.37 करोड़ बढ़कर 8,06,880.50 करोड़, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 31,784.9 करोड़ बढ़कर 16,46,899.17 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 18,734.3 करोड़ बढ़कर 8,66,374.41 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 13,396.42 करोड़ बढ़कर 20,43,107.10 करोड़, एचडीएफसी बैंक 5,600.24 करोड़ बढ़कर 12,44,206.43 करोड़, भारतीय जीवन बीमा निगम 2,340.25 करोड़ बढ़कर 6,73,390.88 करोड़ और भारतीय स्टेट बैंक 356.98 करोड़ बढ़कर 7,27,935.97 करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर 8,411.54 करोड़ घटकर 6,52,739.95 करोड़ और आईटीसी 4,776.48 करोड़ रुघटकर 6,27,587.76 करोड़ रुपये रहा।

### एफपीआई ने 7,320 करोड़ किया निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सतर्क रुख अपनाते हुए अगस्त में घरेलू शेयर बाजार में केवल 7,320 करोड़ रुपये का निवेश किया। शेयरों के उच्च मूल्यांकन और बैंक ऑफ जापान के ब्याज दर बढ़ाने के बाद येन कैरी ट्रेड यानी निम्न ब्याज दर वाले वाले देश से कर्ज लेकर दूसरे देश की परिसंपत्तियों में निवेश के समाप्त होने के बीच उन्होंने सतर्क रुख अपनाया है।

## आईआईएचएल पर आरसीएपी के कर्जदाताओं ने लगाया देर का आरोप

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएपी) के कर्जदाताओं ने आरोप लगाया है कि हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल देरी करने की रणनीति अपना रही है, जिससे समाधान योजना को लागू करने में भी विलम्ब हो रहा है। मॉरीशस स्थित इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने 27 फरवरी, 2024 को कर्ज में डूबी वित्तीय कंपनी के लिए आईआईएचएल की 9,861 करोड़ की समाधान योजना को मंजूरी दे दी थी। ऋणदाताओं ने दावा किया कि आईआईएचएल ने औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) से मंजूरी लेने का कदम बाद में उठाया है। उन्होंने कहा कि यह 27 फरवरी, 2024 को समाधान योजना को मंजूरी देते समय एनसीएलटी की तय शर्तों का हिस्सा भी नहीं था।




## खेल डायरी

### पांच भारतीय क्रिकेटर डब्ल्यूबीबीएल का बनेंगी हिस्सा

**मेलबर्न।** उप-कप्तान स्मृति मंधाना सहित छह भारतीय क्रिकेटर अलग-अलग टीमों द्वारा चुने जाने के बाद 27 अक्टूबर से शुरू होने वाली आगामी महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) का हिस्सा होंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले ही मंधाना के साथ अनुबंध कर लिया था। दयालन हेमलता पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम से जुड़ेंगी। शीर्ष क्रम की यह बल्लेबाज पहली बार इस लीग का हिस्सा बनेगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण करेंगी। वह मेलबर्न स्टार्स टीम के साथ जुड़ेंगी। भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा है। तेज गेंदबाजी के साथ बल्ले से योगदान देने के लिए जानी जाने वाली शिखा पांडे को ब्रिसबेन हीट ने चुना है। वह पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगी क्योंकि वह भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह ब्रिसबेन हीट की टीम में जेमिमा रोड्रिग्स के साथ शामिल हुईं हैं। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर को एडिलेड में एडिलेड स्ट्राइकर्स और ब्रिसबेन हीट के बीच मैच के साथ शुरू होगा।

### ड्वेन ब्रावो कैरिबियाई प्रीमियर लीग से लेंगे संन्यास

**नई दिल्ली।** टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज ड्वेन ब्रावो ने कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) के जारी सत्र के बाद इस टूर्नामेंट से संन्यास लेंगे। ब्रावो ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। यह सत्र कैरिबियाई लोगों के सामने मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स केटीआर ही वो जगह थी जहां से मेरे लिए हर चीज की शुरुआत हुई थी और अपनी टीम के साथ ही इस यात्रा का अंत होगा। ब्रावो ने वर्ष 2021 के टी-20 विश्वकप के शुरुआती चरण में ही वेस्टइंडीज के बाहर हो जाने के बाद टी-20 को अलविदा कह दिया था। इसके बाद उन्होंने 2023 में आईपीएल से भी संन्यास के बाद सीएसके के गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाई। ब्रावो सीपीएल में भी अभी तक सबसे अधिक विकेट लेने गेंदबाज हैं। उन्होंने 103 मैचों में 22.40 की औसत और 128 विकेट लिए हैं।

### आयरिश ओपन में दीक्षा 31वें स्थान पर पहुंचीं

**डबलिन (आयरलैंड)।** भारत की दीक्षा डागर ने केपीएमजी महिला आयरिश ओपन के तीसरे दौर में बोगी-रहित चार-अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह संयुक्त 55वें से संयुक्त 31वें पायदान पर पहुंचने में सफल रहीं। शुरुआती दो दौर में 72 और 74 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने छठे और 12वें होल के बीच बिना किसी बोगी के चार बर्डी लगाई और तीन दौर के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर हैं। दीक्षा का आत्मविश्वास इस प्रदर्शन से बढ़ेगा। प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय प्रणवी उर्स, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावरी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

### जीव तीसरे और रंधावा नौवें स्थान पर रहे

**ग्रेटर नोएडा।** टूर्नामेंट के मेजबान गोल्फर जीव मिल्खा सिंह अंत में निराशाजनक ट्रिपल बोगी के कारण रविवार को यहां शुरुआती इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे, हालांकि लीजेंड्स टूर पर यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा जिसमें वह पिछले तीन साल से खेल रहे हैं। जीव ने अंतिम दिन जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स पर चार ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह 5,00,000 डॉलर पुरस्कार के टूर्नामेंट को जीतने की दावेदारी से बाहर हो गए। जीव के चूकने के बावजूद मेजबान देश के लिए लीजेंड्स टूर टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन रहा।

### अजमेर में शतरंज प्रतियोगिता 28 से होगी शुरू

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में खेलों को प्रोत्साहन देने वाली संस्था 'स्पोर्टीबाइट' की ओर से दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक प्रतिभागी बन सकेंगे। अजमेर में स्पोर्टीबाइट की ओर से आयोजन समन्वयक अनुपम गोयल ने रविवार को यहां पत्रकारों को बताया कि 28 तथा 29 सितंबर को नई सौगात के रूप में खेल प्रेमियों को शतरंज प्रतियोगिता के रोमांच से शहरवासियों को रूबरू कराया जायेगा। प्रतियोगिता में सभी आयुवर्ग के खेल प्रेमी भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि खेल का स्थान प्रतिभागियों की संख्या को देखते हुए निर्धारित किया जायेगा। शतरंज प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 200 टेबल की व्यवस्था के साथ 500 खिलाड़ियों का लक्ष्य रखा गया है लेकिन प्रतिभागियों की संख्या ज्यादा होगी तो टेबल की संख्या बढ़ाई जाएगी। प्रतियोगिता की कुल ईनामी राशि 51000 रखी गई है। विजेताओं को कुल 61 ईनाम, ट्राफियां तथा सभी प्रतिभागियों को संस्थान का प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

# फाइनल के लक्ष्य से चूके भारतीय निशानेबाज

## क्वालीफाई नहीं कर पाए अवनि लेखरा, सिद्धार्थ बाबू और श्रीहर्ष देवरड्डी रामकृष्णा

**शेटराउ, एजेंसी**

भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों की मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच1) स्पर्धा में रविवार को यहां 11वें जबकि सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच2) क्वालीफिकेशन में श्रीहर्ष देवरड्डी रामकृष्ण 630.2 के कुल स्कोर के साथ 26वें स्थान पर रहे।

अवनि 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के अपने प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाई और अच्छी शुरुआत के बावजूद 628.8 अंक के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। सिद्धार्थ ने 628.3 का स्कोर किया। अवनि के छह सीरीज में अंकों का क्रम 105.7, 106.0, 104.1, 106.0, 104.8, 106.2, जबकि सिद्धार्थ का स्कोर 104.6, 103.8, 105.7, 104.9, 103.6, 105.7 रहा। अवनि ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह लगातार दो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थी। उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ अपने खिताब का बचाव किया था।


निशाना लगातीं अवनि लेखरा


सिद्धार्थ बाबू।

- मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच1) स्पर्धा में अवनि 11वें और सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे
- मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच2) क्वालीफिकेशन में श्रीहर्ष देवरड्डी रामकृष्ण 26वें स्थान पर रहे

एसएच1 में खिलाड़ी बिना किसी मुश्किल के बंदूक पकड़ सकते हैं तथा खड़े होकर या बैठकर निशाना लगा सकते हैं। सीरीज 1 में 44 वर्षीय देवरड्डी ने 105.2 अंक के बाद अगली सीरीज में 105.7 अंक हासिल किए। इसके बाद उन्होंने 105.4, 104.3, 105.6 और 104.0 अंक के स्कोर से निराशाजनक प्रदर्शन किया। 11 वर्ष पहले एक दुर्घटना के कारण उनका अपने अंगों पर नियंत्रण सीमित हो गया था। 1980 में धारवाड़ में जन्मे देवरड्डी अभी अपनी पत्नी, बेटे और माता-पिता के साथ हुबली में रहते हैं। उनकी बाइक बजरी वाली सड़क पर पलट गई और इस दुर्घटना के बाद उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई तथा सर्जरी के बावजूद वे अपने दोनों हाथों तथा पैरों पर नियंत्रण खो बैठे।

**पदक तालिका**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 26 | 21 | 8 | 55 |
| ब्रिटेन | 18 | 10 | 7 | 35 |
| ब्राजील | 8 | 4 | 12 | 24 |
| अमेरिका | 6 | 10 | 5 | 21 |
| फ्रांस | 6 | 7 | 10 | 23 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 8 | 18 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 2 | 10 |
| उज्बेकिस्तान | 5 | 3 | 3 | 11 |
| इटली | 4 | 4 | 9 | 17 |
| भारत | 1 | 1 | 3 | 5 |

### देश को गौरवान्वित करता है खिलाड़ियों का प्रदर्शन : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक खेलों में भारत के पदक विजेताओं से रविवार को फोन पर बात की और मौजूदा प्रतियोगिता में उनके प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने जिन एथलीटों से बात की उनमें मोना अग्रवाल, प्रीति पाल, मनीष नरवाल और रूबिना फ्रांसिस शामिल थे। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक पदक विजेता को बधाई दी और कहा कि उन्होंने अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। अधिकारियों ने कहा कि मोदी ने अवनि लेखरा को भी शुभकामनाएं दी और इन खेलों की अन्य स्पर्धाओं में उनकी सफलता की कामना की। अवनि निशानेबाजी की एक स्पर्धा में भाग लेने के कारण इस बातचीत में शामिल नहीं हो पाईं।



### नौकायान: अनीता और नारायण की जोड़ी फाइनल में हारी

**पेरिस।** भारतीय नौकायान की मिश्रित युगल जोड़ी अनीता और के नारायण को रविवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की रोइंग पीआर3 मिश्रित युगल की स्पर्धा के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। आज खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने फाइनल बी में 8:16.96 के समय के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और कुल मिलाकर आठवां स्थान पर रही। इस हार के साथ इन दोनों का पैरालंपिक में अभियान समाप्त हो गया। अनीता और के. नारायण ने पहली बार पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया था।

### मनीषा और तुलसीमति के बीच होगा सेमीफाइनल


**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास ने रविवार को यहां पैरा ओलंपिक खेलों में एसयू5 वर्ग में महिलाओं के एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना हमवतन तुलसीमति मुरुगेसन से होगा जिससे भारत का इस स्पर्धा में पदक पक्का हो गया। मनीषा के दाहिने हाथ में जन्म से ही विकार था। क्वार्टर फाइनल में जापान की मामिको टोयोडा को हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। अंतिम चार में मनीषा का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त तुलसीमति से होगा, जिन्होंने शनिवार को ग्रुप ए में पुर्तगाल की बीट्रिज मोंटेइरो को हराया था। एसएल4 वर्ग में पुरुष एकल सेमीफाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी सुहास यतिराज और सुकांत कदम आमने-सामने होंगे। इस तरह से इन दोनों ने बैडमिंटन में भारत का पहला पदक पक्का किया था। मनदीप कौर और पलक क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही। मनदीप नाइजीरिया की बोलाजी मरियम एनियोला के सामने 23 मिनट में 8-21, 9-21 से मुकाबला हार गई। मनदीप की एनियोला के खिलाफ यह लगातार दूसरी हार है। एसएल4 वर्ग में पलक इंडोनेशिया की खलीमातुस सादियाह से हार गईं। नित्या सिवन सुमति एसएच6 श्रेणी के क्वार्टर फाइनल में चुनौती पेश करेंगी।

# रवि शॉटपुट में पांचवें स्थान पर, रक्षिता ने किया निराश

**पेरिस, एजेंसी**

भारत के रवि रोंगाली पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन पुरुषों की एफ40 गोला फेंक फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि रक्षिता राजू महिलाओं की 1500 मीटर टी11 दौड़ के शुरुआती दौर में ही बाहर हो गईं। पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले रवि ने 10.63 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनका यह प्रदर्शन हालांकि उन्हें पांचवां स्थान ही दिला पाया।

विश्व रिकॉर्ड धारक पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेरो ने 11.21 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मंगोलिया के बटुल्गा त्सेगमिड (11.09 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई पैरा खेलों के चैंपियन इराक के गर्राह तनैयाश ने 11.03 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि तोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियन रूस डेनिस गनेजडिलोव 10.80 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। वह पेरिस पैरालंपिक में तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। एफ40 वर्ग छोटे कद वाले खिलाड़ियों के लिए है।



पुरुषों के एफ40 गोला फेंक फाइनल में भाग लेते रवि रोंगाली।



### आखिरी स्थान पर रहीं रक्षिता

रक्षिता हीट तीन में पांच मिनट 29.92 सेकेंड के समय के साथ चार धावकों में आखिरी स्थान पर रही। तीनों हीट से प्रत्येक में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चीन की शानशान हे चार मिनट 44.66 सेकेंड के समय के साथ रक्षिता की हीट में शीर्ष स्थान पर रही, जबकि दक्षिण अफ्रीका की लौजेन कोएट्जी ने सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास चार मिनट 45.25 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। टी11 श्रेणी दृष्टिबाधित एथलीटों के लिए है। इसमें एथलीट गाइड की मदद से प्रतिस्पर्धा करते हैं।

### भाला फेंक में आठवें स्थान पर रहे परवीन

**पेरिस।** भारत के परवीन कुमार यहां पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की एफ57 भाला फेंक स्पर्धा में आठवें स्थान पर रहे। हरियाणा के 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने चौथे थ्रो में 42.12 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उज्बेकिस्तान के यॉर्किनबेक ओडिलोव ने 50.32 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जबकि तुर्किये के मुहम्मत खलवंडी (49.97 मीटर) ने रजत पदक जीता। ब्राजील के सिसेरो वाल्डिरन लिंस नोबरे ने 49.46 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक हासिल किया। एफ57 उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके ऊपरी अंग किसी कमी से प्रभावित हैं, मांसपेशियों की शक्ति ख़राब है या गति की निष्क्रिय सीमा अच्छी नहीं है।



पुरुषों की एफ57 भाला फेंक स्पर्धा में हिस्सा लेते परवीन कुमार।

# अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में पहुंचे सिनर और इगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने क्रिस ओ कोनेल पर आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के बाद सिनर को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है और उन्होंने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए दो घंटे से भी कम समय में ओ कोनेल पर 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की।

अमेरिकी ओपन में 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। रूस के इस खिलाड़ी ने फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। उनका अगला मुकाबला नूनो बोर्जेस से होगा, जिन्होंने जैकब मेन्सिक को 6-7 (5), 6-1, 3-6, 7-6 (6), 6-0 से पराजित किया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। जैस्मीन पाओलिनी को भी यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-3, 6-4 से हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उनका अगला मुकाबला कैरोलिना मुचोवा से होगा। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला, ल्यूडमिला सैमसोनोवा, डायना श्नाइडर और कैरोलिन वोज्नियाकी भी आगे बढ़ने में सफल रही। वहीं, सिनर सोमवार को चौथे दौर में अमेरिका के टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। पॉल ने कनाडाई क्वालीफायर गेब्रियल डायलो को 6-7 (5), 6-3, 6-1, 7-6 (3) से हराया। अल्कराज को हराने वाले वैन डे जैंडस्चुल्प अपना विजय अभियान आगे नहीं बढ़ा पाए और उन्हें जैक ड्रेपर से 6-3, 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।


- जैस्मीन ने यूलिया को हराया, दानिल मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचे

मैच के दौरान शॉट खेलते दानिल मेदवेदेव।

### बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्दिला सुत्जियादी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 13 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को हराया। बोपन्ना और सुत्जियादी का अगला मुकाबला मैथ्यू एबडेन और बारबोरा क्रेजिकोवा की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी पहले ही पुरुष युगल के तीसरे दौर में पहुंच गई थी।

### हॉकी इंडिया देगी सीनियर कोर ग्रुप के खिलाड़ियों को नकद प्रोत्साहन

**लखनऊ।** हॉकी इंडिया ने सरकारी संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र (पीएसयू) के उपक्रमों में नौकरी नहीं हासिल करने वाले पुरुष और महिला सीनियर कोर ग्रुप के संभावित खिलाड़ियों को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की रविवार को घोषणा की। यह निर्णय यहां हॉकी इंडिया की एजीएम के दौरान लिया गया।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि यह फैसला महासंघ के संज्ञान में लाए जाने के बाद लिया गया कि संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह में शामिल किये गए कुछ नए खिलाड़ी बेरोजगार हैं। टिर्की ने कहा अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए पीएसयू और सरकारी विभागों द्वारा मान्यता मिलती है जो नौकरियां प्रदान करते हैं। अब बेरोजगार खिलाड़ियों को हर साल दो लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

### मुक्केबाजी: एशियाई संघ ने आईबीए के पक्ष में किया मतदान

**अल ऐन (यूएई)।** मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित आईबीए के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया।

भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन सहित कई देश शामिल थे। भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

## बॉलीवुड हलचल




### कपूर खानदान में एक्टिंग के लिए रोक नहीं थी : करिश्मा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर का कहना है कि कपूर खानदान में महिलाओं पर एक्टिंग करने पर रोक नहीं थी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के होमग्रोन डांस रियलिटी शो, इंडियाज बेस्ट डांसर- सीजन 4, के जजेस करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस, जाकिर खान के शो आपका अपना जाकिर में पहुंचे। शो में एक सेगमेंट के दौरान जाकिर खान ने करिश्मा से पूछा कि क्या कपूर फैमिली में महिलाओं के काम करने को लेकर रोक थी। क्या आपको एक्टिंग में करियर बनाने की परमिशन थी। करिश्मा कपूर ने जवाब में कहा ये सब बातें हैं कि मुझे परमिशन थी या नहीं थी। जब मेरी मम्मी की शादी हुई और नीतू आंटी की शादी हुई, उनकी च्वॉइस थी कि उनको घर बसाना था। बच्चे करने थे और करियर अच्छा हुआ था। उनकी च्वॉइस थी। उसी समय में शम्मी अंकल और शशि अंकल की पत्नियां जो थीं, गीता जी और जेनिफर आंटी उन्होंने काम किया शादी के बाद भी। तो ऐसी कोई बात नहीं है कि कपूर फैमिली में शादी के बाद काम नहीं कर सकते या कपूर लड़कियां काम नहीं कर सकती। ऐसा कुछ नहीं था। मेरी एक्टिंग में दिलचस्पी थी तो इसीलिए एक्टिंग में आई। वैसे ही करीना और रणबीर भी आए, लेकिन रिद्धिमा को एक्टिंग में दिलचस्पी नहीं थी तो इसीलिए उसने दूसरा करियर ऑप्शन चुना। किसी को भी अपना करियर चुनने पर रोक नहीं थी।

### सिनेमाघरों में फिर दिखेगा वीर जारा का जादू

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान और अभिनेत्री प्रीति जिंटा अभिनीत मशहूर फिल्म वीर जारा सिनेमाघरों में 13 सितंबर को दोबारा रिलीज हो रही है। दो दशक पहले यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। फिल्म में किंग खान ने भारतीय वायु सेना अधिकारी की भूमिका निभाई है जिसे जो एक पाकिस्तानी राजनेता की बेटी जारा यानी प्रीति जिंटा से प्यार हो जाता है। शरहद पार दो जोड़ों की प्रेम कहानी को 22 साल बाद एक पाकिस्तानी वकील (रानी मुखर्जी) सुलझाती हैं। इस फिल्म में सहायक कलाकारों में अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, दिव्या दत्ता, मनोज बाजपेयी, बोमन ईरानी, अनुपम खेर और किरण खेर भी शामिल हैं। इस फिल्म के आज भी लाखों लोग दीवाने हैं। फिल्म के साथ-साथ इसके सुपरहिट गाने दो पल रुका, तेरे लिए आज भी लोगों की पसंदीदा गानों की सूचि में शामिल हैं। आदित्य चोपड़ा ने इस रोमांटिक ड्रामा को 23 करोड़ के बजट में बनाया था। 2004 में आई इस फिल्म ने भारत में 41.86 करोड़ की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट घोषित रही। दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर इसने 97.64 करोड़ की कमाई की।






### दोबारा रिलीज होगी फिल्म तुम्बाड

मुंबई। अभिनेता सोहम शाह स्टारर वर्ष 2018 की बहुचर्चित फिल्म तुम्बाड 13 सितंबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म तुम्बाड के मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए तुम्बाड की रिलीज की घोषणा की। यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में वापसी करेगी। पोस्टर में विनायक राव (सोहम शाह द्वारा निभाया गया किरदार) को अपने छोटे बेटे के साथ हाथ में लालटेन लिए, भयावह रात में आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है।पोस्टर के साथ मेकर्स ने टैगलाइन दिया है, सिनेमाघरों में 13 सितंबर, 2024 को करें अनुभव। तुम्बाड ने एक काल्पनिक पौराणिक गांव में स्थापित हॉरर कहानी से दर्शकों की खूब प्रशंसा पाई। इस फिल्म का निर्देशन राही अनिल बर्वे ने किया है।

# मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला आज


लखनऊ पहुंची मोहन बागान टीम का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**मुख्यमंत्री कप**

- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 6:30 बजे शुरू होगा मुकाबला

**अमृत विचार:** मोहन बागान व ईस्ट बंगाल के बीच हाईवोल्टेज फुटबॉल मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मैदान में सोमवार की शाम को लखनऊ में यह ऐतिहासिक मैच मुख्यमंत्री कप के लिए खेला जायेगा। इस मुकाबले में खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। दूधिया रोशनी में होने वाले इस मुकाबले के लिए मोहन बागान की टीम रविवार की शाम लखनऊ पहुंची। ईस्ट बंगाल की टीम बीते शनिवार की शाम ही लखनऊ पहुंच गई थी।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी अवनीश सिंह और खेल निदेशक डॉ आरपी सिंह ने इस मुकाबले से जुड़ी तमाम जानकारियां दी। मुकाबले का शुभारंभ शाम छह बजे सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके बाद वे शहर के पांच स्कूलों के प्रतिनिधियों को फुटबॉल देंगे। यह पहल ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की ओर से की गई है। वहीं, ईस्ट बंगाल की टीम का आज का अभ्यास सत्र बारिश में धुल गया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### रूसी जासूस व्हेल नार्वे की जलसीमा में मृत मिली

**हेलसिंकी।** पहली बार रूसी जलक्षेत्र के पास नॉर्वे में उपकरण के साथ देखी गई ह्वाल्डिमिर नामक सफेद बेलुगा व्हेल मृत पाई गई है। उसके बारे में अफवाह थी कि वह रूस की जासूस हो सकती है। नॉर्वे के सरकारी प्रसारक एनआरके ने बताया कि व्हेल का शव शनिवार को दक्षिणी नॉर्वे के रिसाविका खाड़ी में मछली पकड़ रहे पिता और पुत्र को बहता दिखा। इस व्हेल का नाम नार्वेयाई भाषा के शब्द ह्वाल और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रथम नाम व्लादिमीर को मिलाकर रखा गया था। इस व्हेल के शव को क्रेन की मदद से पानी से बाहर निकाला गया और निकटवर्ती बंदरगाह पर ले जाया गया।

### जापान में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र से 180 किलोमीटर दूर स्थित शिजुओका में शानशान तूफान के कारण रविवार को मूसलाधार बारिश हुई। मौसम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि तूफान अभी कई दिनों तक बना रहेगा। स्थानीय सरकारों से आंकड़ें संकलित करने वाले जापानी सरकारी प्रसारणकर्ता एनएचके ने बताया कि शानशान तूफान के कारण अब तक कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से तीन लोग भूस्खलन में दबने के कारण मारे गए। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान के कारण शिजुओका और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश हुई।

### गाजा में बड़े पैमाने पर पोलियो रोधी टीकाकरण

**दीर अल-बलाह।** इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध से सबसे अधिक तबाह में हुई गाजा पट्टी में फिलिस्तीन के स्वास्थ्य प्राधिकारियों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने पोलियो रोधी टीकाकरण के लिए बड़े पैमाने पर रविवार को अभियान शुरू किया। अधिकारी मध्य गाजा में बुधवार तक बच्चों को टीका लगाएंगे और फिर वे उत्तरी तथा दक्षिणी हिस्सों में टीकाकरण अभियान संचालित करेंगे। स्वास्थ्यकर्मियों ने शनिवार को कुछ बच्चों को पोलियो रोधी टीका लगाकर अभियान शुरू किया था। लगभग 6,40,000 बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा है। दीर अल-बलाह और नुसेरात के अस्पतालों ने पुष्टि की कि पोलियो के खिलाफ रविवार को टीकाकरण अभियान शुरू हुआ।

### डोमिनिकन में ट्रक बार में जा घुसा, 11 की मौत

**सैन जुआन।** कैरेबियाई देश डोमिनिकन गणराज्य में एक ट्रक के बार में घुस जाने पर कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी अधिकारियों के हवाले से समाचार पत्र लिस्टिन डियारियो की एक खबर में कहा गया है कि दुर्घटना रविवार तड़के राजधानी सैंटो डोमिंगो के पश्चिम में स्थित अजुआ में हुई। यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है कि दुर्घटना किस वजह से हुई। घायलों में से ज्यादातर को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, उनकी हालत के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है।

### पीएमएल-एन ने पीटीआई संग वार्ता का विरोध किया

**इस्लामाबाद।** विपक्षी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता की खबरों के बीच, सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के साथ बातचीत का कड़ा विरोध किया है। योजना मंत्री अहसान इकबाल ने शनिवार को पीटीआई के साथ किसी भी तरह की बातचीत के लिए शर्त रखी कि पार्टी के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल नौ मई को कथित तौर पर हिंसा भड़काने के लिए माफी मांगें।

## भारतीयों के लिए कई उपायों की घोषणा की

**यूएई माफी कार्यक्रम**

- **विदेशियों को निवास स्थिति नियमित कराने या बिना दंड यूएई छोड़ने की अनुमति देती है योजना**

**दुबई, एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रविवार से शुरू होने वाली दो महीने की माफी योजना का लाभ उठाने में भारतीयों की मदद करने के लिए यहां स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कई उपायों की घोषणा की है। यह माफी योजना देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को निवास स्थिति को नियमित कराने या दंड के बिना यूएई को छोड़ने की अनुमति देती है।

माफी कार्यक्रम कई तरह के वीजा पर लागू होता है जिसमें निवास की अवधि का समाप्त होना और पर्यटक वीजा शामिल है। इसके अलावा इसके दायरे में बिना दस्तावेज के रह रहे लोग भी आते हैं। हालांकि, जिन लोगों ने देश में अवैध रूप से प्रवेश किया है उन्हें इस कार्यक्रम से बाहर रखा गया है। इस कार्यक्रम के तहत जो आवेदक भारत लौटने की इच्छा रखते हैं, वे आपातकालीन प्रमाणपत्र (ईसी) के लिए आवेदन कर सकते हैं और जो अपनी निवास स्थिति को नियमित कराने की इच्छा रखते हैं, वे अल्पकालीन-वैधता वाले पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं। दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शनिवार को एक बयान में कहा, आवेदक वाणिज्य दूतावास में ईसी के लिए निःशुल्क अनुरोध कर सकते हैं। वाणिज्य दूतावास में सुविधा काउंटर दो सितंबर से काम करने लगेंगे।

## फिलीपींस में तीन नए एमपॉक्स मामले

**मनीला।** फिलीपींस में मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) के तीन अतिरिक्त मामले सामने आए हैं, जिससे सक्रिय मामलों की कुल संख्या आठ हो गई है। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने रविवार को दी। फिलीपींस के स्वास्थ्य सचिव तियोदोरो हर्बोसा ने कहा कि तीन नए मामलों में मेट्रो मनीला के 29 और 34 वर्ष के पुरुष और दक्षिण मनीला के एक क्षेत्र का 29 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। डीओएच द्वारा पहले रिपोर्ट किए गए पांच एमपीओएक्स रोगियों की तरह, हर्बोसा ने कहा कि नए रोगियों में हल्का एमपीएक्सवी क्लैड II था। एमपॉक्स मामलों की नई पहचान के साथ, डीओएच के प्रवक्ता सहायक सचिव अल्बर्ट डोमिंगो ने कहा कि फिलीपींस में जुलाई 2022 से अब तक 17 मामले हो गए हैं। डोमिंगो ने कहा, 2023 से अब तक नौ मामले ठीक हो चुके हैं।

## उज्बेकिस्तान के मंच पर भारतीय धुनों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध

**समरकंद (उज्बेकिस्तान), एजेंसी**



मध्य एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महोत्सव, 13वें अंतर्राष्ट्रीय संगीत महोत्सव शर्क तारोनलाराई में गायिका शिबानी कश्यप के गानों पर यहां ऐतिहासिक रेगिस्तान स्क्वायर पर संगीत प्रेमियों ने बॉलीवुड की धुनों पर नृत्य किया। कश्यप संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव के समापन समारोह में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं।

शर्क तारोनालारी का अर्थ है पूर्व का मधुर संगीत। यह एक अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव है, जो विश्व की समृद्ध संगीत परंपराओं को प्रदर्शित करने और उनका उत्सव मनाने के लिए समर्पित है। वर्ष 1997 में शुरुआत के बाद से यह महोत्सव काफी समृद्ध हो चुका है। इस महोत्सव का पहली बार जब आयोजन हुआ था, तो 31 देशों के कलाकारों ने भाग लिया था। साल 2019 तक इसमें शामिल होने वाले देशों की संख्या बढ़कर 75 हो गई, जिससे इस आयोजन का वैश्विक महत्व रेखांकित हुआ। महोत्सव के 13वें संस्करण में 70 से अधिक देशों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिष्ठित रेगिस्तान स्क्वायर पर अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## राष्ट्रपति चुनाव में प्रेमदासा का समर्थन करेगा टीएनए

**कोलंबो।** श्रीलंका की मुख्य तमिल पार्टी तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) ने रविवार को कहा कि वह 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के मुख्य नेता साजिथ प्रेमदासा का समर्थन करेगी। टीएनए के प्रवक्ता एम.ए. सुमंथिरन ने पत्रकारों को बताया कि यह निर्णय टीएनए की मुख्य पार्टी इलंकाई तमिल अरासु कच्ची (आईटीएके) की केंद्रीय समिति की बैठक में किया गया। जानकारों के अनुसार, यह निर्णय कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि टीएनए ने 1999, 2005, 2010, 2015 और 2019 के राष्ट्रपति चुनाव में भी विपक्षी उम्मीदवार का समर्थन किया था। नवंबर 2019 के पिछले राष्ट्रपति चुनाव में, टीएनए ने तत्कालीन मुख्य प्रतिद्वंद्वी प्रेमदासा का समर्थन किया था।

## बांग्लादेश में 49 अल्पसंख्यक शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए किया मजबूर

### कई दिन तक जारी रही हिंसा में देश भर में अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ मारपीट हुई

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद से अब तक हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यक समुदायों के कम से कम 49 शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। अल्पसंख्यकों के एक संगठन ने यह जानकारी दी। समाचार पत्र द डेली स्टार की खबर के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र ओइक्या परिषद ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

संगठन के समन्वयक साजिब सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री हसीना के पद से हटने और उनके देश से जाने के बाद कई दिन तक जारी रही हिंसा में देश भर में अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ मारपीट की घटनाएं हुईं और उनमें से कम से कम 49 को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। रिपोर्ट में साजिब के हवाले से कहा गया कि बाद में उनमें से 19 को बहाल कर दिया गया। सरकार ने कहा कि इस अवधि के दौरान धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को हमलों, लूटपाट, महिलाओं पर हमले, मंदिरों में तोड़फोड़, घरों और व्यवसायों पर आगजनी और हत्याओं जैसी घटनाओं का भी सामना करना पड़ा।




### जल्द ही सुधारों की रूपरेखा पेश करेंगे अंतरिम नेता

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस सभी राजनीतिक दलों से परामर्श करने के बाद सत्ता हस्तांतरण सहित सुधारों को लेकर एक व्यापक रूपरेखा जल्द ही पेश करेंगे। नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने राजधानी स्थित राजकीय अतिथि गृह जमुना में जातीय पार्टी, गोनो फोरम, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) सहित 35 राजनीतिक दलों के साथ शनिवार को कई बैठकें कीं। बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) समाचार एजेंसी ने यूनुस के विशेष सहायक महफूज आलम के हवाले से कहा, मुख्य सलाहकार ने राजनीतिक दलों के साथ सुधारों एवं उनकी रूपरेखा पर बात की।

### लूटे हथियारों को तीन सितंबर तक लौटाने का आदेश

**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस ने रविवार को देश के लोगों को आदेश दिया कि वे हालिया हिंसा के दौरान पुलिस थानों से लूटे गए सभी हथियार और गोला-बारूद तीन सितंबर तक वापस कर दें। द डेली स्टार अखबार की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश में भड़की हिंसा के दौरान देशभर के थानों से हथियार लूटे गए थे। पुलिस मुख्यालय ने एक निर्देश में कहा कि पुलिस के लूटे गए हथियार और गोला-बारूद मंगलवार तक लौटा दिए जाएं। खबर में कहा गया कि शनिवार तक कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हालिया हिंसा के दौरान पुलिस थानों और कार्यालयों से लूटे गए विभिन्न प्रकार के कुल 3,872 हथियार बरामद किए। इसके अलावा, 2,86,216 कारतूस, आंसू गैस के 22,201 गोले और 2,139 ग्रेनेड भी बरामद किए गए हैं।

## अस्पताल पर हमले के विरोध में चिकित्सक हड़ताल पर गए

**ढाका।** ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में चिकित्सकों की कथित लापरवाही के कारण एक छात्र की मौत के बाद चिकित्साकर्मियों पर हुए हमले के विरोध में बांग्लादेश में सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में चिकित्सकों ने रविवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने हमले के दोषियों के खिलाफ तत्काल कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की, साथ ही काम पर लौटने की पूर्व शर्त के रूप में कार्यस्थलों पर सुरक्षा की भी मांग की। देश भर के चिकित्सकों ने चार सूत्री मांगों को लेकर एक सितंबर से सभी सार्वजनिक और निजी अस्पतालों को पूरी तरह बंद रखने की घोषणा की है। उनकी मांगों में शनिवार रात को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों पर हमले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी भी शामिल है। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने डीएमसीएच परिसर में मीडिया से कहा, जितनी जल्दी वे हमारी मांगें मान लेंगे, उतना ही बेहतर होगा। हमारी मांगें पूरी होते ही हम (मरीजों का) इलाज शुरू कर देंगे।

## चरमपंथियों के हमले में इजराइल के तीन पुलिस अधिकारियों की मौत

**यरूशलम।** वेस्ट बैंक में रविवार को एक वाहन पर फलस्तीनी चरमपंथियों की गोलीबारी में इजराइली पुलिस के तीन अधिकारियों की मौत हो गई। इजराइल ने वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। हमला दक्षिणी वेस्ट बैंक में एक सड़क पर हुआ। पुलिस ने मारे गए तीनों व्यक्तियों के अधिकारी होने की पुष्टि की और कहा कि हमलावर फरार हो गए। कहा कि मारे गए अधिकारियों में से एक रॉनी शकुरी (61) गाजा सीमा के निकट स्देरोत कस्बे के निवासी थे। रॉनी की पुलिस अधिकारी बेटी मोर सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के दौरान पहले ही मार दी गई थीं।

## गुटेरेस ने गाजा युद्ध समाप्ति का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को गाजा पट्टी में संघर्ष को समाप्त करने और राफा शहर के नीचे सुरंगों में छह बंधकों के शव पाए जाने के बाद हमास की कैद में बचे लोगों को रिहा करने का आह्वान किया। गुटेरेस ने एक्स पर लिखा, आज की दुखद खबर सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में युद्ध के दुःस्वप्न की समाप्ति को अनिवार्य बनाती है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने गाजा में हाल के दुखद घटना के बारे में शोक व्यक्त किया है और सभी बंदियों की बिना शर्त रिहाई तथा गाजा में युद्ध के दौर के अंत की मांग की है।

## गाजा में छह बंधकों के शव बरामद किए गए



- **नेतन्याहू ने बंधकों की हत्या पर दुख जताया और कहा कि इजराइल हमास को बख्शेगा नहीं**

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल ने रविवार को कहा कि उसने गाजा में एक युवा इजराइली-अमेरिकी समेत छह बंधकों के शव बरामद किए हैं। इजराइली-अमेरिकी युवक हेर्श गोल्डबर्ग-पोलिन के माता-पिता ने रविवार सुबह पुष्टि की कि गाजा पट्टी में उनके बेटे को बंधक बनाने वाले उग्रवादियों ने उसकी हत्या कर दी है।

सेना ने कहा कि आतंकवादियों ने इजराइली सैनिकों द्वारा बंधकों को बचा पाने से कुछ देर पहले ही उनकी हत्या कर दी। उनके शव मिलने के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन शुरू होने का खतरा पैदा हो गया, जिन पर बंधकों के कई परिवार और इजराइली जनता बंधकों को जीवित वापस लाने के लिए समझौता करने में नाकाम रहने का आरोप लगाती है। नेतन्याहू ने बंधकों की हत्या पर दुख जताया और कहा कि इजराइल उनकी हत्या के लिए हमास को बख्शेगा नहीं। उन्होंने कहा कि इन हत्याओं से साबित हो गया है कि आतंकवादी समूह संघर्षविराम समझौता नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि बंधकों की मौत की खबर सुनकर उनका दिल टूट गया है। नेतन्याहू ने कहा, जिन्होंने बंधकों की हत्या की है, वे कोई समझौता नहीं चाहते हैं।

### दो फिलिस्तीनियों की वेस्ट बैंक में हत्या

**रामल्लाह।** इजराइली सेना ने शनिवार को उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन में दो फिलिस्तीनियों की हत्या की, जबकि शहर में इजराइल का सैन्य अभियान चौथे दिन में प्रवेश कर गया। यह जानकारी फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने पीड़ितों की पहचान अमजद मुस्तफा इब्राहिम सालेह और मुहम्मद अमीन तलाल अब्दुल्ला के रूप में की है, लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी।

## रूस ने यूक्रेन के 150 से अधिक ड्रोन मार गिराए

- **यूक्रेन की ओर से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा**

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में यूक्रेन के 158 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से दो ड्रोन मॉस्को शहर में और नौ मॉस्को के आसपास के क्षेत्र में नष्ट किए गए। यूक्रेन की ओर से बीती रात किए गए ड्रोन हमलों को उसकी ओर से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है।

कुर्स्क क्षेत्र में 46 ड्रोन नष्ट किए गए, जहां यूक्रेन ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से रूसी सरजमीं पर सबसे बड़े आक्रमण के तहत हाल के सप्ताहों में अपने सैनिकों को भेजा है। चौतीस और ड्रोन ब्रायंस्क क्षेत्र में नष्ट किए गए, 28 से अधिक ड्रोन वोरोनेझ क्षेत्र तथा 14 ड्रोन बेलगोरोद क्षेत्र में नष्ट किए गए, जिनकी सीमा यूक्रेन से लगती है। रूस के अंदरुनी क्षेत्र में भी ड्रोन नष्ट किए गए, जिनमें से एक-एक ड्रोन उत्तर-पश्चिमी मॉस्को के त्वेर क्षेत्र तथा उत्तर-पूर्वी मॉस्को के इवानोवो क्षेत्र में नष्ट किया गया। यूक्रेन के इन ड्रोन हमलों से अब लड़ाई अग्रिम मोर्चे से रूस की राजधानी तक भी पहुंच गई है। इस साल की शुरुआत से ही यूक्रेन ने रूसी जमीन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं और उसकी रिफाइनरी तथा तेल केंद्रों को निशाना बनाया है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, यूक्रेन में रूस की ओर से छोड़े गए 11 में से आठ ड्रोन नष्ट कर दिए गए।

## पोप फ्रांसिस आज से चार देशों का दौरा करेंगे

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस दो से 13 सितंबर तक इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी, ईस्ट तिमोर और सिंगापुर की यात्रा करेंगे। इंडोनेशिया में फ्रांसिस के ईसाई-मुस्लिम संबंधों को बेहतर बनाने पर जोर देने की संभावना है। पापुआ न्यू गिनी में, फ्रांसिस पर्यावरणीय खतरों के साथ ही वहां के अनुमानित एक करोड़ लोगों की विविधता की ओर भी इशारा करेंगे, जो लगभग 800 भाषाएं बोलते हैं, लेकिन जनजातीय संघर्षों से प्रभावित हैं। फ्रांसिस की सिंगापुर यात्रा उन्हें चीन तक पहुंचने का एक और अवसर प्रदान करेगी। ईस्ट तिमोर 2002 में एक स्वतंत्र देश के रूप में सामने आया, लेकिन अभी भी उस कब्जे के आघात और जख्मों को झेल रहा है।

## रूस में लापता हेलीकॉप्टर में सवार 17 लोगों के शव मिले, मलबे का पता चला

- **आपातकालीन मंत्रालय ने कहा- शेष लोगों की तलाश में जुटे**
- **एमआई-आठ हेलीकॉप्टर ने शनिवार को उड़ान भरी थी**

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस के सुदूर पूर्व में लापता हेलीकॉप्टर पर सवार 22 लोगों में से 17 के शव बरामद कर लिए गए हैं। रूस के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हेलीकॉप्टर के मलबे का भी पता लगा लिया गया है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि 17 लोगों के शव पाए गए हैं और बचावकर्मी शेष लोगों की तलाश में जुटे हैं।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने आपातकालीन मंत्रालय के हवाले से कहा कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो जाने की आशंका है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, हवाई सर्वेक्षण करके लापता हेलीकॉप्टर के मलबे का पता लगाया गया है। यह उस स्थान के निकट 900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां से इससे आखिरी बार संपर्क हुआ था। इसके पहले एक बयान में कहा था कि एमआई-आठ हेलीकॉप्टर ने शनिवार को कामचटका क्षेत्र में वाचकाज़ेट्स ज्वालामुखी के करीब उड़ान भरी, लेकिन निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचा। कहा गया है कि उसका मानना है कि विमान में 19 यात्री और चालक दल के तीन सदस्य थे।

### ओरेगन में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**पोर्टलैंड।** पोर्टलैंड के पूर्वी इलाके में शनिवार सुबह एक छोटे विमान के कई मकानों से टकरा जाने से उनमें आग लग गई और तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने इससे पहले बताया था कि विमान में दो लोग सवार थे और कम से कम एक निवासी लापता है। पोर्टलैंड में केजीडब्ल्यू-टीवी द्वारा प्रसारित तस्वीरों और वीडियो में एक मकान में आग लगी हुई दिखाई दे रही है, जबकि आसपास के घरों से काला धुआं निकलता नजर आ रहा है। ग्रेशम के दमकल विभाग के प्रमुख स्कॉट लुइस ने बताया कि आग कम से कम चार मकानों में फैल गई, जिसके कारण छह परिवार विस्थापित हो गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दो लोगों का इलाज किया गया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये लोग कैसे घायल हुए और उनकी चोटें कितनी गंभीर हैं।

## अपहृत सैन्य अधिकारी व तीन अन्य को मुक्त किया: पाकिस्तानी सेना

**डेरा इस्माइल खान।** आतंकवादियों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का गढ़ रह चुके डेरा इस्माइल खान से तीन दिन पहले अपहृत एक सैन्य अधिकारी सहित चार लोगों को शनिवार को मुक्त कर दिया। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि आतंकवादियों ने लेफ्टिनेंट कर्नल खालिद अमीर को बुधवार को उस समय अगवा कर लिया था, जब वह अपने पिता के जनाजे में शामिल लोगों का मस्जिद में इंतजार कर रहे थे। सेना ने एक बयान में कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल खालिद और उनके तीन रिश्तेदारों की बिना शर्त रिहाई कबायली बुजुर्गों के दखल के कारण मुमकिन हो पाई और चारों अपहृत लोग सुरक्षित अपने घर लौट गए हैं।

## बच्चों में गैर संचारी रोग से बचाव की योजना बनाई

- **विशेषज्ञ बोले- गैर-संचारी रोगों को लक्षित करते हुए अतिरिक्त दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे**
- **पर्यावरण क्षरण, जलवायु परिवर्तन और गैर-संचारी रोगों के बीच अंतर्संबंध के मुद्दे पर जोर**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए काम करने वाले संयुक्त राष्ट्र के संगठन यूनिसेफ ने बच्चों में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) को लेकर बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए सरकार से सहयोग करने की योजना बनाई है। भारत में यूनीसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. विवेक वीरेंद्र सिंह ने यह जानकारी दी। सिंह ने पर्यावरण क्षरण, जलवायु परिवर्तन और बच्चों में गैर-संचारी रोगों के बीच अंतर्संबंध के मुद्दे को तत्काल देखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने कहा कि सरकार विशेष रूप से बच्चों में गैर-संचारी रोगों को लक्षित करते हुए अतिरिक्त दिशा-निर्देश तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ इन दिशा-निर्देशों को भारत के सभी राज्यों में प्रभावी रूप से प्रसारित करने के लिए सरकार को सहयोग देने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि इन दिशानिर्देशों से बच्चों में एनसीडी की रोकथाम और प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर 800 से अधिक एनसीडी क्लीनिक और उप-जिला स्तर पर 2,000 से अधिक एनसीडी क्लीनिक के भारत के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास सेवा) कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल भारत की स्वास्थ्य रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है क्योंकि पिछले साल गैर-संचारी रोगों के लिए संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम में बाल चिकित्सा देखभाल को शामिल करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। सिंह ने कहा कि 2023 में, भारत ने गैर-संचारी रोगों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए अपने परिचालन दिशानिर्देशों को अद्यतन किया और एनसीडी को शामिल करने के लिए दायरे को व्यापक बनाया जो शुरू में कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप पर केंद्रित था। सिंह ने बचपन में होने वाले टाइप-एक मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण और सार्वभौमिक देखभाल सुनिश्चित करने की बढ़ती आवश्यकता पर भी चर्चा की। बच्चों में टाइप-एक मधुमेह एक आनुवंशिक बीमारी है, लेकिन कई अनुसंधानकर्ताओं ने पर्यावरण में भारी धातु विषाक्तता और मधुमेह जैसे अंतःस्रावी विकारों में वृद्धि की आंशकाओं को हालिया साक्ष्यों से उजागर किया है।

## इराक में आईएस की बमबारी में दो लोगों की मौत

**बगदाद।** बगदाद के उत्तर में स्थित सलाहुद्दीन प्रांत में शनिवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह की बमबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। यह विस्फोट सलाहुद्दीन प्रांत की एक रेगिस्तानी सड़क पर यात्रा कर रही एक नागरिक कार के पास हुआ। सलाहुद्दीन पुलिस कमांड मीडिया कार्यालय के मोहम्मद अल-बाज़ी के अनुसार विस्फोट में कार नष्ट हो गई तथा इसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। 2017 में आईएस की हार के बाद से सुरक्षा में सुधार के बावजूद, समूह के बचे हुए सदस्य इराक में गुरिल्ला हमला करते रहते हैं।

## ट्रंप ने पवित्र भूमि का अपमान किया : हैरिस

- **बोलीं- ट्रंप का अर्लिंग्टन नेशनल सेमेट्री जाना राजनीतिक स्टंट**

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अर्लिंग्टन नेशनल सेमेट्री की अपनी हालिया यात्रा के दौरान इस पवित्र भूमि का अपमान किया। ट्रंप ने अर्लिंग्टन नेशनल सेमेट्री में चुनाव प्रचार गतिविधियों पर संघीय प्रतिबंध लागू होने के बावजूद वहां तस्वीरें खिंचवाईं और उन्हें प्रकाशित करवाया।

हैरिस ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में उन खबरों का हवाला दिया, जिनमें दावा किया गया है कि ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान दल से जुड़े लोगों ने कब्रिस्तान के एक कर्मचारी के साथ झगड़ा किया और अगफान युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिकों के स्मारक से जुड़े नियमों के बारे में याद दिलाए जाने के बावजूद कब्र के पास ट्रंप की तस्वीरें लीं तथा वीडियो रिकॉर्ड किए। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, मैं स्पष्ट कर दूं कि पूर्व राष्ट्रपति ने राजनीतिक लाभ के लिए पवित्र भूमि का अपमान किया है। हैरिस ने कहा कि आर्लिंगटन एक पवित्र स्थान है, जहां लोग वीर अमेरिकी सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने आते हैं, यह राजनीतिक स्टंट करने का स्थान नहीं है। उन्होंने कहा, वह (ट्रंप) एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपना फायदा देखने के अलावा कुछ भी समझने में असमर्थ हैं...।

### गाजा वार्ता पक्ष सैद्धांतिक रूप से सहमत : बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि गाजा युद्धविराम वार्ता में भाग लेने वाले मौलिक समझौते पर पहुंच गए हैं। बाइडेन ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमें लगता है कि समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है। उन सभी ने कहा है कि वे सिद्धांतों पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि वह वार्ता के इस चरण में प्रगति के बारे में आशावान हैं। बाइडेन के मुताबिक, पार्टियां एक समझौते पर पहुंचने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि यह युद्ध समाप्त हो जाए।